आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.47
सूर्यास्त 06.10

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी 11:10 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

रविवार, 22 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 326, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




■ राहुल भिवंडी की अदालत में पेश हुए सपकाल को नया जमानतदार बनाया- 12



■ कारपोरेट सामाजिक दायित्व को राष्ट्र निर्माण की पूंजी बनाने की जरूरत : सीपी राधाकृष्णन - 12



■ सर्वसम्मति पर आधारित होगा हिंद महासागर में संयुक्त समुद्री तंत्र - 13



■ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तिलक और सूर्यकुमार को संभालना होगा मोर्चा - 14

# ट्रंप ने 24 घंटे के भीतर ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% किया

● राष्ट्रपति बोले- भारत से ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% करने का ऐलान किया है। उन्होंने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार रात सभी देशों पर 10% टैरिफ लगाने की बात कही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्यापक शुल्क आदेशों को उच्चतम न्यायालय की तरफ से रद्द कर दिए जाने के बाद नया वैश्विक शुल्क लगाने की घोषणा की है। अब भारत को अब पहले के 25 प्रतिशत के बजाय केवल 15 प्रतिशत के जवाबी सीमा शुल्क का ही सामना करना होगा।



ट्रंप की इस घोषणा के मुताबिक, यह अस्थायी आयात शुल्क 15 प्रतिशत का होगा। आयात शुल्क वह कर है जो कोई देश अन्य देशों से आयात की गई वस्तुओं पर लगाता है। आयातक को यह शुल्क सरकार को चुकाना होता है। आमतौर पर कंपनियां यह शुल्क अंतिम उपयोगकर्ता या उपभोक्ता पर डाल देती हैं। इस वजह से आयातित वस्तुएं उस देश में महंगी हो जाती हैं। जहां तक जवाबी शुल्क का सवाल है तो इस कर को अमेरिका ने पहली बार लगाया था। अप्रैल, 2025 में अमेरिका ने भारत सहित लगभग 60 देशों पर यह शुल्क लगाया था, ताकि अमेरिकी निर्यातकों को समान अवसर मिल सके। उदाहरण के लिए, यदि कोई देश अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उस देश की वस्तुओं पर उतना ही शुल्क लगाएगा। यह मौजूदा शुल्कों के अतिरिक्त लगाया जाता है। भारत के संदर्भ में अमेरिका ने अप्रैल, 2025 में 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। जुलाई में यह 25 प्रतिशत कर दिया गया और अगस्त में रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगाया गया। इस तरह भारतीय उत्पादों पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया।

फरवरी की शुरुआत में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनने के बाद अमेरिका ने कहा कि भारत पर यह शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा और अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क हटा दिया जाएगा। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगी।

### भारतीय मूल के वकील नील ने अवैध टैरिफ के खिलाफ दलील दे पलटा ट्रंप का खेल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापक प्रभाव वाले वैश्विक टैरिफ को निरस्त करने संबंधी ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल के वकील नील कात्याल हैं, जिन्होंने अमेरिका की शीर्ष अदालत में इन शुल्कों की अवैधता के खिलाफ दलील दी। भारतीय प्रवासी के पुत्र और राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में पूर्व अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल रहे नील कात्याल ने छोटे व्यवसायों की ओर से इस महत्वपूर्ण टैरिफ मामले में बहस की और जीत हासिल की। फैसला आने के तुरंत बाद कात्याल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, विजय। कात्याल ने एक साक्षात्कार में कहा, आज जो कुछ हुआ है वह अमेरिकी प्रणाली में बेहद खास है। मैं प्रवासी माता-पिता का बेटा हूं, मैं अदालत में गया और अमेरिका के छोटे व्यवसायों की ओर से यह दलील दी, देखिए, राष्ट्रपति अवैध तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अपना पक्ष रखने में सक्षम था, उन्होंने मुझसे बेहद कठिन सवाल पूछे। यह बहुत ही तीखी और गहन मौखिक बहस थी, और अंत में उन्होंने मतदान किया और हम जीत गए। उन्होंने आगे कहा, इस देश की यही बात असाधारण है। हमारे पास एक ऐसी व्यवस्था है जो स्वयं को सुधारती है, जो हमें यह कहने की अनुमति देती है कि आप दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हो सकते हैं, लेकिन फिर भी आप संविधान का उल्लंघन नहीं कर सकते। कात्याल का जन्म शिकागो में चिकित्सक मां और अभियंता पिता के घर 1970 में हुआ था। उनके माता पिता भारत से यहां आये थे।




अमृत विचार
लोक दर्पण
त्योहार में मनमुटाव दूर कर लगाएं अपनों को गले
रंगों के साथ रिश्तों को भी जोड़ें

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, त्योहार में मनमुटाव दूर कर लगाएं अपनों को गले व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

☞ www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### अंतर्राज्यीय नशा तस्करी गिरोह के 5 सदस्य पकड़े सभी बदायूं के रहने वाले

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में स्मैक की आपूर्ति करने वाले एक अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह से जुड़े पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से लगभग 60 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। मुख्य आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी अमीन खान (24) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान खान ने खुलासा किया कि वह बदायूं के आपूर्तिकर्ताओं से स्मैक खरीदता था। इसके बाद पुलिस ने बदायूं से उसके दो आपूर्तिकर्ताओं राशिद (38) और बलबीर (34) को गिरफ्तार किया। खान के कॉल रिकॉर्ड की जांच के बाद उसके दो स्थानीय सहयोगियों आसिफ (27) और इकरार (42) का पता चला और गिरफ्तार कर लिया गया।

### नवजात की तस्करी वाले गिरोह का भंडाफोड़ पंजाब से दो गिरफ्तार

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने गोद लेने की सुविधा प्रदान करने के बहाने नवजात शिशुओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पंजाब से दो लोगों को गिरफ्तार किया है तथा एक अन्य को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि अभियान के कांगड़ा पुलिस की एक टीम ने एक नाबालिग को भी बचाया। देहरा के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि रोहित राणा ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि दीपक आनंद नामक व्यक्ति ने नवजात शिशु को गोद दिलाने के बहाने उससे 23,500 रुपये की धोखाधड़ी की है। मामले में तत्काल प्राथमिकी दर्ज की गई।

# भारत-ब्राजील रिश्तों को नई मजबूती 20 अरब डॉलर का व्यापार समझौता

## प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के बीच खनिज, सुरक्षा को लेकर हुई वार्ता

● मोदी बोले- लातिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है ब्राजील

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा शनिवार को व्यापक वार्ता की। दोनों देशों ने अगले पांच वर्ष में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया तथा महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने रक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा एवं डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना सहित कई अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने का भी संकल्प लिया, और साथ ही अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति से निपटने के लिए भारत-ब्राजील के बीच गहन रणनीतिक जुड़ाव पर जोर दिया।

मोदी ने कहा, भारत और ब्राजील इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद और उसके समर्थक मानवता के दुश्मन हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। राष्ट्रपति लूला पांच दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। उनकी यह यात्रा 18 फरवरी से शुरू हुई थी जिसका मुख्य उद्देश्य 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेना और मोदी के साथ वार्ता करना है। वर्ष 2024-25 में भारत-ब्राजील व्यापार 12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें भारतीय निर्यात 6.77 अरब अमेरिकी डॉलर और ब्राजील से आयात 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। मोदी ने कहा कि जब भारत-ब्राजील मिलकर काम करते हैं, तो 'ग्लोबल साउथ' की आवाज मजबूत होती है।



नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

### राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमलों की निंदा की

वहीं, लूला ने अपनी टिप्पणियों में पहलगाम में हुई आतंकी हमलों की निंदा की और कहा कि आतंकवाद को किसी भी धर्म या राष्ट्रीयता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अशांत वैश्विक माहौल के लिए भारत और ब्राजील को अपने रणनीतिक संबंधों को गहरा करने की आवश्यकता है तथा दोनों शक्तियों के बीच संवाद सर्वोत्तम स्तर की बातचीत है। उन्होंने कहा, हम सिर्फ 'ग्लोबल साउथ' के दो सबसे बड़े लोकतंत्र ही नहीं हैं। यह एक डिजिटल महाशक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा महाशक्ति का मिलन है। हम दोनों ही अत्यधिक विविधता वाले देश हैं और हम दोनों ही बहुपक्षवाद एवं शांति के समर्थक हैं।

### विकसित भारत के लिए 'मेड इन इंडिया' चिप अत्यंत महत्वपूर्ण : मोदी

**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म-निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम 'इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति श्रृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं।

(विस्तृत कारोबार पेज पर)

# योगी ने अन्नदाताओं के खाते में 460 करोड़ किए ट्रांसफर



लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में किसान को चेक प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी।

● 2.51 लाख किसानों को 285 करोड़ की बीमा राहत, 3500 परिवारों को 175 करोड़ सहायता

● पांच शहरों में लगेंगे डॉप्लर वेदर राडार, आपदा मित्रों को पांच लाख का बीमा कवर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (खरीफ-2025) के तहत 2.51 लाख अन्नदाता किसानों को 285 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि वितरित की। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 3500 लाभार्थी परिवारों को 175 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। एक बटन दबाकर कुल 460 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर किए गए।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि डबल इंजन सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों के खातों में राशि हर हाल में अगले 24 घंटे में पहुंच जानी चाहिए। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी मौजूद रहे।

**2026-27 बजट का लाभ सीधे खातों में :** सीएम योगी ने कहा कि हाल ही में पारित 2026-27 के बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए कई योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों के खातों में पहुंचे।

**फसल बीमा से 2.51 लाख किसानों को संबल :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सूखा और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल बीमा संकट की घड़ी में सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। गत 16 जून 2025 को भी 11,690 किसानों और आश्रितों को 561.86 करोड़ वितरित किए गए थे।

**पांच शहरों में डॉप्लर वेदर राडार :** मुख्यमंत्री ने बताया कि लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, झांसी व आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर राडार लगाए जाएंगे। इससे मौसम पूर्वानुमान के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावित जगह की सटीक जानकारी मिल सकेगी। प्रदेश में 450 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन और 2000 ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

**कई परियोजनाओं का शिलान्यास :** सीएम ने बागपत, शामली, कासगंज और भदोही में उप कृषि निदेशक कार्यालय व मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं, झांसी के मऊरानीपुर में 50 शैय्या छात्रावास तथा लखनऊ में स्मार्ट कृषि ब्यूरो स्टूडियो इकाई का शिलान्यास भी किया।

### दुर्घटना में मौत पर पांच लाख की सहायता

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत अब किसान के साथ-साथ उसके परिवार के सदस्य, बटाईदार और सह किसान भी कवर किए जा रहे हैं। दुर्घटना में मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये की सहायता दी जाती है। अब तक इस योजना में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए जा चुके हैं।

### आपदा के 24 घंटे में राहत पहुंचाने का लक्ष्य

सीएम योगी ने कहा कि पहले आपदा पीड़ितों को वर्षों तक मुआवजा नहीं मिलता था, लेकिन अब सरकार का लक्ष्य है कि बाढ़, आकाशीय बिजली या आगजनी जैसी घटनाओं में 24 घंटे के भीतर सहायता राशि खातों में पहुंच जाए। राज्य आपदा मोचक निधि में 2025-26 के लिए 876 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। फसल क्षति से प्रभावित 5.14 लाख किसानों को 260 करोड़, जनहानि के 5398 मामलों में 216 करोड़ और मकान क्षति के 27,448 मामलों में 24 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश

● यौन शोषण मामले में एडीजे (पॉक्सो एक्ट) ने दिया आदेश

प्रयागराज, एजेंसी

प्रयागराज की एक विशेष अदालत ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) विनोद कुमार चौरसिया ने पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज कर विधिवत विवेचना करने के निर्देश दिए हैं।

अदालत के आदेश के बाद झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यह अर्जी शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत दाखिल की गई थी। आरोप है कि संबंधित आश्रम में नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण हुआ। आवेदक ने अदालत में कथित साक्ष्य के रूप में सीडी भी प्रस्तुत करने का दावा किया है। गौरतलब है कि 13 फरवरी को आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों के बयान अदालत में वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे।

### हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है, सच्चाई जल्द सबके सामने आएगी

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। प्रयागराज के पाक्सो अदालत ने शंकराचार्य और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। शंकराचार्य ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मेरे खिलाफ फर्जी केस दर्ज कराया गया है। हम मुकदमे का सामना करेंगे। आरोप लगाने वाले खुद हिस्ट्रीशीटर हैं। हमारी न्यायपालिका और सच्चाई पर पूरा भरोसा है।



### आतंकी खतरा: प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की बढ़ाई सुरक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आतंकी खतरे की आशंका संबंधी खुफिया जानकारी मिलने के बाद शनिवार को लाल किले के आसपास के इलाके और चांदनी चौक के कुछ हिस्से सहित राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया था कि पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटीटी) ने कथित तौर पर भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को हमले वाले स्थानों की सूची में रखा है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने लाल किले के पास संभावित विस्फोट के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है, जो प्रमुख पर्यटन स्थल और उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र है। सूत्रों ने बताया कि ऐसी खुफिया सूचना है कि चांदनी चौक स्थित एक मंदिर को भी निशाना बनाया जा सकता है।

# पांच साल में न सिर्फ मतदाता सूची से देश से भी निकाल देंगे घुसपैठिए : शाह

गुवाहाटी, एजेंसी

● केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा- कांग्रेस ऐसा नहीं कर सकती क्योंकि अवैध प्रवासी उसका वोट बैंक



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को जोर दिया कि अगर भारत नक्सलियों से मुक्त हो सकता है, तो वह घुसपैठियों से भी मुक्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में अवैध प्रवासियों को न केवल मतदाता सूची से बल्कि देश से भी निकाल दिया जाएगा।

शाह असम पुलिस की 10वीं बटालियन के नए परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बटालियन के बारे में उन्होंने कहा कि इसका निर्माण घुसपैठियों के अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर किया जाएगा।

उन्होंने कहा, अतिक्रमण की गई जमीनों से घुसपैठियों को निकालना ही काफी नहीं है, उन्हें भारत से बाहर भी भेजना होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता ने एक बार कहा था कि घुसपैठियों को बाहर निकाल दिया जाएगा, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं कर सकती क्योंकि अवैध प्रवासी उसका वोट बैंक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों को संरक्षण देने की कांग्रेस की नीति ने असम को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस घुसपैठियों से छुटकारा पाने के लिए प्रतिबद्ध है, तो मैं राहुल गांधी को चुनौती देता हूं कि वे इसे अपने घोषणापत्र में शामिल करें। शाह ने कहा कि अगले पांच वर्षों में असम पूर्व और पूर्वोत्तर भारत का औद्योगिक केंद्र बन जाएगा। असम विधानसभा की 126 सीटों के लिए चुनाव मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है।

**बढ़ते कदम** | केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- दुनिया भर के देशों ने 'सभी के कल्याण और सभी की खुशी' के सिद्धांतों को मान्यता दी

# भारत के विजन पर 88 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

● हस्ताक्षर करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन डेनमार्क और जर्मनी भी शामिल



राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के घोषणापत्र पर कुल 88 देशों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क और जर्मनी भी शामिल हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रभावों पर आयोजित शिखर सम्मेलन को मिले वैश्विक समर्थन को दर्शाता है। इस घोषणा का मूल सिद्धांत 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी 'सबके कल्याण के लिए, सबकी खुशी के लिए है। वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के मानव-केंद्रित एआई की दृष्टि को वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया गया है। एआई संसाधनों, सेवाओं और प्रौद्योगिकी को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का लक्ष्य सभी देशों ने स्वीकार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि के साथ सामाजिक भलाई को संतुलित करने को प्राथमिकता दी जा रही है। वैष्णव ने कहा, सिर्फ आर्थिक वृद्धि ही नहीं, सामाजिक सामंजस्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। सुरक्षा और भरोसा इस योजना के केंद्र में हैं और इन्हें मुख्य बिंदुओं में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार और मानव संसाधन के विकास पर भी जोर दिया गया है। वैष्णव ने कहा, इन सभी क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर सभी देशों ने सहमति जताई है। एआई इंपैक्ट समिट में केवल एआई से संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए 250 अरब डॉलर से अधिक का निवेश सुनिश्चित किया गया।

### घोषणा को समर्थन में यह देश

इस घोषणा का 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन किया है। इनमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भूटान, ब्राजील, कनाडा, डेनमार्क, एस्टोनिया, इथियोपिया, जापान, इटली, इजराइल और आयरलैंड शामिल हैं। समर्थन देने वाले अन्य देशों में इंडोनेशिया, ईरान, हंगरी, यूनान, जर्मनी, फिनलैंड, मेक्सिको, म्यांमार, नेपाल, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, ओमान, फिलीपींस, पेरू, रोमानिया, रवांडा, सेनेगल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, स्पेन, श्रीलंका, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, तंजानिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यूक्रेन शामिल हैं। इसके अलावा यूरोपीय संघ (ईयू) और अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के रूप में दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी इस घोषणा का समर्थन किया है।

## आवास आवंटन में पारदर्शिता बनेगा चुनौती

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की गोविंदपुरम आवासीय योजना फेज-एक लांच हो चुकी है। अब आवंटन में पारदर्शिता की चुनौती है। कई बार नियमों की अनदेखी व उदासीनता से लोग कदम पीछे खींच लेते हैं। ऐसे में प्राधिकरण के अधिकारियों को विशेष ख्याल रखना होगा। प्राधिकरण द्वारा लगभग 67 एकड़ (271552 वर्गमीटर) भूमि पर गोविंदपुरम आवासीय योजना को लांच कर दिया गया है। प्रथम चरण की लागत लगभग 580 करोड़ रुपये है। जिसमें 477 आवासीय भूखंडों का दाम अलग-अलग है। आवंटन कराने वालों को अत्याधुनिक सुविधाएं देने का वादा किया गया है। अब इसे धरातल पर उतारने के लिए ठोस पहल की जरूरत है। क्योंकि प्राधिकरण की कई योजनाएं पहले भी दम तोड़ चुकी हैं। हालांकि इस योजना में 20 मार्च तक पंजीकरण कराया जा सकता है। अधिकारियों का कहना है कि नियमों के अनुसार आवंटन कराया जाएगा।

# बेटी की शादी की दावत न देने पर रिश्तेदारों ने पिता को पीटा

## छत से किया पथराव, दोनों ओर से दो घायल अस्पताल में भर्ती

**कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद**

- पुलिस ने दोनों पक्षों को बलपूर्वक काबू किया
- बुर्जुगों ने पंचायत कर दोनों पक्षों का समझौता कराया

**अमृत विचार :** थाना नागफनी क्षेत्र के छड़ियों वाले मैदान में बेटी की शादी की दावत न देने पर रिश्तेदारों ने बेटी के पिता से जमकर मारपीट की, बात बढ़ने पर पथराव शुरू कर दिया। जिसमें बेटी का पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। पथराव में दोनों ओर से दो लोग घायल हुए है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को बलपूर्वक काबू किया।

छड़ियों वाले मैदान नबाबपुर निवासी रामचंद्र प्रजापति की बेटी की शादी शुक्रवार को थी। किसी बात के चलते रामचंद्र ने अपने रिश्ते के भाइयों अरुण, शिवम, गौरव व हितेश पुत्र सुरेश को दावत नहीं दी। शादी की दावत न मिलने से गुस्साए चारों रिश्तेदारों ने बरात से पहले रामचंद्र पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान रामचंद्र के परिजन बीच-बचाव करने पहुंचे तो अरुण, गौरव व शिवम ने मकान की छत पर चढ़कर पथराव शुरू कर दिया। जिससे मौके पर अफरा तफरी फैल गई। इससे रामचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरी ओर से शिवम भी चोटिल हुआ। ग्रामीणों ने हालात बिगड़ते देखकर पथराव और मारपीट की सूचना थाना नागफनी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पथराव करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ लिया।

थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने लाया गया। तहरीर मिलने के बाद मामला दर्ज करने की बात पर दोनों पक्षों की ओर से आए बुर्जुगों ने पंचायत कर समझौता करा दिया। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# गैंगरेप मामले में दो आरोपियों को 20 साल की सजा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**


आरोपी नवेद।


आरोपी अब्दुल हसन।

- कोर्ट ने दोनों आरोपियों पर 50-50 हजार लगाया जुर्माना

**अमृत विचार :** रामपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी, सशक्त विवेचना एवं सतत मॉनिटरिंग के तहत गैंगरेप जैसे जघन्य अपराध के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 50-50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

12 सितंबर 2019 को महिला ने बेटी के साथ गैंगरेप करने, वीडियो फिल्म बनाने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में 25 सितंबर 2019 को थाना कोतवाली मुकदमा दर्ज कराया था। इनमें आरोपी नावेद निवासी ग्राम अलीगंज बेनजीर, थाना कोतवाली, और अब्दुल हसन निवासी ग्राम देवीपुरा थाना बिलासपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक सीओ सत्यजीत गुप्ता ने घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित एवं निष्पक्ष विवेचना संपादित कर आरोप पत्र न्यायालय दाखिल किया। मॉनिटरिंग सेल द्वारा प्रकरण की निरंतर समीक्षा करते हुए अभियोजन की कार्यवाही को समयबद्ध, सशक्त एवं प्रभावी ढंग से कराई। न्यायालय द्वारा आरोप पत्र पर संज्ञान लिया गया। शनिवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट, रामपुर द्वारा दोनों आरोपियों को 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया। साथ ही दोनों आरोपी पर 50-50 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया। वहीं 67 आईटी एक्ट, एस-एसटी एक्ट में दोषमुक्त किया गया।

## नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म के आरोप में मां व झाड़ फूंक करने वाला गिरफ्तार



**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पाकबड़ा थाने की पुलिस ने नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 20 फरवरी को एक महिला ने दो नाबालिग पोतियों के साथ दुष्कर्म व यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि आरोपी मां और झाड़फूंक करने वाले महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गुरैठा, थाना पाकबड़ा को पुलिस ने दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के आरोप में पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि उसके और बच्चियों की मां के बीच पुराने संबंध थे। महेंद्र झाड़-फूंक करता है। जनवरी में झाड़-फूंक के बहाने एक खेत में पीड़ित नाबालिग बच्चियों को उनकी मां लाई थी। 19 फरवरी को दोबारा उनकी मां लाने के लिए दबाव बना रही थी। जिससे घबराकर बच्चियों ने अपने दादा दादी से शिकायत की, जिस पर दादा ने पाकबड़ा पुलिस को आरोपी मां और महेंद्र के खिलाफ तहरीर दी थी।

# महिला होमगार्ड ने लगाया भेदभाव का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- महिला होमगार्ड ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व जिला कमांडेंट होमगार्ड को दिया प्रार्थना पत्र

**अमृत विचार :** महिला होमगार्ड ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व जिला कमांडेंट होमगार्ड को प्रार्थना पत्र देकर महिला होमगार्ड और महिला थाने की सिपाही पर भेदभाव और वर्दी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

शनिवार को होमगार्ड रुखसार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर साथी होमगार्ड और महिला थाने की एक सिपाही पर भेदभाव का आरोप लगाया। ड्यूटी लगाने में भेदभाव करने के आरोप के साथ 28 जनवरी को संबंधित होमगार्ड के विरुद्ध शिकायत कंपनी कमांडेंट को देने की बात कही है। आरोप है कि शिकायत की जानकारी मिलने के बाद महिला थाना प्रभारी ने शिकायती पत्र वापस लेने का दबाव बनाया। लेकिन महिला होमगार्ड ने शिकायत वापस लेने से इनकार कर दिया।शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित होमगार्ड और सिपाही उसे परेशान कर रहे हैं। कुछ महिला होमगार्ड पर पद के विपरीत वर्दी पर अधिक फीती (बैज) धारण करने का आरोप भी लगाया गया है, जिसे भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत दंडनीय बताया गया है। महिला होमगार्ड का कहना है कि कंपनी कमांडेंट से शिकायत की थी। लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

# ऑस्ट्रेलिया में कुणाल का कमाल, आईटीटीएफ वर्ल्ड पैरा फ्यूचर में जीता कांस्य

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**


- गोल्ड कोस्ट-2026 चैंपियनशिप में मेंस डबल्स में शानदार प्रदर्शन अब तक 33 पदक अपने नाम

**अमृत विचार :** रामगंगा विहार निवासी कुणाल अरोड़ा ने ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में आयोजित आईटीटीएफ वर्ल्ड पैरा फ्यूचर गोल्ड कोस्ट-2026 चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश और शहर का नाम रोशन किया। 16 से 18 फरवरी तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में कुणाल ने सिंगल और मेंस डबल्स दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया।

सिंगल मुकाबलों में कुणाल का सामना ऑस्ट्रेलिया और जापान के खिलाड़ियों से हुआ। दोनों ही मैच बेहद कड़े और नजदीकी स्कोर वाले रहे, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने हौसला नहीं छोड़ा और डबल्स मुकाबले में दमदार वापसी की।

मेंस डबल्स में कुणाल अरोड़ा ने तेलंगाना के हितेश डोलवानी के साथ जोड़ी बनाई। पहले मुकाबले में भारतीय जोड़ी को ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी, लेकिन दूसरे मुकाबले में शानदार खेल दिखाते हुए ऑस्ट्रेलिया की ही दूसरी टीम को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

सेमीफाइनल में मुकाबला जापान के खिलाड़ियों से हुआ। यह मैच भी बेहद रोमांचक और नजदीकी रहा, लेकिन अंततः कुणाल और हितेश को हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही भारतीय जोड़ी ने कांस्य पदक अपने नाम किया।


पदक जीतने के बाद प्रसन्नता जाहिर करते कुणाल अरोड़ा।

कुणाल अरोड़ा इससे पहले भी भारतीय टीम की ओर से देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस कांस्य पदक के साथ अब उनके राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुल 33 पदक हो चुके हैं। कुणाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता यशपाल अरोड़ा और सोनिया अरोड़ा तथा अपने कोच को दिया।




# डियर पार्क का पीपीपी मॉडल संभव नहीं 120.40 लाख की सौंदर्यीकरण योजना तैयार

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



मंडल स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह।

- एसईजेड प्रशासनिक भवन में हुई मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक

**अमृत विचार :** एसईजेड प्रशासनिक भवन में शनिवार को मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की एजेंडावार पुष्टि की गई।

बैठक में वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि डियर पार्क का पीपीपी मॉडल सम्भव नहीं है। इसे संचालित करने के लिए विभाग ने 120.40 लाख रुपये की सौंदर्यीकरण योजना तैयार कर भेजी है। जिस पर मंडलायुक्त द्वारा पीपीपी मॉडल पर संचालित कराने के लिए उचित स्तर से अनुमति प्राप्त करने की अपेक्षा की गई। बैठक में पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग-24 के किलोमीटर 164 में प्रेम वंडर लाइन के समीप स्थित समपार फाटक संख्या 413-ए पर अतिरिक्त दो लेन ऊपरिगामी सेतु के निर्माण के लिए जिलाधिकारी स्तर से अनुमोदित कराकर विश्वकर्मा पोर्टल पर अपलोड कराने की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारी ने दी। ई-वेस्ट के निस्तारण में पारदर्शिता के लिए मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारी को कलेक्शन के समय रसीद अवश्य दिलाने का निर्देश दिया। एसईजेड के प्रतिनिधि ने इससे संबंधित जानकारी दी। मंडलायुक्त ने परिसर में पौधरोपण किया। बैठक में एमडीए के सचिव पंकज वर्मा, एलडीएम पंकज सरन, अधिशासी अभियंता नगर निगम विजेंद्र सिंह, उपायुक्त अमरोहा अनूप कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग मुरादाबाद दीपेंद्र कुमार, अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग राजीव मित्तल, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा गेसू मौर्या, अधीक्षक अभियंता बिजली विभाग अशोक कुमार चौरसिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सभी स्कूलों में लागू हो एनसीईआरटी पाठ्यक्रम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारत जागृति कांफ्रेंस की बैठक शनिवार को सूरज नगर पीतलनगरी स्थित प्रदेश कार्यालय पर हुई। इसमें संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित शर्मा ने कहा कि देश में शिक्षा के पाठ्यक्रमों को मुनाफे का कारोबार बना दिया है। किताबों के नाम पर लाभ लिया जा रहा है। जिससे गरीब बच्चों की शिक्षा पर असर पड़ रहा है इसलिए सरकार देश में एनसीईआरटी द्वारा मान्य पाठ्यक्रम कक्षा एक से 12 तक के स्कूलों में लागू कराए। जिससे गरीब पर पढ़ाई आर्थिक बोझ न बने। देश के नागरिकों को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार संविधान देता है। बैठक में डॉ. अमित लाठे, अनिल गुप्ता, मनोज गुप्ता, रंजना शर्मा, सोमवीर सिंह, अरविंद वर्मा आदि मौजूद रहे।

# वृद्ध से तय की शादी, बेटी ने माता पिता समेत तीन पर कराई रिपोर्ट

**संवाददाता, सैफनी**

- सैफनी थाना क्षेत्र का मामला, किशोरी को वन स्टॉप सेंटर भेजा

**अमृत विचार:** नगर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी ने माता-पिता और तहेरे भाई समेत तीन लोगों के खिलाफ एक वृद्ध से शादी करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है।

नगर के एक मोहल्ले की किशोरी ने बताया कि माता-पिता व तहेरे भाई ने जबरन उसकी शादी एक वृद्ध से तय कर दी। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। नाराज किशोरी थाने पहुंच गई। जिस पर पुलिस ने आरोपी माता-पिता व तहेरे भाई समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। किशोरी ने पुलिस को बयान दिया कि वह घर नहीं जाना चाहती क्योंकि परिजन कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसके बाद पुलिस ने किशोरी को सुरक्षा का भरोसा दिला वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। शनिवार को किशोरी को कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया गया। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि एक किशोरी परिजनों से छिपते छिपाते थाने आई थी। किशोरी की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया। किशोरी को कांस्टेबल मंजू देवी के साथ वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है।

# अपर मुख्य अधिकारी को हाईकोर्ट से मिली राहत

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

- हाईकोर्ट ने 24 फरवरी तक गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**अमृत विचार :** 11 फरवरी को हुए अधिवक्ता फारुख हत्याकांड मामले आरोपी जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राहत दी है। हाईकोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी है। शुक्रवार को मामले में सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने 24 फरवरी 2026 तक के लिए गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

मामले में अगली सुनवाई 24 फरवरी 2026 को होगी, जिसमें अंतरिम जमानत जारी रखने या रद्द करने का फैसला हो सकताहै। नीरज रस्तोगी ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं प्रशांत व्यास और मोहित कुमार के माध्यम से 16 फरवरी 2026 को अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता ने जमानत का कड़ा विरोध किया। उन्होंने पुलिस जांच के तथ्यों का हवाला देते हुए राहत न देने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने कोर्ट के समक्ष तर्क प्रस्तुत कर अंतरिम राहत की गुहार लगाई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अंतरिम जमानत मंजूर कर ली। 11 फरवरी को जिला पंचायत कार्यालय में तैनात बाबू असगर अली ने मामूली विवाद के बाद अधिवक्ता फारुख की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को मौके से हिरासत में लिया था और इलाज के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसके पेट से गोली निकाली गई। इसके बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से पिस्टल और कारतूस के खोल भी बरामद कर कोर्ट में पेश किए हैं। फारुख की पत्नी गौसिया ने असगर अली और नीरज रस्तोगी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मुख्य आरोपी असगर को घटना वाले दिन ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, जबकि नीरज रस्तोगी पुलिस की गिरफ्त से दूर थे।



**इफ्तार**
रविवार शाम
सुन्नी : 6:13
शिया : 6:23

**सहरी**
सोमवार सुबह
सुन्नी : 5:22
शिया : 5:19

## न्यूज ब्रीफ

### आज चार घंटे बिजली रहेगी बाधित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रविवार, 22 फरवरी को 33 के.वी. विद्युत लाइनों के अनुरक्षण कार्य एवं पेड़ों की कटाई के कारण विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विभाग के अनुसार बिजली कटौती सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगी। इस दौरान ठाकुरद्वारा टाउन क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यक कार्य जैसे पानी भरना, घरेलू उपयोग की तैयारी एवं अन्य जरूरी काम सुबह 10 बजे से पहले ही निपटा लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके। बताया गया है कि दोपहर 2 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल होने के लगभग 30 मिनट बाद नगरपालिका ठाकुरद्वारा द्वारा पेयजल आपूर्ति शुरू की जाएगी। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह निर्धारित कटौती व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से की जा रही है, जिससे भविष्य में होने वाली आकस्मिक विद्युत बाधाओं को कम किया जा सके।

### आज गुल रहेगी बिजली

**कांठ, अमृत विचार :** रविवार 22 फरवरी को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपखण्ड अधिकारी सचिन रस्तोगी ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कांठ को पोषित करने वाली 33 केवी लाइन पर पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य कराया जाएगा, जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। कार्य के दौरान विद्युत उपकेंद्र से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों की सप्लाई बंद रहेगी। इसके कारण उपकेंद्र से जुड़े समस्त उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति निर्धारित समय तक प्रभावित रहेगी।

### पशु आरोग्य मेला आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मंडल स्तरीय पशु आरोग्य मेला पशुपालन विभाग की ओर से रविवार को ग्राम पंचायत बूजपुर मान, ब्लॉक मूंढापांडे में आयोजित किया जाएगा। मंडल स्तरीय पशु आरोग्य मेला में विभाग की ओर से पशुओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, दवा वितरण और विशेषज्ञ सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह मेला क्षेत्रीय पशुपालन को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

### कहासुनी में मारपीट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के हाथीपुर चित्तू गांव में मामूली कहासुनी में मारपीट हो गई जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बताया गया है कि शुक्रवार की देर शाम गांव निवासी शमीम के घर में नौमान, यूनुस, जीशान, सफदर, अली सेन व दो अज्ञात हमलावर घुस आए और गड़ासे से शमीम के पुत्र उवेश के सिर पर वार कर दिया। लहूलुहान उवेश जमीन पर गिर पड़ा। एक ने उसका गला दबाने की कोशिश की, तो बाकी लाठी-डंडों से पीटने लगे। शोर सुन पड़ोसी दौड़े, तब आरोपी धमकी देकर भाग निकले। घायल का इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश तेज है।

## सड़क सुरक्षा के तहत क्विज प्रतियोगिता में कृष्णा ग्रुप प्रथम

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गोकुलधाम हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में शनिवार को सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने कहा कि सड़क सुरक्षा आज के समय का अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। बढ़ते यातायात के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे लोगों के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। अतः सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना आवश्यक है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कृष्णा ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. शेफाली अग्रवाल ने किया। इस दौरान मुख्य अनुशासिका प्रो. किरण साहू, मीनाक्षी शर्मा, अनुराधा सिंह, किरण त्रिपाठी, प्रो.अपर्णा जोशी, सीमा गुप्ता, सीमा अग्रवाल, सुधा सिंह, करूणा आनंद, आंचल गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

### प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने ई-सेवा क्रेंद्र का आरंभ कर न्याय रथ को दिखाई झंडी

# न्यायपालिका व बार के बीच सद्भावपूर्ण संबंध अत्यंत जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



माननीय न्यायमूर्ति श्री नीरज तिवारी को बुके देते अधिवक्ता। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रशासनिक न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने शनिवार को ई-सेवा क्रेंद्र का आरंभ कर न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह न्याय प्रणाली को अधिक सुलभ और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में अहम कदम है।

शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में ई-सेवा केंद्र का उद्घाटन प्रशासनिक न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि ई-सेवा केंद्र के माध्यम से न्याय अधिक सुलभ हो जाएगा। विशेष रूप से उन लोगों के लिए जिनमें डिजिटल साक्षरता या प्रौद्योगिकी तक पहुंच की कमी है। इसके द्वारा न्यायालय से संबंधित

• **आज पंचायत भवन परिसर में आयोजित होगा मेगा विधिक शिविर**

ई-फाइलिंग, डिजिटल दस्तावेज, ऑनलाइन भुगतान, मोबाइल ऐप सहायता, ई-मुलाकात के लिए एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। वहीं इसके बाद उन्होंने 22 फरवरी रविवार को पंचायत भवन में आयोजित हो रहे मेगा विधिक शिविर के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराए गए न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को जागरूक करना है। जनपद न्यायाधीश सैयद माऊज़ बिन आसिम ने कहा कि यह प्रचार वाहन विधिक जागरूकता के क्षेत्र में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। इसके माध्यम से जनपद के दूरस्थ स्थानों पर रहने वाले ग्रामीणों को आगामी मेगा लीगल कैम्प, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, पीड़ित प्रतिकर योजना, महिला एवं बाल संरक्षण, वरिष्ठ नागरिक अधिकार तथा अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाई जाएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की जनपद सचिव तपस्या त्रिपाठी ने कहा कि न्याय चला निर्धन के द्वार की टैग लाईन के साथ न्याय रथ अब दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों, कमजोर एवं वंचित वर्गों, श्रमिकों, महिलाओं तथा जरूरतमंदों तक विधिक सेवाओं का संदेश अधिक प्रभावी रूप से पहुंचेगा। कार्यक्रम के बाद प्रशासनिक न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने प्रशासनिक/न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बार पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका और बार के बीच सद्भावपूर्ण संबंध अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं की समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा भी दिलाया।

### प्रशासनिक न्यायमूर्ति को दिया प्रत्यावेदन

मुरादाबाद, अमृत विचार : दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की ओर से शनिवार को प्रशासनिक न्यायमूर्ति नीरज तिवारी को एक प्रत्यावेदन दिया गया। इसमें आंतरिक प्रशासनिक आदेशों के माध्यम से क्षेत्राधिकार के बार-बार स्थानांतरण और इसके कारण वाद दाखिल (फाइलिंग) करने में हो रही असुविधा को दूर कराने का आग्रह किया गया। इसमें बताया कि अधिवक्ता न्यायालय के अधिकारी हैं न कि प्रशासनिक कर्मचारी। हमें अधिसूचना के अभाव के चलते आंतरिक प्रशासनिक बदलावों की जानकारी नहीं होती है और यह सर्कुलर जिला न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड नहीं किए जाते हैं। इसके अलावा अन्य समस्याओं के बारे में भी ध्यान आकृष्ट किया गया। इस दौरान दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता, महासचिव कपिल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# होली और ईद के चलते बाजारों में बढ़ी रौनक

### चार मार्च को होली और 21 को ईद के चलते बढ़ी चहल-पहल, व्यापारियों ने मंगाया नया स्टॉक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इस बार होली और ईद नजदीक होने से बाजारों की रौनक बढ़ गई है। चार मार्च को होली और 21 मार्च को ईद होने के कारण लोग अभी से खरीदारी में जुट गए हैं। व्यापारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

बुधबाजार, टाउनहॉल, चौमुखापुल, ताड़ीखाना, कोर्ट रोड, गंज और गुरहट्टी समेत अन्य प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की भीड़ है। देर शाम तक बाजार में रौनक है। कई बाजार में ग्राहकों की अधिक संख्या के चलते जाम भी लग रहा है। दुकानों की सजावट, आकर्षक ऑफर और लाइटिंग से बाजार में ग्राहकों को आकर्षित किया जा रहा है। रंग-गुलाल की दुकानों पर बच्चों और युवाओं की भीड़ है, तो कपड़ा बाजार में परिवार के साथ खरीदारी करने वालों की संख्या दिख रही है। मिठाई और सूखे मेवे की खरीदारी भी इन दिनों बढ़ गई है।



जीएमडी रोड पर दुकान में पिचकारी और मुखौटे पसंद करते बच्चे। • अमृत विचार

### रंग-गुलाल की सजने लगी दुकानें

व्यापारियों ने दोनों त्योहारों को देखते हुए नया स्टॉक मंगाया है। होली के लिए हर्बल और सुगंधित गुलाल, ऑर्गेनिक रंग, पिचकारियां, गुब्बारे और सफेद कुर्ता-टी-शर्ट की मांग है। बच्चों को कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां खास पसंद की जा रही हैं। वहीं, ईद के मद्देनजर नए डिजाइन के कुर्ता-पायजामा, पठानी सूट, शेरवानी, लेडीज सूट, अबाया, दुपट्टे, इत्र और फुटवियर की नई रेंज बाजार में उतारी गई है। कपड़ा और रेडीमेड दुकानों पर विशेष छूट भी दी जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि त्योहारों की जुगलबंदी से इस बार बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी की संभावना है।

**व्यापारियों की बात :** टाउनहॉल के व्यापारी अमित अग्रवाल ने बताया इस बार उन्होंने हर्बल और स्किन-फ्रेंडली गुलाल के साथ नई डिजाइन की पिचकारियां मंगाई हैं। होली और ईद पास-पास होने से ग्राहकों की संख्या बढ़ी है और बाजार में अच्छा माहौल है। मंडी चौक के कपड़ा व्यापारी नसीम अहमद ने बताया कि ईद के लिए कुर्ता-पायजामा और पठानी सूट की नई रेंज आई है। होली के कारण भीड़ बढ़ी है, जिससे कारोबार को फायदा मिल रहा है।

### होलिका दहन व जुलूस को लेकर पुलिस सतर्क, अधिकारियों ने दिए निर्देश



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने क्षेत्राधिकारी कोतवाली के साथ थाना कोतवाली में सर्किल के थाना प्रभारियों एवं चौकी इंचार्जों की बैठक की। जिसमें होलिका दहन व जुलूसों के संबंध में दिशा निर्देश दिए। कोतवाली सदर कार्यालय में शनिवार को हुई बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने होलिका दहन स्थलों एवं होली जुलूस मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों ने संबंधित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। पुलिस अधीक्षक नगर ने निर्देश दिया कि सभी होलिका दहन स्थलों एवं जुलूस मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एसपी सिटी ने कहा कि त्योहार के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरतने के साथ ही जन सामान्य के साथ समन्वय स्थापित करें।

### होली पर शराब की अवैध बिक्री पर सख्ती डीएम ने गठित की टीमें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला आबकारी अधिकारी रवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस बार होली पर अन्य राज्यों से अवैध रूप से शराब लाकर बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। डीएम अनुज सिंह ने आबकारी विभाग द्वारा अन्य राज्यों से शराब लाकर अवैध रूप से बेचने वाले व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया है। साथ ही गैर राज्यों की अनधिकृत शराब तथा बिना मानक के शराब तैयार करने वाले छोटे-छोटे ठिकानों की तलाश में व्यापक अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। ठाकुरद्वारा और बिलारी तहसील क्षेत्रों में एसडीएम एवं अन्य चार टीमों के साथ एसीएम द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की जाएगी। होली के दौरान अवैध शराब पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए सघन चेकिंग और निगरानी अभियान चलाया जाएगा। जिला प्रशासन ने अवैध शराब के निर्माण, भंडारण अथवा बिक्री में लिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

## अंग्रेजी में 5431 परीक्षार्थी उपस्थित स्कोरिंग रहा पेपर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा के तहत शनिवार को 18 केंद्रों पर 10वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा कराई गई। परीक्षा में 5459 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 5431 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जबकि 28 अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के इंतजाम रहे।

परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकले विद्यार्थियों के चेहरों पर संतोष नजर आया। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र थोड़ा लंबा जरूर था, लेकिन सवाल पाठ्यक्रम के अनुरूप थे। अधिकांश प्रश्न सीधे और समझ में आने वाले थे, जिससे पेपर स्कोरिंग रहा। कई विद्यार्थियों ने कहा कि रीडिंग और राइटिंग सेक्शन में समय प्रबंधन अहम रहा, लेकिन अच्छी तैयारी करने वालों के लिए पेपर आसान साबित हुआ। वहीं, 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की ऑटोमोटिव विषय की परीक्षा केवल एक केंद्र शिरडी साईं पब्लिक स्कूल में हुई। इस विषय में कुल 17 विद्यार्थी पंजीकृत थे और सभी उपस्थित रहे। केंद्रों पर प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सतर्कता बरती गई थी।

# डीबीटी से किसानों के खातों में पहुंची क्षतिपूर्ति राशि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री द्वारा कृषि विभाग की संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व राजस्व एवं आपदा विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थी किसानों व परिवारों को क्षतिपूर्ति सहायता राशि वन क्लिक डीबीटी के माध्यम से वितरित की गई। शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में एनआईसी भवन सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकासखंड स्तर पर राजकीय कृषि बीज भंडारों, कृषि विज्ञान केंद्र बिलारी एवं ठाकुरद्वारा तथा कॉमन सर्विस सेंटर आदि स्थानों



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सजीव प्रसारण देखते अधिकारी। • अमृत विचार

पर भी किया गया। जहां किसानों और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि खरीफ 2025 में 468 किसानों के बैंक खातों में 11,36,544 रुपये की धनराशि पूर्व में भेजी जा चुकी है। शनिवार को 784 किसानों के बैंक खातों में 13,98,905 रुपये की धनराशि मुख्यमंत्री ने अंतरित की। इस प्रकार खरीफ 2025 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कुल 1252 किसानों के फसल क्षति पर 25,35,449 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व

• **एनआईसी भवन सभागार में दिखाया गया कार्यक्रम का सजीव प्रसारण**

ममता मालवीय ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के पात्र लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक भी वितरित किया। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेन्द्र पाल सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र बिलारी के वैज्ञानिक, जिला गन्ना अधिकारी राम किशन, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी हर्षित चौहान, जिला उद्यान अधिकारी रमेश सिंह राणा, जिला समन्वयक इफको टोकियो रोबिन कुमार विश्नोई ,जिला आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह के अलावा जनप्रतिनि, कृषि विभाग के कर्मचारी एवं लाभार्थी किसान उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



### भाजयुमो ने दहन किया राहुल गांधी का पुतला, जताया विरोध

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर के महानगर अध्यक्ष अभिषेक चौबे के नेतृत्व में शनिवार को प्रकाश नगर चौराहे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इंडियन नेशनल कांग्रेस के युवा विंग द्वारा भारत मंडपम में की गई राष्ट्रविरोधी एवं शर्मनाक हरकत की कड़ी निंदा की गई। कहा कि राष्ट्र की गरिमा एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष अभिषेक चौबे ने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाना स्वीकार्य नहीं है। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश मंत्री अंजलि चौहान, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष दिनेश सिसोदिया, महानगर मंत्री सुनीता शर्मा, शशि किरण, शम्मी भटनागर, महानगर उपाध्यक्ष नवदीप टंडन, जिलाध्यक्ष अरुण पंडित, अमित सैनी, अभिषेक ठाकुर, अर्चित गुप्ता, मिथुन शर्मा, अश्वनी शर्मा आदि मौजूद रहे।



### अक्टूबर फेयर की सब्सिडी शीघ्र जारी करने की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ईपीसीएच के मुख्य संयोजक व एमएचईए के महासचिव अवधेश अग्रवाल ने डीआईसी दिपेंद्र कुमार के साथ मुलाकात में एमएचईए और यस की ओर से निर्यातकों की समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन निर्यातकों की अक्टूबर फेयर की सब्सिडी अभी तक नहीं मिली है उसे शीघ्र जारी किया जाए। साथ ही कन्टेनर व अन्य सभी निर्यात सब्सिडी का निस्तारण भी जल्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उद्योग बंधु की बैठक को सार्थक बनाने की जरूरत है। सभी विभागों के नोडल अधिकारी उसमे भाग लें जिससे सभी समस्याओं का तुरंत निस्तारण हो सके। डीआईसी ने सभी विषयों पर सकारात्मक रूप से कार्य करने का आश्वासन दिया। बताया कि वह निर्यातकों के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। शीघ्र ही सभी निर्यातकों के साथ बैठक कर सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी देंगे। उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा।



### एमडीए में भ्रष्टाचार का आरोप शिवसैनिकों का प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिव सेना का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचा। जहां उन्होंने कथित भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन किया। अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपकर भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की। शनिवार को शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने आरोप लगाया कि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है, जिससे किसान, व्यापारी और आमजन परेशान हैं। उन्होंने कहा कि अवैध वसूली, फाइलों में अनावश्यक देरी और नियमों की अनदेखी की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे एमडीए की छवि प्रभावित हो रही है। प्राधिकरण के सचिव को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। कहा कि यदि 15 दिनों में ठोस कार्रवाई न होने पर कार्यालय पर आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस दौरान कमल सिंह राव, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, अरुण ठाकुर, पंकज सिंह, धर्मेंद्र, राजू कश्यप आदि मौजूद रहे।



### सपा ने दिवंगत बीएलओ के परिजनों को दिया दो लाख का चेक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एसआईआर अभियान में बीएलओ आंगनबाड़ी कार्यकत्री गुलनाज तबस्सुम की दो फरवरी को हुई असामयिक मृत्यु के बाद समाजवादी पार्टी ने परिवार की आर्थिक सहायता के लिए कदम आगे बढ़ाया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने परिजनों को दो लाख रुपये की आर्थिक मदद पार्टी फंड से भेजी। जिसका चेक बीएलओ के परिजनों को दिया गया। शनिवार को सपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने गुलनाज तबस्सुम के पति, पुत्र, पुत्री और सास को दो लाख रुपये का चेक सौंपा। पदाधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हु परिवार को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गुलनाज तब्बसुम ने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन किया। उनकी मृत्यु से न केवल परिवार बल्कि विभाग और समाज को भी अपूरणीय क्षति हुई है। परिजनों ने पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार जताया।

खबरें पेज 9 पर भी

# आवंटित दुकान खाली कराने पहुंची टीम, हंगामा



टाउन हॉल पर दुकानदार से वार्ता करते निगम पदाधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** टाउन हॉल क्षेत्र में नगर निगम के द्वारा कई दुकानों का आवंटन नये सिरे से कर दिया गया है। जिसके बाद आवंटन खत्म होने के बाद भी कई दुकानदार उसे खाली नहीं कर रहे हैं। नगर निगम की टीम के पहुंचने पर पूर्व के दुकानदारों ने हंगामा किया। जिसके बाद टीम ने पुलिस को सूचना दी। अब पुलिस बल के आने पर स्थिति साफ होगी।

अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार ने बताया कि इस क्षेत्र में निगम के स्वामित्व में आने वाली दुकान नंबर

• **टीम पहुंचने पर जताया विरोध पुलिस को दी जानकारी**

20 का आवंटन दूसरे को नियमानुसार किया गया है। लेकिन पूर्व के दुकानदार अनाधिकृत तरीके से उस पर कब्जा किए हैं। जिसे खाली करने के लिए नोटिस दिया जा चुका है। लेकिन खाली न होने पर शनिवार को नगर निगम की टीम ने पहुंचकर मौके पर जानकारी ली। दोनों पक्षों से वार्ता की। लेकिन दूसरे पक्ष के न मानने और विरोध करने पर स्थानीय पुलिस को जानकारी देने के साथ ही नगर आयुक्त को भी जानकारी दी गई है।

## सरकारी अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल में तैनात एक डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए मरीज के परिजनों ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा।

नगर के मोहल्ला ताली वार्ड नंबर 8 निवासी ताजुद्दीन पुत्र जिलाउद्दीन ने कहा कि 19 फरवरी 2026 को वह अपनी बहन को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां पर डॉक्टर मौजूद नही था ।कर्मचारियों से डॉक्टर को बुलाने की बात कही तो कर्मचारियों ने कहा कि डॉक्टर अपने आवास पर सो रहे हैं । बार-बार कहने के बावजूदडॉक्टर को नहीं बुलाया गया। फोन करने के बाद भी डॉक्टर नहीं पहुंचा। उसकी बहन की तबीयत खराब होती चली गई जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में उन्हें मजबूरन अन्य स्थान पर उपचार कराना पड़ा।

# एसआईआर विशेष अभियान आज, बूथों पर रहेंगे बीएलओ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने और सूची को शुद्ध करने के क्रम में दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने के लिए आज जिले के सभी मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस मनाया जाएगा।

डीईओ अनुज सिंह ने विशेष अभियान दिवस को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए बताया कि इस दिन हर मतदेय स्थल पर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बीएलओ उपस्थित रहेंगे। सभी बीएलओ के पास 6 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची और पर्याप्त संख्या में सभी प्रकार के फार्म 6, 6ए, 7 एवं 8 उपलब्ध रहेंगे। विशेष अभियान में प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था होगी जहां मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता

• **बीएलओ के पास 6 जनवरी को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची व फार्म 6, 6ए, 7 एवं 8 मिलेंगे**

प्रदान की जाएगी।

कहा कि पार्टियों के बीएलए को अभियान के बारे में जानकारी दी गई है जिससे वह भी इसमें सहयोग कर सकें। पार्षदों, सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों से भी इसमें सहयोग लिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भ्रमणशील रहकर विशेष अभियान दिवस को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अपील की है कि यदि किसी पात्र सदस्य का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा ऐसे सदस्य जिनकी आयु एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है तो फार्म 6 घोषणा पत्र सहित भरवाकर अपने बूथ लेवल अधिकारी को दें अथवा ECINET मोबाइल एप्लीकेशन या voters.eci.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षामित्रों ने जताया प्रदेश सरकार का आभार

**भगतपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की बैठक विकास खंड भगतपुर टांडा क्षेत्र के डूंगरपुर बेरखेड़ा चौराहे पर स्थित विलाकुदान पंचायत घर पर हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा ने संचालन ब्लाक अध्यक्ष अशरफ अली पाशा ने किया। जिला मीडिया प्रभारी ख़िलाफत मलिक ने बताया कि 20 फरवरी को मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 18000 रुपए कर दिया। आगे भी सरकार से अच्छा होने की उम्मीद है। सरकार ने शिक्षा मित्रों के लिए कैशलेश उपचार की भी सुविधा की है। महिलाओं को ससुराल के विद्यालयों में स्थानांतरित होने का भी अवसर मिलेगा। ख़िलाफत मलिक, रंजना शर्मा, गुलशन मलिक, अफ़रोज़ उस्मानी, रामौतार सागर, मलखान सिंह, प्रीति चौहान, रंजना सिंह कठेरिया, मीनू सिंह, राजपाल सिंह सागर, विजयपाल सिंह, इस्लाम चौधरी, मिनाक्षी, अफसाना सैफी, नाजरीन सैफी, अनवारुल हक, भारत सिंह, तोफीक अहमद, शरद शर्मा, छाया भारती, महेंद्र सिंह, सीमा अंजुम, साविर हुसैन आदि उपस्थित रहे।

### मानदेय बढ़ने से शिक्षामित्रों और अनुदेशकों में खुशी

**कांठ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट प्राथमिक संवर्ग मुरादाबाद के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के निर्णय का स्वागत किया है। कहा कि मानदेय वृद्धि होने से परिवार की जरूरत पूरी करने में सहूलियत होगी। इससे शिक्षामित्रों का मनोबल बढ़ेगा और बेहतर आर्थिक स्थिति से शिक्षा की गुणवत्ता पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। बढ़ती महंगाई के बीच यह निर्णय राहत देने वाला है।



### पार्सल के लिए मांगी रिश्वत, हंगामा

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्रवासी मोहम्मद शोएब, मोहम्मद फैज, नुसरत अली, निजामुद्दीन, नरेश कुमार, वेद प्रकाश, महेंद्र सिंह आदि विदेश में रह रहे अपने शुभचिंतकों को जरूरी सामान भेजने के लिए एयर पार्सल कराने शनिवार को मुरादाबाद स्थित प्रधान डाकघर पर पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय पटल पर बैठे रहे बाबू ने सुविधा शुल्क मांगा। न देने पर लिपिक ने पार्सल जमा करने से इनकार कर दिया, जिस पर लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ता देख मौजूद लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

# 60 शिकायतें दर्ज, तीन का ही किया जा सका निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम व अन्य अफसरों ने सुनीं शिकायतें, अन्य शिकायतें अधीनस्थों को सौंपीं

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा तहसील में एसडीएम प्रीति सिंह के अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। 60 शिकायतें दर्ज कराई जिसमें से मात्र तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

समाधान दिवस में भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता एडवोकेट ने दिए शिकायती पत्र दिया कि पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त व पकड़े गए ट्रक-डंपरों को मंडी समिति में खड़ा कर दिया जाता है। वहां प्रतिदिन सब्जी व फलो की मंडी लगती है। लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। मंडी समिति के उत्तर में खाली पड़ी है उस पर भराव डाल कर वाहनों को खड़ा कराया जाए। थाना डिलारी क्षेत्र के गांव डीलर निवासी शकुंतला देवी ने दिए बताया कि 16 वर्षों से वह गांव के प्राथमिक विद्यालय में रसोइया थी। प्रति माह वेतन द्वारा चेक दिया जाता था। 8 माह से उसे हटा दिया गया है। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पति बीमार रहते हैं। उसे अपने परिवार का पालन पोषण करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों से मांग की है कि उसे पुनः रसोइया पद पर नियुक्त किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुलदीप चौधरी, तहसीलदार प्रवीण कुमार, नायब तहसीलदार आदित्य मौर्य, बीडीओ उमाशंकर मुदगल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार



कांठ में फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

### 21 शिकायतें आईं, चार का मौके पर निस्तारण

कांठ, अमृत विचार : तहसील कांठ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 21 फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग की टीम मौके पर भेजी गई। एसडीएम कांठ संत दास पवार ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायत को गंभीरता से लेकर उनकी निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद उनका निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की अधिक शिकायतें आ रही है। उन विभागों के अधिकारी अलग से कैंप लगाकर जनता की समस्याएं सुने और उनकी समस्याओं का समाधान करें। इसके साथ ही ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे और सार्वजनिक चक रोड से संबंधित जो भी मामले है ऐसे मामलों में अवैध कब्जे हटवा कर तत्काल मामलों का निस्तारण करें। तहसीलदार राजकुमार सिंह, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

बिलारी, अमृत विचार : तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 38 शिकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण हुआ। एडीएम (ई) संगीता गौतम ने शिकायतों को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का स्थलीय गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण कराएं यह शासन की प्राथमिकता का कार्यक्रम है। 20 राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें भूमि विवाद, नामांतरण और पैमाइश से संबंधित समस्याएं प्रमुख थीं। पुलिस विभाग से संबंधित 5 शिकायतें, आपूर्ति विभाग से 8 तथा विकास विभाग से 5 शिकायतें दर्ज की गईं। एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार अंकित गिरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, बीडीओ, खंड शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सभी बूथों पर आज उपस्थित रहेंगे बीएलओ

**कांठ, अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर 22 फरवरी रविवार को विशेष अभियान के क्रम में कांठ विधानसभा के सभी बूथों पर साढ़े 10 बजे से शाम साढ़े चार बजे तक बीएलओ मौजूद रहेंगे। इस दौरान नया वोट बनवाने के लिए प्रारूप-6. प्रारूप-7 में नामावली में विद्यमान किसी भी प्रविष्टि पर आपेक्ष तथा प्रारूप-8 में किसी भी नाम में संशोधन इत्यादि का काम होगा।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन संगीता गौतम के मुताबिक 22 फरवरी को समस्त बूथों पर संबंधित बीएलओ उपस्थित रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे। सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ के पास आलेख्य मतदाता सूची एवं मतदाता पंजीकरण से संबंधित फार्म-6.7, व 8 तथा घोषणा पत्र भी प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। यदि किसी भी बूथ पर बीएलओ उपस्थित नहीं मिलते हैं। कोई असुविधा होती है तो टोल फ्री नंबर 0591-1950 अथवा 0591-2970080 शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## रामनगर खागूवाला में सड़कों पर कीचड़ व जलभराव

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● परेशान ग्रामीणों ने समाधान दिवस में लगाई गुहार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागूवाला में रास्ते पर लंबे समय से जलभराव और कीचड़ की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि जाटव बस्ती के मुख्य मार्ग पर कीचड़ और गंदा पानी भरा रहता है, जिससे लोगों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है। बच्चों को स्कूल जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बच्चे और महिलाएं कीचड़ में फिसलकर गिर जाते हैं। मोहल्ले में बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है और आए दिन बच्चे अस्वस्थ हो रहे हैं।

इस संबंध में कई बार ग्राम प्रधान पति से शिकायत की गई, लेकिन उन्होंने रास्ता बनवाने के लिए धनराशि न होने की बात कहकर कार्य कराने से इंकार कर दिया। 13 फरवरी को खंड विकास अधिकारी तथा 19 फरवरी को संबंधित अधिकारियों को भी प्रार्थना पत्र दिया था, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आगे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। शिकायती पत्र पर ब्रह्मपाल सिंह, किशन सिंह, अरविंद कुमार, रूपचंद, विनीत कुमार, राजेश कुमार, अरुण कुमार, सुंदर सिंह, रोहित, मेवाराम, करण सिंह, टेकचंद, सोमवती आदि के हस्ताक्षर मौजूद है

## बोर्ड परीक्षा में 90 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**कांठ, अमृत विचार :** नगर एवं तहसील क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केदो पर शनिवार को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

पहली पारी में हाई स्कूल गृह विज्ञान की परीक्षा थी। इसमें 1477 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 1392 ने परीक्षा दी 85 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पारी में इंटरमीडिएट इतिहास की परीक्षा थी इसमें 109 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 104 ने परीक्षा दी 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नगर के ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को उप संकलन केंद्र बनाया गया है उप संकलन केंद्र प्रभारी राम सागर ने देर शाम बताया कि शनिवार को दोनों परीक्षाओं में 90 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## शिक्षकों की बैठक में की समस्याओं पर चर्चा

संवाददाता, कांठ

● टीईटी अनिवार्यता के विरोध में आंदोलन में शामिल होने की अपील

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट की ब्लॉक कार्य समिति व संघर्ष समिति की बैठक ब्लाक संसाधन केंद्र कांठ पर हुई।

जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सेवारत समस्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता से देश के लगभग 20 लाख शिक्षक प्रभावित हों रहे हैं। इसके विरोध में टीचर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लगातार संघर्षरत है किसी भी शिक्षक का अहित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में भी लगातार पैरवी की जा रहीं है। सभी शिक्षक संगठित रहें। साथ ही 22 फ़रवरी से 26 फ़रवरी तक संगठन द्वारा चरणबद्ध आंदोलन की रुपरेखा तय कर दी गयी है जिसमें सभी शिक्षक साथी प्रतिभाग करें। 22 फ़रवरी को सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैश टैग के माध्यम से अभियान चलाया जाएगा। सभी शिक्षक एक्स पर अपना अकाउंट बना ले।



बैठक में संबोधित करते शिक्षक नेता। ● अमृत विचार

जिला मंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 23 फरवरी से 25 फरवरी तकसभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर विद्यालय नोटेट-बिफोर आरटीई एक्ट के विरोध में शिक्षण कार्य करेंगे व 26 फ़रवरी को कार्यालय ज़िला बेसिक शिक्षाधिकारी मुरादाबाद पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही ने आरटी एक्ट से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता अव्यवहारिक है।

दुष्यंत यादव, प्रियंका चौधरी, मधुबाला, पारुल चौधरी, राजवीर सिंह, शाइस्ता, रजत चौधरी, जुबैर अहमद, दिनेश सैनी, मो रिजवान अहमद, मेघराज सिंह, कृष्णगोपाल, भूपेंद्र यादव, शमीम, मनीष गौतम, जावेद अख्तर, गौरव सिंह, अकरम अली, प्रभास उज्ज्वल, विवेक कुमार, विघ्नेश कौशिक, मो इरफ़ान, शकील अहमद, चन्द्र शेखर सिंह, विमल, मो तनवीर, ब्रजेश कुमार, सुरेश कुमार, सलीम अहमद, रामनिवास, आदि उपस्थित रहे। संचालन जुबैर अहमद अंसारी ने किया।

## गुरुद्वारा कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा कांठ कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख के साथ मुख्यमंत्री से मिला।

डीएसएम डिग्री कॉलेज कांठ में अमृत धारी सिख छात्र जपन सिंह को कृपाण उतार का परीक्षा दिलाई गई थी। इसके बाद 4 फरवरी को कॉलेज के प्रोफेसर सौरभ जिंदल ने यह कहते हुए छात्र को परीक्षा से वंचित कर दिया था किकृपाण के साथ परीक्षा देने की अनुमति नहीं है। बाद में प्रोफेसर और प्रिंसिपल द्वारा माफी मांगने पर मामला सुलझ गया था।

इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं हो इस संबंध में गुरुद्वारा कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ मुख्यमंत्री से मिला और सिख धर्म की आस्था को फिर से ठेस न पहुंचे इसके लिए ज्ञापन दिया। प्रतिनिधि मंडल ने परीक्षा के दौरान सिख विद्यार्थी को धार्मिक प्रतीक धारण कर परीक्षा देने की अनुमति प्रदान होने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल में सरदार हरपाल सिंह जग्गी कासगंज, गुरुद्वारा कांठ के संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा, अध्यक्ष सरदार कुलवंत सिंह, सरदार मंजीत सिंह सेक्रेटरी राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

## पेड़ काटने के विवाद में मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ काटने को लेकर विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। मामले में पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया।

अंशु पत्नी सत्यपाल यादव, निवासी ग्राम पीपली अहीर ने बताया कि उसके खेत में खड़े लगभग 13 यूकेलिप्टस के पेड़ 19 फरवरी 2026 को गांव के ही मोहन सिंह पुत्र झूरी सिंह द्वारा काट लिए गए थे। इस संबंध में थाना ठाकुरद्वारा में प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। 20 फरवरी की शामवह अपने खेत पर काम कर रही थी, तभी आरोपी मोहन सिंह, उसकी पत्नी उषा तथा पुत्र मनु वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायती पत्र को वापस लेने का दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई थी लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई।

## न्यूज डायरी

### गन्ने की खेती में सहफसली पर दिया जोर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र में गन्ने की खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को गन्ने के साथ सहफसली खेती अपनाने के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। केंद्र के प्रभारी डॉ. रविंद्र कुमार ने बताया कि गन्ने के साथ उड़द एवं मूंग जैसी दलहनी फसलें करने से न केवल अतिरिक्त आय प्राप्त होती है, बल्कि मृदा स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार होता है। उन्होंने कहा कि दलहनी फसलें भूमि में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ाती हैं, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है और लागत में कमी आती है। उद्यान वैज्ञानिक डॉ. शिव शंकर वर्मा ने जायद मौसम में गन्ने की फसल के बीच उगाई जाने वाली सब्जियों जैसे भिंडी, मिर्च, बैंगन और लोबिया की वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने किसानों को फसल प्रबंधन, सिंचाई, उर्वरक संतुलन, खरपतवार नियंत्रण तथा कीट-रोग प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय भी बताए। साथ ही आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 60 किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के रणवीर सिंह, दिनेश कुमार तथा विभिन्न गांवों से आए प्रगतिशील किसानों की सक्रिय भागीदारी रही।





### डायट प्रवक्ता ने दो विद्यालयों का किया निरीक्षण

कांठ, अमृत विचार : शासन के निर्देश पर आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्रवक्ता डॉ. अनिल यादव ने विकासखंड छजलैट के प्राथमिक विद्यालय महमूदपुरा एवं नया गांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति प्रतिशत करने तथा प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने के निर्देश दिए। महमूदपुरा में 108 बच्चों का पंजीकरण था 81 बच्चे उपस्थित मिले। नयागांव में 107 बच्चों का पंजीकरण था जिसमें 80 बच्चे उपस्थित मिले। श्री यादव ने उपस्थित रजिस्टर, एवं शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने दोनों विद्यालयों में अति सुंदर व आकर्षित भौतिक परिवेश की अत्यधिक प्रशंसा की। नया गांव में प्रधान अध्यापक अखिलेश कुमारी, जागृति चौहान का शिक्षण कार्य अच्छा रहा।



### परशुराम जयंती का अवकाश घोषित करने की मांग

**कांठ, अमृत विचार :** विधायक कमाल अख्तर ने भगवान श्री परशुराम जयंती पर प्रदेश में राजकीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग सदन में उठाई। कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में अवकाश दिया जाता था किन्तु भाजपा की सरकार द्वारा इसे समाप्त कर दिया गया है, जो उचित नहीं है। यदि अन्य महापुरुषों एवं विभिन्न धार्मिक अवसरों पर अवकाश दिया जा सकता है, तो भगवान परशुराम जयंती जैसे महत्वपूर्ण दिवस को नजरअंदाज करना न्यायसंगत नहीं है। क्षेत्रीय विधायक ने यह भी कहा कि यह मुद्दा किसी एक वर्ग विशेष का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक सम्मान का विषय है।

### एनएसएस सदस्यों ने स्वच्छता अभियान चलाया

**भगतपुर, अमृत विचार :** यशिका कन्या पीजी कॉलेज मानपुर में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की दोनों इकाइयों द्वारा ग्राम मलवाड़ा उर्फ मानपुर एवं ग्राम मिलक पीपली लाल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कॉलेज की प्रबंधिका सुनीता यादव एवं प्राचार्या डॉ जया कांडपाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रथम इकाई की स्वयंसेविकाओं ने ग्राम मानपुर के प्राथमिक विद्यालय में शिविर लगाकर साफ-सफाई की, जबकि द्वितीय इकाई की स्वयंसेविकाओं ने ग्राम मिलक पीपली लाल की गलियों व सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ चारु यादव ने शपथ दिलाई। डॉ दिनेश चंद, डॉ मुदस्सिर अली खान, हरज्ञान सिंह, रणवीर सिंह, बालकिशन सिंह, हसरत अली, बब्बू आदि मौजूद रहे।





### ईशा की नमाज व तरावीह को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**कांठ, अमृत विचार :** ईशा की नमाज तरावाह पढ़ने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। पुलिस ने एक दर्जन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। कस्बा ऊमरी कलां के मौहल्ला नांगलिया निवासी जीशान पुत्र शरबत हुसैन तथा दूसरे पक्ष के अरहान पुत्र नौशाद 19 फरवरी की रात को मरकज वाली मस्जिद में तरावीह एवं नमाज पढ़ रहे थे। किसी बात पर दोनों में कहासुनी हो गई। दोनों के पक्ष जुट गए और जमकर मारपीट की जिसमें जीशान, ओवैस सहित कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने जीशान की तहरीर पर ओवैस अली, जैद अली, अब्दुल रहमान, सफीउर्रमान, फैसल, रिसालत एवं दूसरे पक्ष के अरहान की तहरीर पर जीशान, नमन, इरफान, रियासत, इरतजा आदि दोनों पक्षों के एक दर्जन लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## शिव मंदिर का जीर्णोद्वार कर प्राण प्रतिष्ठा की



शिव परिवार को नगर भ्रमण कराते एसडीएम विनय सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील परिसर में प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार व शिव परिवार की प्राणप्रतिष्ठा की गई। शिव परिवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास, नैवेद्याधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास के उपरांत विशेष स्नान कराकर वस्त्र धारण करा नगर भ्रमण कराया गया। आचार्य केशव जोशी पंडित उद्धवराज पंत, पंडित हरीश जोशी ने शिव परिवार को मंदिर में प्रतिष्ठित किया।

मुकेश कुमार सपत्नी, पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, मंगल सेन सैनी, एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार अंकित गिरि, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ कुंदरकी राजेंद्र सिंह कटियार, बार अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह, भगवान शरण माथुर, अजय पाल सिंह, प्रमोद शर्मा, सुनील कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, पारस शर्मा, पउप्र युवा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष ध्रुव शर्मा, सभासद प्रवेश प्रजापति, दानवीर शर्मा, देवेश शर्मा आदि शामिल रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

नाम परिवर्तन सूचना
पहले मेरा नाम MOHD RIYAZ था, अब बदल कर RIYAZUL HASAN S/O NAFISUL HASAN R/O MOHALLA GOOLA WEST NAUGAWAN SADAT DISTT AMROHA रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

सूचना
मेरी हाईस्कूल वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1240591626 की अंकतालिका वास्तव में कहीं गुम हो गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। निकिता पुत्री मनोज सिंह निवासी शाहपुर चमारान तहसील व जिला सम्भल। मो. 7579641630

नाम परिवर्तन सूचना
मैने अपना नाम SAHIBE ALAM QURESHI से बदलकर SAHIBE ALAM रख लिया है। भविष्य में मुझे SAHIBE ALAM S/o ILTIFAT AHMAD R/o MULLA BAKSH KI HAWELI NEAR HAJI KA KUAN, ASALATPURA MORADABAD नाम से जाना व पहचाना जाए

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

कार्यालय नगर पंचायत उझारी अमरोहा
पत्रांक : 237(1)/निविदा/2026 दिनांक : 19.02.2026
ई-निविदा शुद्धि
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उझारी द्वारा दिनांक 09.02.2026 को राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों की प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत उझारी में निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदा का प्रकाशन कराया गया है। उक्त निविदा दिनांक 20.02.2026 को खोली जानी थी। अब यह निविदा दिनांक 20.02.2026 के स्थान पर दिनांक 27.02.2026 को अपरान्ह 03:30 बजे खोली जायेगी। शेष यथावत् है।
(विजयपाल सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उझारी अमरोहा
(हुमैरा अख्तर) अध्यक्ष नगर पंचायत उझारी अमरोहा

न्यूज ब्रीफ

## मानसिक मंदित बालक घर के बाहर से लापता



**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव मिलक खोद से मानसिक मंदित बालक घर के बाहर से लापता हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। शनिवार को मिलक खोद निवासी राजू का पुत्र विवेक(14) जो मानसिक मंदित है शुक्रवार से सुबह लापता है पिता राजू ने पुलिस को बताया कि आसपास के गांव और रिश्तेदारी में तलाशा गया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है पूर्व में भी बिना बताए घर से जा चुका है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

## आज 6 घंटे गुल रहेगी सैफनी में बिजली

**सैफनी, अमृत विचार :** शाहबाद और सैफनी के विद्युत उपखंड अधिकारी अलंकित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया। कि शाहबाद से सैफनी तक सड़क चौड़ीकरण के अंतर्गत विद्युत लाइन को सही करने के लिए काम किया जाएगा जिससे उपभोक्ताओं को भविष्य में परेशानी न उठानी पड़े इसके के लिए नए पोल लगाने के साथ नए तार भी डाले जाएंगे जिसके चलते विद्युत उपकेंद्र सैफनी की विद्युत आपूर्ति रविवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी।

## पांच घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**बिलासपुर, अमृत विचार :** विद्युत वितरण उपखंडअशोकनगर के अंतर्गत आने वाले कई इलाकों में 22 फरवरी को पांच घंटे के लिए बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने बताया कि 33 केवी लाइनों के पास आ रही पेड़ों की टहनियों की छटाई और आवश्यक रखरखाव कार्य किए जाएंगे। जिसके चलते यह नियोजित शटडाउन लिया जा रहा है। बिजली कटौती सुबह 10 दोपहर 3 बजे तक रहेगी। इसमें 33/11 केवी गोदी, बेगमाबाद और उत्तराखंड बार्डर समेत तीन बिजली उपकेंद्र शामिल हैं। बताया कि मानसून और सुरक्षा की दृष्टि से लाइनों के पास आ रहे पेड़ों की छंटाई का कार्य अत्यंत आवश्यक है।

# लिथुआनिया के विदेश मामलों के उप मंत्री से मिले नवाब काजिम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन के दौरान लिथुआनिया के विदेश मामलों के उप मंत्री तौरिमास वेलिस से मुलाकात की। शिष्टाचार भेंट के दौरान लिथुआनिया के अर्थव्यवस्था व नवाचार मंत्री एडविनास ग्रिक्सस व लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविचिएन भी मौजूद रहीं।

नवेद मियां ने बताया कि लिथुआनिया के विदेश उप मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जिम्मेदार एआई की शुरुआत मजबूत सार्वजनिक क्षेत्र की नींव से होती है। उन्होंने विलनियस कन्वेंशन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार समझौते और उच्च मूल्य वर्धित क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा करने के लिए भारत के सचिव (ईआर) सुधाकर दलेला से मुलाकात की। नवेद मियां ने बताया कि उप मंत्री ने लिथुआनियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ एआई क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला और भारत में इसे बढ़ावा देने में लिथुआनियाई दूतावास की भूमिका की प्रशंसा की।



लिथुआनिया के विदेश मामलों के उप मंत्री के साथ पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां।

### रठौंडा मेला स्थित जिप अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर बैठक आयोजित

# जिपं बोर्ड बैठक में 26 करोड़ के प्रस्तावों को हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में 26 करोड़ के संशोधित प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई है। रठौंडा मेला स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर हुई बैठक में जिला पंचायत सदस्य टेक चंद्र गंगवार के प्रस्ताव रठौंडा मेले भव्यता बढ़ाने और मेले में एक सभागार बनाए जाने को सदन ने पास कर दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर हुई बोर्ड की बैठक में 25 अक्टूबर 2025 को हुई बैठक की कार्रवाई की पुष्टि हुई। पिछली बैठक में अन्य विभागों के अधिकारियों के खिलाफ आई शिकायतों पर हुई कार्रवाई को जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने देखा। शनिवार को रठौंडा मेले में हुई वर्ष 2025-26 की बैठक में संशोधित कार्य योजना का अनुमोदन सदस्यों द्वारा कर दिया गया। संशोधित कार्य योजना 26 करोड़ रुपये की है। जिला पंचायत द्वारा जिले भर में 26 करोड़ रुपये से विकास कार्य कराए जाएंगे।

अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने जबकि, संचालन कार्य अधिकारी पंकज चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान जिला पंचायत संदस्य मुस्तफा हुसैन, टेक चंद्र गंगवार, अमरजीत सिंह, हरज्ञान यादव, अंजु पटेल, मिथलेश कुमारी, हाजी अता उर रहमान, खलील अहमद, रियासत अली, अफसर अली, जमील अहमद, हंसराज पप्पू, अभियंता मोहम्मद सज्जाद, अवर अभियंता धीरेंद्र यादव आदि।



जिला पंचायत बोर्ड बैठक में मौजूद अध्यक्ष ख्याली राम लोधी व जिला पंचायत सदस्य।

### रठौंडा मेले को मिलेगी भव्यता

बैठक में जिला पंचायत सदस्य टेक चंद्र गंगवार ने रठौंडा मेले का मुद्दा उठाया। कहा कि रठौंडा मेला आसपास के जिलों में प्रसिद्ध है मेले को और भव्यता दी जाए। कहा कि रठौंडा मेले में बनी दुकानों में शटर लगवाए जाएं इसके अलावा मेले में बैठक करने के लिए एक भव्य हाल का निर्माण कराया जाए। इस प्रस्ताव का बैठक में मौजूद 20 सदस्यों ने अनुमोदन कर दिया।

रठौंडा मेले में हुई बैठक में संशोधित 26 करोड़ की कार्य योजना को पास कर दिया गया है। इसके अलावा रठौंडा मेले को भी भव्य रूप दिया जाएगा।
– **ख्यालीराम लोधी**, जिला पंचायत अध्यक्ष

# एक ही पंडाल में गूंजे मंत्र व कुबूल है

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 1050 जोड़े शादी के बंधन में बंधे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग द्वारा शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में भव्य शादी समारोह हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, जिला प्रभारी राजा वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, ब्लॉक प्रमुख मिलक अर्चना गंगवार एवं ब्लॉक प्रमुख बिलासपुर कुलवंत सिंह औलख ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में लगभग 1050 वर-वधुओं का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत विवाह संपन्न कराया गया। वहीं मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह भी धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। जिला प्रभारी राजा वर्मा ने कहा कि कि योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से उन्हें सम्मानपूर्वक विवाह का अवसर प्राप्त हो रहा है। जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने योजना को जरूरतमंदों के लिए जरूरी बताया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी नवदंपत्तियों को शासन द्वारा निर्धारित उपहार सामग्री एवं सहायता राशि प्रदान की गई।



नवविवाहित जोड़ों के साथ मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधि। • अमृत विचार

• जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दिया नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद

## तालाब की भूमि से कब्जा हटाने गई राजस्व टीम से नोकझोंक

**शाहबाद, अमृत विचार :** तालाब की भूमि से कब्जा हटाने गई राजस्व टीम की महंत से नोंकझोंक हो गई। महंत अपनी पत्नी के साथ मौके पर आ गया और बिना नोटिस दिये कार्रवाई का विरोध करने लगा। इस पर टीम पुलिस बल की मौजूदगी में आंशिक कार्रवाई कर वापस लौट आई।

कुछ दिन पूर्व अधिवक्ता निधिगोपाल यादव ने प्रशासन से शिकायत की थी कि तहसील के सामने तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने भूमि की पैमाइश कर सीमांकन किया और निशान लगाए। शनिवार को राजस्व विभाग की टीम नायब तहसीलदार राजेश कुमार की अगुआई में जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंची और चिन्हित हिस्से पर बुलडोजर चलाकर कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान दौरान महंत ने अधिकारियों के सामने ही विरोध जताना शुरू कर दिया।

# सर्वसमाज की मांग के अनुसार बनवाएं चौक

संवाददाता, बिलासपुर

• महाराजा अग्रसेन चौक के विरोध में सर्वसमाज व सभासदों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार :** सर्वसमाज के लोगों ने मुख्य चौराहे पर सर्वसमाज को दृष्टिगत रखते हुए नामकरण एवं चौक का निर्माण करवाए जाने की मांग की। बाद में उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

शनिवार को तहसील भवन पहुंचे सर्वसमाज के लोगों ने एसडीएम अरुण कुमार से मुलाकात कर डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि नगर में सर्वसमाज के लोग निवास करते हैं। इसके बावजूद पालिका द्वारा एक समाज को प्रसन्न करने के लिए मुख्य चौराहे पर बिना सर्वसमाज की सहमति के महाराजा अग्रसेन चौक का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसका सर्वसमाज विरोध करता हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा मुख्य चौराहे पर महाराजा अग्रसेन के स्थान पर तिरंगा चौक, भारत माता चौक, महाराणा प्रताप चौक, सुभाष चंद्र चौक, चंद्रशेखर आजाद चौक, छत्रपति शिवाजी चौक आदि में से किसी एक के नाम पर चौक का निर्माण करवाया जाना चाहिए। उन्होंने इस मामले में डीएम से हस्तक्षेप किए जाने की मांग की हैं। इस मौके पर मोहित कुमार तोमर, अभिषेक, अनमोल सिंह, नीरज आदि के हस्ताक्षर शामिल है।

उधर, सभासदों ने भी डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें उन्होंने पालिका द्वारा मुख्य चौराहे पर बनवाएं जा रहे महाराजा अग्रसेन चौक का विरोध किया। साथ ही उन्होंने मुख्य चौराहे पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर चौक बनवाएं जाने की मांग की। शिकायती पत्र पर सभासद मोहसिन खां, फैजान खां आदि के हस्ताक्षर शामिल हैं।

# वन विभाग पर पेड़ कटवाने का आरोप

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** भाकियू भानु गुट के कार्यकर्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन कर वन अधिकारियों पर हरे-भरे पेड़ कटवाए जाने का आरोप लगाया। बाद में एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

शनिवार को कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष सलीम वारसी के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम अरुण कुमार को प्रार्थना पत्र सौंपा और जांच व कार्रवाई की मांग की। आरोप लगाया कि अराक्षित डंडिया वन में तैनात अधिकारियों द्वारा खैर की लकड़ी की तस्करी की गई थी। जिसकी शिकायत समाधान दिवस में करने के बाद जांच कराई गई तो मौके पर केवल जड़े ही मिली थी। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। 15 जनवरी को जंगल से सागौन के हरे-भरे पेड़ भी कटवा दिए गए। इन पेड़ों को ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर नगर स्थित आरा मशीनों पर भेजा गया। रेंजर, वन दरोगा आदि की भूमिका संदिग्ध है। विभागीय अधिकारियों की बिना परमीशन के आठ और नौ फरवरी को एक आम के बाग को भी कटवा दिया गया। जबकि 16 फरवरी को बाग में बचे अन्य पेड़ों को भी काटा गया। काटे गए पेड़ हरे-भरे और फलदार थें। इस बाग में सागौन के सात पेड़ और आम के 87 पेड़ शामिल हैं। कहा कि विभाग को इन सभी प्रकरणों के साक्ष्य भी दिए गए। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इन सभी मामलों में खानापूर्ति कर जांच बंद कर दी गई। इस दौरान एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर जानकारी ली और उनकी खूब फटकार लगाई। शिकायत करने वालों में लियाकत, मोहम्मद आसिम रजा, अहकाम मिर्जा, यासीन अली, सतनाम सिंह, बलजीत सिंह, रहबर खां, मतलूब अली आदि मौजूद रहे।



एसडीएम अरुण कुमार को ज्ञापन देते भाकियू भानु गुट के कार्यकर्ता। • अमृत विचार

• किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उठाई कार्रवाई की मांग

# अमेरिकी सुप्रीमकोर्ट के फैसले से उद्यमियों को राहत की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अमेरिका द्वारा आयात शुल्क 50 प्रतिशत तक कर दिया गया था, लेकिन लगातार भारत और अमेरिका के बीच बातचीत के दौरान आयात शुल्क 18 प्रतिशत तक आ गया था। लेकिन अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के टैरिफ को अवैध करार देते हुए सरकार से इसकी वसूली के भी निर्देश दे दिए हैं। ऐसे में रामपुर के मेंथा सहित अन्य सामान निर्यात करने वालों के चेहरे खिल उठे हैं।

रामपुर के उद्यमियों को इससे राहत मिलने के आसार हैं। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन चेयरमैन रामपुर चैप्टर श्रीश गुप्ता ने बताया कि अमेरिका की सुप्रीमकोर्ट का टेरिफ को अवैध ठहराने का निष्पक्ष निर्णय स्वागत योग्य है, इस से वहां की सुप्रीम कोर्ट का सम्मान बढ़ा है। लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। वो वैकल्पिक रास्ते निकाल रहे है। लेकिन फिलहाल भारत को 8 प्रतिशत तक की और राहत मिली है। अब 18 से 10 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नही है कि 10 प्रतिशत टैरिफ 18 प्रतिशत के साथ और बढ़ेगा या 10 प्रतिशत ही लगेगा। अगर 10 प्रतिशत ही लगा तब इस से भारत विश्व मे अब ओर अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य दे सकेगा। भारत का निर्यात बढ़ सकेगा।

अब सभी देश एक सा टेरिफ देंगे। इस से स्वस्थ निर्यात मूल्य प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। मुरादाबाद मंडल के गिफ्ट उद्योग और रामपुर के मेंथा उद्योग को लाभ हो सकेगा। मेंथा कारोबारी नीरू मेंथॉल के डायरेक्टर अमृत कपूर ने बताया कि ट्रंप सरकार कोई नया रास्ता निकाल लेगी। अमेरिका की सुप्रीमकोर्ट ने सही निर्णय लिया है, लेकिन ट्रंप मामले में नया रास्ता ढूंढने में लग गई है। किस तरह आयात शुल्क बढ़ाया जाए।

# हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट सर्वजीत सिंह व एडवोकेट महासचिव मो. उस्मान खां के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा।

अधिवक्ताओं का कहना है कि प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रयागराज में स्थित है, जिसकी एक बैंच लखनऊ में है। लखनऊ में आसपास के 15 जिलों का क्षेत्राधिकार दिया गया है। लेकिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी 22 जिलों का क्षेत्राधिकार इलाहाबाद हाईकोर्ट को दिया गया है। सुगम एवं सुलभ न्याय पाना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। सहारनपुर जिले से प्रयागराज इलाहाबाद हाईकोर्ट की दूरी 850 करीब किमी. से अधिक है। प्रयागराज से सबसे नजदीक रामपुर व आगरा हैं, रामपुर की भी दूरी 500 किमी से अधिक है। ऐसे में वादकारियों का मुकदमे में इलाहाबाद जाकर पैरवी करना बहुत मुश्किल है। जबकि पश्चिमी उप्र की सीमा से सटा दिल्ली हाईकोर्ट है और उत्तर प्रदेश की सीमा से उत्तराखंड हाईकोर्ट नैनीताल मात्र 90 किमी. है। हिमाचल प्रदेश का शिमला हाईकोर्ट मात्र 150 किमी. है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट चंडीगढ़ प्रदेश की सीमा से मात्र 80 किमी की दूरी पर स्थित है। लेकिन पउप्र के अधिवक्ताओं व वादकारियों के साथ यह अन्याय है कि उनका हाईकोर्ट इलाहाबाद उनसे 500 से 850 किमी. की दूरी पर है। आए दिन अप्रिय घटनाएं घटती हैं। उनकी सुरक्षा के लिए कोई कानून नहीं है, इसलिये स्थापना बेहद जरूरी है।



कलेक्ट्रेट में पउप्र बेंच की स्थापना को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। • अमृत विचार

• अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा

# निबंध प्रतियोगिता में अनुष्का प्रथम, ओम को दूसरा स्थान



निबंध प्रतियोगिता की विजेता को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विश्व हिंदी परिषद के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को निबंध प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में अनुष्का चौरसिया प्रथम, ओम बाबू द्वितीय और शुभ सक्सेना तृतीय स्थान पर रहे।

मुख्यातिथि डॉ. मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति और सभ्यता की आधारशिला है। इसका संरक्षण और संवर्धन हम सभी की जिम्मेदारी है। विश्व हिंदी परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुनीश चंद्र शर्मा, अचलराज पांडेय, नंदकिशोर समोनिया, डॉ. व्योम वशिष्ठ ने दीप जलाकर आरंभ किया। अचलराज पांडेय ने कहा कि निर्णय लेने से पहले विवेक का प्रयोग करना चाहिए। प्रधानाचार्य नंदकिशोर सामोनिया ने कहा कि स्वयं का विश्वास कभी विफल नहीं होता। अंत में निबंध प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पूनम गुप्ता, नेहा, सुषमा सक्सेना, शालिनी सक्सेना, मुस्कान, अक्षरा, खुशी और रंजीता ने विचार व्यक्त किए।

परीक्षा

### कड़ी सुरक्षा के बीच 13 केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 9 परीक्षार्थियों ने दी 12वीं की फैशन स्टडीज की परीक्षा

# सीबीएसई बोर्ड :10वीं की परीक्षा में शामिल हुए 3730 परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई में 10वीं की परीक्षा में 3760 के सापेक्ष 3730 परीक्षार्थी शामिल हुए। 13 केंद्रों पर शनिवार की सुबह 10:30 बजे से 10वीं के परीक्षार्थियों की परीक्षा शुरू हुई। 10वीं की अंग्रेजी साहित्य की परीक्षा के लिए 3688 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3659 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि, कॅम्युनिकेटिव की परीक्षा में 72 के सापेक्ष 71 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। 12वीं की फैशन स्टडीज की परीक्षा में सभी 9 परीक्षार्थी शामिल हुए।

सीबीएसई परीक्षा में शनिवार को 10वीं की अंग्रेजी साहित्य और कम्युनिकेटिव विषय की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से शुरू हुई। केंद्रों पर सुबह 9 बजे से परीक्षार्थी पहुंचना शुरू हो गए थे। तलाशी के बाद 9:30 बजे उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। कक्ष में पहुंचने से पहले तलाशी ली गई। सुबह 10 बजे कक्षों में परीक्षार्थियों के पहुंचने के बाद प्रश्न पत्र बांटना शुरू हुआ। 10:15 से 10:30 बजे तक परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने का समय दिया गया। इसके बाद 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा हुई। 10वीं के अंग्रेजी साहित्य के पेपर से 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि कम्युनिकेटिव की परीक्षा से 1 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहा। 12वीं फैशन स्टडीज की परीक्षा में सभी 9 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।



शनिवार को पेपर खत्म होने के बाद प्रश्नों को चेक करतीं परीक्षार्थी। • अमृत विचार

सीबीएसई की 10वीं की अंग्रेजी साहित्य की परीक्षा से 30 जबकि कॅम्युनिकेटिव के प्रश्न पत्र से 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। 12वीं के फैशन स्टडीज के पेपर में सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों पर छापामारी की।
– **नीरज तिवारी**, सिटी कोआर्डिनेट सीबीएसई

## अंग्रेजी का पेपर देख खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई परीक्षा में शनिवार को 10वीं के परीक्षार्थियों का अंग्रेजी का पेपर था। अंग्रेजी का सरल पेपर देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल गए। प्रश्न पत्र में 10 नंबर का निबंध और 20 नंबर का अपठित को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने थे। एक ही परीक्षा कक्ष में प्रश्न पत्रों के तीन सेट वितरित किए गए थे। ताकि, पिछली सीट पर बैठा परीक्षार्थी आगे वाले परीक्षार्थी की कॉपी को देखकर नकल नहीं कर सके।

कुछ परीक्षार्थियों ने अंग्रेजी के सभी सवाल सही-सही हल करने का दावा किया है। इस प्रकार उन्हें अंग्रेजी विषय में अच्छे अंक मिलने का भरोसा है।

• सीसीटीवी कैमरों से हुई परीक्षा कक्षों की निगरानी

• नकल रोकने को दिए गए प्रश्न पत्रों के तीन सेट



पेपर अच्छा हुआ है और उम्मीद है कि अंग्रेजी साहित्य के पेपर में अच्छे अंक मिलेंगे। पूछे गए प्रश्नों का सही-सही उत्तर लिख दिया है उम्मीद है इस पेपर में अच्छे नंबरों से पास हो जाएंगे।
– मोहम्मद फैजान



अंग्रेजी साहित्य का पेपर बहुत अच्छा हुआ है। पूरी रात जागकर स्टडी की और मोबाइल से भी सहारा लिया। वह सवाल पेपर में देखे पहले उन्हीं प्रश्नों का उत्तर लिखा है।
– परजोत सिंह



अंग्रेजी का पेपर बहुत अच्छा हुआ है। जितना याद किया था उसी में से आया था। उम्मीद है कि अंग्रेजी में बहुत अच्छे नंबर मिलेंगे। क्योंकि पूछे गए सभी सवाल हल कर दिए हैं।
– मोहम्मद औसाफ



अंग्रेजी का पेपर बहुत अच्छा हुआ है और इस पेपर में अच्छे नंबर मिलने की उम्मीद है। क्योंकि जितने प्रश्न पूछे गए थे वे सभी हल कर दिए हैं। बाकी रिजल्ट आने पर सही-सही पता चलेगा।
– सैयद मोहम्मद माहिर



**इफ्तार**
रविवार शाम
सुन्नी : 6:14
शिया : 6:21

**सहरी**
सोमवार सुबह
सुन्नी : 5:09
शिया : 5:13

## न्यूज ब्रीफ

### बरातियों ने की अश्लील हरकतें, 14 पर केस

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव मुल्लाखेड़ा निवासी निरंजन सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 18 फरवरी को गांव निवासी ओमप्रकाश की पुत्री की शादी थी। बरात चढ़त के दौरान बराती महिलाओं व युवतियों के साथ अश्लील हरकतें करने लगे। विरोध पर निरंजन सिंह, ब्रजकिशोर, धर्मेंद्र व एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही घायलों को सीएससी ले गए जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में उन्होंने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि जयकरन, सोनू, जोगा, राहुल, मानव, चुन्नू निवासी मोहल्ला किला काशीपुर व आठ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### ग्रीन टेक्नोलाजी पर नेशनल सेमिनार 23 को

**बिलासपुर, अमृत विचार :** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में 23 फरवरी को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल ने बताया कि सेमिनार का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में आधुनिक तकनीकी नवाचारों पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से विषय विशेषज्ञ, शिक्षाविद और शोधार्थी सम्मिलित होंगे।

### दिव्यांग कल्याण समिति ने दिए लिहाफ

**मसवासी, अमृत विचार :** शनिवार को क्षेत्र के ग्राम बिजारखाता दिव्यांग कल्याण समिति के कार्यालय पर जरूरतमंदों व दिव्यांगों को लिहाफ वितरण किए गए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अफसर अली, संगठन मंत्री लाल बाहशाह, जिला सचिव कय्यूम, मंत्री सुबहान अली, उपसचिव रफी ,कोषाध्यक्ष राकेश, जिला प्रवक्ता रवि कुमार, सलाहकार मुन्तियाज, सलाहकार इमरान, सलाहकार तस्कीन सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

## शहर इमाम मौलवी नासिर खां बोले, रमजान में इबादत करने का मिलता है 70 गुना सवाब

# इबादत, रहमत और बरकत का महीना है रमजान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** मुकद्दस रमजान इबादत, रहमत और बरकत का महीना है। माहे रमजान में रोजेदारों के गुनाह माफ होते हैं और अल्लाह अपने बंदों की दुआ कुबूल करता है। माहे रमजान में गरीबों को ज्यादा से ज्यादा जकात दें इससे अल्लाह रोजी-रोजगार में बरकत देता है। रमजान में इबादत करने का अल्लाह 70 गुना सवाब देता है।

रमजानुल मुबारक इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है। इस्लामिक कैलेंडर में चांद के अनुसार महीने के दिन गिने जाते हैं, जो 30 या 29 दिन के होते हैं। पहला रोजा 19 फरवरी का हुआ था। रमजान का मुकद्दस महीना इबादत, दुआओं और हर तरह की बुराइयों से बचने का महीना है। शहर इमाम बताते हैं कि रमजान उल मुबारक में अल्लाह रोजेदारों के गुनाह माफ करता है और उनकी



शहर की मोती मस्जिद में तरावीह की नमाज अदा करते नमाजी। ● अमृत विचार

दुआ कुबूल होती है। बताते हैं कि इस्लाम में रमजान का महीना सबसे पाक महीना है। कहा कि रमजान का कोई रोजा नहीं छोड़ें एक छोड़ने पर 60 रोजे रखना पड़ेंगे।

**रोजा हर बालिग मुस्लिम मर्द और औरत पर फर्ज है :** इस्लाम के मूल पांच स्तंभों शहादत (विश्वास की गवाही), सलात (पांचों वक्त की नमाज), सवाम (रोजा), जकात (गरीबों को अनिवार्य दान) और हज वाजिब हैं। रोजा हर बालिग मुस्लिम मर्द और औरत पर फर्ज है। बीमार, यात्री, गर्भवती महिला, बच्चे को दूध पिलाने वाली मां और बहुत अधिक वृद्ध को ही इससे छूट है। पांच वक्त की नमाज के साथ रमजान में रोजेदार तरावीह की विशेष नमाज भी पढ़ते हैं। इसमें पूरे रमजान पवित्र ग्रंथ कुरआन मजीद पढ़कर मुकम्मल किया जाता है। रमजान में हर साहिबे हैसियत पर जकात फर्ज है।



मुकद्दस रमजान हमें सच्चाई और अच्छाई के रास्ते पर चलने का दर्स देता है। माहे रमजान में गरीबों, जरूरतमंदों की मदद करना चाहिए। अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अल्लाह की इबादत में गुजारना चाहिए। माहे रमजान आपस में मोहब्बत का संदेश देता है। गरीबों के प्रति हमदर्दी बरतने का महीना है। – **मौलवी नासिर खां**, शहर इमाम

### शहर की मस्जिदों में पढ़ी जा रहीं तरावीह

रामपुर, अमृत विचार : मुकद्दस रमजान का चांद नजर आते ही मस्जिदों में तरावीह पढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिले की तमाम मस्जिदों में इशा की नमाज के बाद तरावीह पढ़ी जा रही है। शहर की जामा मस्जिद में मौलाना अहतेशाम उल्लाह खां तरावीह में सवा पारा रोजाना सुना रहे हैं। इनके अलावा मोती मस्जिद, नवाब गेट वाली मस्जिद, शाहबाद गेट वाली मस्जिद, शीशम वाली मस्जिद घेर तोगां समेत 506 मस्जिदों में तरावीह पढ़ी जा रही हैं। तरावीह की नमाज की बड़ी फजीलत है दो–दो रकात कर 20 रकात नमाज पढ़ी जाती है। मौलवी फैजान खां बताते हैं कि माहे रमजान में अल्लाह अपने बंदों पर मेहरबान रहता है। रमजान की चांद रात से शुरू होती है और मस्जिदों में 5 दिन, 10 दिन, 15 दिन, 20 दिन, 25 दिन और एक माह में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल कर लिया जाता है। तरावीह की नमाज रमजान के दौरान मस्जिदों में अदा की जाती है। मौलाना बताते हैं कि जमाअत के साथ नमाज पढ़ने का ज्यादा सवाब मिलता है। पांचों वक्त की नमाज अदा करने के बाद तरावीह की नमाज पढ़ी जाती है।

### सात साल की अलविया खान दो सालों से रख रहीं रोजे



**रामपुर, अमृत विचार :** सात वर्षीय अलविया खान पिछले दो वर्षों से रमजान के महीने में नियमित रूप से रोजे रख रही हैं, जो उनकी आस्था, धैर्य और मजबूत संस्कारों को दर्शाता है। अलविया मोहल्ला मोती मस्जिद निवासी युसरा खान की बेटी और वरिष्ठ समाजसेवी जावेद खां की नवासी हैं। जावेद खां मोती मस्जिद कमेटी के सचिव भी रह चुके हैं और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान दिया है। अलविया खान ने मासूम अंदाज़ में कहा कि मुझे रोजा रखना अच्छा लगता है। अम्मी और नाना मुझे दुआएं सिखाते हैं।

### सात साल के समीर ने रखा रोजा



**मसवासी, अमृत विचार :** रमजान के मुकद्दस महीने में छोटे–छोटे बच्चे रोजे के साथ–साथ नमाज भी अदा कर रहे हैं। क्षेत्र के बिजारखाता में तौफीक अहमद के 7 वर्षीय पुत्र समीर रजा ने शनिवार को रोजा रखा और नमाज भी अदा की। पिता तौफीक अहमद ने बताया कि उनका पुत्र समीर रजा रोजा रखने की जिद पर अड़ा था। प्यास की शिद्दत के बावजूद वह हिम्मत नहीं हारा और उसने रोजे की पूरी अदाएगी की। शाम को शान और शौकत के साथ उसे इफ्तारी कराई गई।

# 85 शिकायतें आईं, 20 का मौके पर निस्तारण

## ग्राम अहमदाबाद में अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व व पुलिस टीम मौके पर पहुंची

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डीएम अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में शनिवार को तहसील टांडा सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। जबकि जिले क सभी तहसील सभागारों में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। टांडा सहित जिले की सभी तहसीलों में कुल 85 शिकायत आईं, इनमें 20 का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। टांडा तहसील में 22 शिकायतों में से 7 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत पेंशन, विकास विभाग आदि अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। ग्राम पंचायत गागन नगला में भाग संख्या-24 में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान



टांडा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतपत्र लेते डीएम। ● अमृत विचार

● **डीएम व एसपी की उपस्थिति में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

के तहत बीएलओ द्वारा शिकायत की गई। इसमें बताया कि बाबर नामक व्यक्ति द्वारा पुनरीक्षण कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है तथा उन्हें धमकाया जा रहा है, जिस पर संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम अहमदाबाद में सड़क पर अवैध रूप से कब्जा कर पेड़ लगाए गए हैं, जिसपर डीएम ने तत्काल राजस्व और पुलिस टीम को मौके पर भेजा। वहीं तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान की अध्यक्षता में हुए संपूर्ण समाधान दिवस 22 शिकायतें आईं, इनमें से 4 का मौके पर निस्तारण हुआ। तहसील मिलक में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 9 शिकायतें आईं, इनमें 2 का निस्तारण हुआ। स्वार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 9 शिकायतें प्राप्त हुई, इनमें 2 का मौके पर निस्तारण हुआ। तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी शाहबाद की अध्यक्षता में 10 शिकायतें मिलीं, इनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में कुल 13 शिकायतें आईं, इनमें 3 निपटीं।

### एक वर्ष अधिक पुराने वाद शीघ्र निपटाएं

**रामपुर, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस के बाद डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने तहसील टांडा का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी न्यायालय, अभिलेखागार कक्ष, भू–लेख अनुभाग, कम्प्यूटर कक्ष एवं रजिस्ट्रार कक्ष आदि का क्रमवार निरीक्षण किया। डीएम ने उपजिलाधिकारी न्यायालय में लंबित वादों की पत्रावलियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने एक वर्ष से अधिक पुराने वादों, धारा–24, धारा–116, ऑफलाइन आईजीआरएस एवं विरासत से संबंधित प्रकरणों को लेकर कहा कि एक वर्ष से अधिक पुराने वादों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने पट्टों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए कि पट्टा आवंटन की कार्यवाही समय–सीमा के भीतर पूर्ण की जाए। खतौनी कक्ष में मौजूद किसानों से खतौनी संबंधी समस्याओं एवं निर्धारित शुल्क के बारे में जाना। व्यवस्थाओं को पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की।

# बीएलओ को जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** बीएलओ को डराने-धमकाने और अभद्रता करने की शिकायत समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक को दी, इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार लिया।

पीड़ित कर्मचारी ने दबंगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई थी। अब्दुल रऊफ जो ग्राम गागन नगला में बीएलओ हैं। एक परिवार के पहचान पत्र संबंधी दस्तावेजों में आयु विसंगति पाए जाने पर उन्होंने नियमानुसार नोटिस दिया था। इसी बात से नाराज कुछ दबंगों ने उन्हें निशाना बनाना शुरू कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि बाबर अली और रियासत ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। फोन पर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। यदि वह उनके पास से अन्य दस्तावेज मांगेगा या गांव में दिखेगा,



समाधान दिवस में पहुंचे पीड़ित बीएलओ अब्दुल रऊफ।

● **संपूर्ण समाधान दिवस में दिया शिकायती पत्र**

तो उसे गोली मार दी जाएगी। शनिवार को आयोजित तहसील टांडा के संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़ित बीएलओ ने लिखित तहरीर दी है। प्रशासन से मांग की है कि संबंधित थाना टांडा में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर ने बताया कि युवक को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया है।

# हवन पूजन के साथ श्रीमद्भागवत का पारायण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ समिति आवास विकास रामपुर के तत्वाधान में आयोजित भागवत कथा का शनिवार सुबह पारायण हो गया।

वैदिक पूजन तत्पश्चात हवन और ब्राह्मण भोज के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। हवन में भागवत भूषण पंडित देवव्रत शुक्ल द्वारा मंत्रोच्चार किया गया। सभी भक्तों ने हवन के बाद आरती की भगवान का भोग लगाया। भंडारे में सूर्यनाथ यादव, एडवोकेट राजेश कुमार एवं पत्नी अनीता देवी द्वारा व्यास एवं व्यास पीठ का पूजन किया गया। कथा में पंडित विकास दीक्षित, पीयूष कुमार, मनोज सक्सेना, राधेश्याम यादव, विनोद



कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● **श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ समिति की ओर से कार्यक्रम आयोजित**

गुप्ता, दिनेश कुमार, राकेश गुप्ता, सुनील सक्सेना, अतुल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, डॉ. तेजवीर यादव, कृष्ण गोपाल शर्मा, दिलीप गुप्ता, अशोक कुमार, सीमा गुप्ता, मुक्ता गुप्ता, मंजू गुप्ता, इंदु कांति, राधिका, गंगा, सीमा गुप्ता, प्रभा सक्सेना, सोनम सक्सेना, मुक्ता गुप्ता, स्वाति, सुमन परिहार, सुनीता कंबोज आदि भक्त उपस्थित रहे।

# हादसे में घायल इमाम का निधन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केमरी स्थित जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद जलालुद्दीन (55) का शुक्रवार शाम दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।



मौलाना जलालुद्दीन।

केमरी के मोहल्ला माजुल्लानगर निवासी मौलाना मोहम्मद जलालुद्दीन जामा मस्जिद के इमाम थे। सोमवार को बाइक से काशीपुर गए थे। दोपहर में लौटते समय गदरपुर-महतोष मोड़ पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घायल इमाम को पुलिस ने ऊधमसिंहनगर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इमाम की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार शाम उनकी मृत्यु हो गई। केमरी नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सलीम अहमद सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। पूर्व चेयरमैन सलीम अहमद ने बताया कि इमाम के छोटे बेटे का निधन बीस दिन पहले ही हुआ था। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और बेटियां हैं। दिल्ली में शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। इसके बाद शाम तक शव केमरी लाया जाएगा।

**हर्ष** | बोले, आठ साल में पहली बार हुई बढ़ोत्तरी, हर साल बढ़ने का हो प्रावधान

# मानदेय बढ़ा, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को पांच लाख तक का कैशलेस इलाज की घोषणा के बाद सरकार ने होली से पहले मानदेय बढ़ाने की घोषणा कर दी है। प्रदेश सरकार ने शिक्षा मित्रों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार कर दिया है। जबकि अनुदेशकों का मानदेय 7 हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपये कर दिया है। अप्रैल माह से जिले के करीब 1806 शिक्षा मित्रों और करीब 800 अनुदेशकों को यह मानदेय मिलेगा।

शुक्रवार को विधानसभा में जैसे ही उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह घोषणा की तो शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की बांछें खिल उठी। बढ़े मानदेय को साथ साथ शिक्षक संगठनों ने इसका स्वागत किया है। शिक्षक संगठनों की मांग है कि आठ साल में पहली बार बढ़ा है, ऐसे में सरकार को हर साल मानदेय बढ़ाने की ओर कदम बढ़ाने होंगे। शिक्षक नेताओं का कहना है महंगाई के इस दौर में 18 हजार रुपये भी उचित राशि नहीं है। लेकिन सरकार ने अच्छी शुरुआत की है तो उसको आगे भी जारी रखना चाहिए। मानदेय बढ़ेगा तो शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को सम्मानजनक वेतन मिलेगा। इसका असर पढ़ाई की उच्च गुणवत्ता पर भी देखने को मिलेगा। बढ़े मानदेय को लेकर शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और शिक्षक संगठनों ने यह अच्छा कदम बताया है।



मानदेय वृद्धि करना सराहनीय कदम है। हम आशा करते हैं कि मानदेय 12 माह महंगाई भत्ते के साथ लागू किया जाना चाहिए। – **नरेश कुमार** मीणा जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ



सरकार का यह निर्णय सराहनीय है रामपुर के शिक्षा मित्रों की तरफ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद। उम्मीद है मानदेय अब ये समय समय पर बढ़ेगा। – **सौरभ कुमार शर्मा**, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उप्र प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ रामपुर



अप्रैल माह से शिक्षामित्र व अनुदेशक को बढ़ा मानदेय मिलेगा। संगठन सरकार का और बेसिक शिक्षा मंत्री को तहेदिल से आभार व्यक्त करता है। इससे शिक्षा मित्रों को हौसला मिलेगा। – **हेमलता शर्मा**, महिला प्रभारी



शिक्षा मित्र काफी समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे थे। उनका मानदेय बढ़ने से शिक्षा मित्रों का मनोबल में निश्चित वृद्धि होगी संगठन की तरफ से को बधाई। – **रवेंद्र गंगवार**, जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ



सरकार द्वारा प्रदेश के 1 लाख 43 हजार शिक्षामित्रों को मानदेय वृद्धि का तोहफा दिया है। शिक्षामित्र एवं उनके परिवार की तरफ से सरकार का आभार है। – **किरन पाल सिंह** ,संगठन मंत्री



शिक्षामित्र मानदेय बढ़ाए जाने के लिए लंबे समय से मांग कर रहे थे। सरकार ने मानदेय बढ़ाकर मानवीय कार्य किया है। सरकार के निर्णय का स्वागत है। – **चरनसिंह**, जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ



मानदेय वृद्धि की घोषणा की गई है। उसका प्रदेश का एक–एक शिक्षामित्र सरकार आभारी है। अगर 12 माह का मानदेय की घोषणा कर दें तो बेहतर रहेगा। – **रमेश चन्द्र सैनी**, शिक्षा मित्र संघ कोषाध्यक्ष



लंबे इंतजार के बाद मानदेय बढ़ा है। जो 8 साल से नहीं बढ़ा था। महंगाई के दौर में मानदेय पर्याप्त नहीं है। सरकार एक ऐसी नीति बनाए जिसमें हर वर्ष मानदेय में बढ़ोतरी हो। – **आनंद प्रकाश गुप्ता**, जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ।

## न्यूज डायरी



### रेंजर्स को दी गांठ बांधने की जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित मदर टेरेसा रेंजर्स शिविर का आरंभ प्रो. अनिता देवी अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर किया। प्रशिक्षक ने रेंजर्स को गांठ बांधने की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. सुनीता ने कहा कि रेंजर प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य नवयुवतियों को शिक्षा के साथ राष्ट्र सेवा में योगदान की भावना को जागृत कर व्यक्तित्व का विकास करना है। प्रोफेसर अनिता देवी अग्रवाल ने कहा कि रेंजर शिविर युवाओं के लिए एक स्वैच्छिक, गैर–राजनीतिक और शैक्षिक आंदोलन है। प्रशिक्षिका नरवंत कौर ने ध्वज शिष्टाचार एवं रेंजर्स के इतिहास के विषय मे रेंजर्स को बताया। सीटी के संकेत, बायां हाथ मिलाना, विभिन्न प्रकार की गांठें एवं बंधन आदि की जानकारी दी। संचालन महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनोरमा चौहान ने किया। इस दौरान रेंजर्स की सदस्य डॉ. अंकिता, डॉ. प्रीति लता सिंह, प्रो. सबीहा परवीन, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. नागेन्द्र पाल, डॉ. सोनू पुरी, डॉ. टिकेंद्र सिंह, डॉ. यामिनी सिंह, डॉ. योगेश चंद्र, डॉ. कासिम आदि मौजूद रहे।

### परिवार गया शादी में, चोरों ने बंद घर से लाखों का माल समेटा



**बिलासपुर, अमृत विचार :** चोरों ने बंद पड़े घर को निशाना बनाते हुए सोने–चांदी के आभूषण, पचास हजार रुपये की नकदी समेत चार लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव मनिहारखेड़ा निवासी वीरपाल 20 फरवरी को परिवार के साथ मकान में ताला डालकर रामपुर में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शनिवार सुबह घर पहुंचा, तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे और अंदर सामान अस्त–व्यस्त मिला। पीड़ित के अनुसार, चोर अलमारी में रखी 50 हजार रुपये की नकदी समेत सोने का मंगलसूत्र, चेन, माथे का टीका, दो अंगूठियां, नाक की लौंग और चांदी के कमरबंद, पायल, कुंडल व बिछिया शामिल हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौका–मुआयना किया और पीड़ित से तहरीर ली है। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और चोरी का जल्द खुलासा किए जाने की मांग की। इस पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं आया है। तहरीर प्राप्त होती है, तो जांच उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।



### एसपी ने महिला आरक्षियों की रात्रि गणना का निरीक्षण किया

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में चल रहे आरक्षी आधारभूत प्रशिक्षण के तहत रिक्रूट महिला आरक्षियों की रात्रि गणना पर उपस्थित रहकर निरीक्षण किया गया। शनिवार रात गणना के दौरान महिला आरक्षियों की उपस्थिति, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन, परेड व्यवस्था, वेश–भूषा तथा व्यवहारिक दक्षता का गहन निरीक्षण किया। उनकी समस्याओ के सम्बन्ध में जानकारी कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षु महिला आरक्षियों से संवाद करते हुए उन्हें प्रशिक्षण अवधि के दौरान शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, समयपालन एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों से अवगत कराया गया।

### ईंट भट्ठा कारोबारी के निधन से शोक

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले के वरिष्ठ उद्योगपति एवं भट्ठा संचालक समाजसेवी हाजी अब्दुल हुसैन का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनका दफीना पैतृक गांव लाला नगला बिलासपुर में अकीदत के साथ किया गया। उन्होंने त्रिशूल मार्का ईंट ब्रांड की स्थापना की। दशकों तक ईंट उद्योग में सक्रिय रहते हुए सैकड़ों को रोजगार दिया। पुत्री जाहिदा सलाम रामपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष रहीं। पुत्र जाकिर हुसैन बिलासपुर ब्लॉक के उप ब्लॉक प्रमुख रहे तथा वर्तमान में रामपुर ईंट निर्माता समिति के अध्यक्ष हैं। छोटे पुत्र शाहिद हुसैन वर्तमान में राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष हैं। उनके दफीने में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाफिज अब्दुल सलाम, सांसद मोहिब्बुल्ला नदवी, पूर्व मंत्री हाजी अकबर हुसैन, किसान नेता तजिंदर सिंह विर्क, जिला पंचायत सदस्य अमरजीत सिंह, हरीश जैन, धर्म पाल जैन, लाला हरदेव रस्तोगी, रालोद किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह बिट्टू, खूब चंद गुप्ता, रालोद जिला महासचिव प्रभात भारद्वाज सहित कई लोग शामिल हुए।



खबरें पेज 9 पर भी पढ़ें

## न्यूज ब्रीफ

### गंगा नगर में गंगा के टापू पर दिखा मगरमच्छ

**हसनपुर,अमृत विचार :** शनिवार सुबह रहरा क्षेत्र के गंगानगर घाट पर गंगा नदी किनारे एक विशाल मगरमच्छ आ गया। ग्रामीण अपने पशुओं को पानी पिलाने और टहलने के लिए गंगनार घाट पहुंचे थे। तभी उनकी नजर नदी किनारे रेत के टीले पर पड़े एक बड़े मगरमच्छ पर पड़ी, जो धूप सेंक रहा था। मगरमच्छ को देखकर शुरुआत में लोग सहम गए। बाद में कई लोगों ने उसे अपने मोबाइल कैमरों में कैद करना शुरू कर दिया। वायरल वीडियो में मगरमच्छ आराम से लेटा हुआ दिखाई देता है और बीच-बीच में सिर उठाकर आसपास की गतिविधियों पर भी नजर डालता है। ग्रामीणों ने चेतावनी बोर्ड लगाने और निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

### आम के पेड़ों के अवैध कटान पर मुकदमा दर्ज

**सैदनगली,अमृत विचार :** थाना सैदनगली क्षेत्र के कस्बा उझारी तहसील हसनपुर में आम के पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। वन विभाग के शाहपुर बीट प्रभारी पलट राम की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वन विभाग अधिकारी पलट राम ने बताया कि गागंव मंसूरपुर में निजी भूमि पर आम के पेड़ों का अवैध कटान किया जा रहा है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जहां कुल 12 आम के पेड़ों को बिना अनुमति काटा जाना पाया गया। टीम को देखते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। तहरीर में आरोप है कि पेड़ों के कटान के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से भूमि की जुताई भी कर दी गई।

### 18 हजार मानदेय पर शिक्षा मित्रों में खुशी

**हसनपुर, अमृत विचार :** सरकार ने शिक्षा मित्रों के मानदेय में भारी वृद्धि करते हुए इसे 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया है। शिक्षा मित्रों ने विधायक के आवास पर पहुंचकर सरकार का आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल ने कहा कि शिक्षा मित्र लंबे समय से आर्थिक तंगी और मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे थे। सरकार का यह निर्णय शिक्षा मित्रों के परिवारों के लिए संजीवनी का काम करेगा। जिला संरक्षक रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा मित्रों और अनुदेशकों को कैशलेस चिकित्सा का निर्णय क्रांतिकारी कदम है। ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौहान,ब्लॉक मंत्री जगत सिंह, दिग्विजय सिंह, राजकुमार चौहान,प्रदीप कुमार, भूरे सिंह, उमेश सैनी,मंगल सिंह, राजपाल सिंह, जयवर्धन सिंह ,भरत सिंह, उम्मेद अली, रणवीर सिंह, पन्नादत्त और देवेश कुमार, प्रेमलता राणा आदि मौजूद रहे।

# मॉडल गांव... गंदगी के अंबार, साफ पानी नहीं

## जोया के गांव डिडौली के लोग विकास के लिए तरस रहे, सड़कें जर्जर, शौचालय बदहाल, ग्रामीण बेहाल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचारः** जोया ब्लॉक क्षेत्र के गांव डिडौली प्रशासन के रिकॉर्ड में मॉडल गांव है। लेकिन यहां विकास पूरी तरह से ठप पड़ा है। कई लाख रुपए की लागत से बने ओवरहेड टैंक से पानी नहीं आता। यहां तक की सड़कें भी टूटी पड़ी है। गांव में खड़ंजा का बुरा हाल है। तथा पथ प्रकाश हेतु लगाई गई लाइटिंग भी कुछ समय बाद खराब हो गईं।

अमरोहा मुख्यालय से करीब 7 किलोमीटर दूरी पर जोया ब्लाक क्षेत्र का गांव डिडौली नेशनल हाईवे पर स्थित है। यह गांव प्रशासन के रिकॉर्ड में मॉडल गांव के नाम पर दर्ज है लेकिन गांव की हालत खराब है। यहां गंदगी के अंबार हैं, सड़कें टूटी पड़ी हैं, तालाब कूड़ा और गंदगी से अटे पड़े हैं। लोग मूलभूत सविधाओं को तरस रहे हैं। 22 से 25 हजार आबादी वाले इस गांव में करीब 10 साल पहले ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया गया था। पाइपलाइन भी बिछाई गई थी लेकिन 6 महीने से गांव के लोगों को पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। गांव में जगह-जगह पाइपलाइन भी टूट गई है। ग्रामीणों को कहना है कि सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च कर ओवरहेड टैंक और पाइपलाइन लगाई थी लेकिन उसके बावजूद भी पेयजल आपूर्ति जैसी पहले थी वैसी ही अब है। इसके अलावा ग्राम पंचायत डिडौली में लाखों रुपए खर्च कर पथ प्रकाश हेतु 4 वर्ष पूर्व लाइट लगाई गई थी। जो कुछ समय बाद ही खराब हो गई लेकिन जिम्मेदारों ने उसे वक्त लाइटों की मरम्मत नहीं कराई। यहां पर बने सामूहिक शौचालय के गेट पर भी ताला लगा रहता है। ग्राम प्रधान की अनदेखी के चलते गांव का विकास कोसों दूर है। ग्राम पंचायत मॉडल गांव के रूप में भले ही दर्ज हो लेकिन सिस्टम की अनदेखी के चलते किसी बीमार ग्राम पंचायत से कम नहीं है।



आरसीसी केंद्र पर लगे ताले। ● अमृत विचार




शौचालय गेट पर लगे ताले, टूटे गेट। ● अमृत विचार



ग्राम प्रधान ने अपने कार्यकाल में कोई नए खड़ंजों एवं गली एवं मोहल्लो में टूटे खडंजों की मरम्मत तक नहीं कराई हैं। ग्रमीण टूटे खड़ंजों पर चलने को मजबूर हैं। यहां तक की लोग पानी को तरस रहे हैं। पाइपलाइन टूटी पड़ी हैं। **-राहुल ठाकुर**



गांव में लाखों रुपए से लगाई गई डस्टबिन अब गायब हो चुकी हैं जिसकी जांच होनी चाहिए। ओवरहेड टैंक शोपीस बनकर रह गया है। कई महीनों से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही। ग्रामीण गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। **-प्रदीप कुमार**



गांव में गंदगी के अंबार हैं। ग्राम प्रधान से इसकी शिकायत कई बार कर चुके हैं। गंदगी से तालाब पटे पड़े है। नलों से गंदा पानी आ रहा है। करोड़ो की लागत से बना ओवरहेड टैंक शोपीस है। पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पा रही। **- प्रमोद शर्मा**



गांव के शौचालय में ताला लगा दिया है। ग्रामीणों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रमीण खुले में शौच को जाने को मजबूर हैं। मुख्य मार्ग पर जलभराव रहता है। इसके अलावा जगह-जगह पाइपलाइन टूटी पड़ी है। करीब 6 महीने से लोग पानी को तरस रहे हैं। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। **-पंकज ठाकुर**

पाइपलाइन खराब होने के कारण पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रही है। शौचालय का ताला खोला जाता है तो अराजक तत्वों का का अड्डा बन जाएगा इसलिए ताला लगा रहता है। जल्द ही पानी की टंकी शुरू कराई जाएगी। सड़कों की भी मरम्मत कराई जाएगी।

**- महीपाल सिंह,** ग्राम प्रधान

# छुट्टा पशुओं से नहीं मिल रही निजात, लोग परेशान

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं समेत आसपास अन्य गांवों में छुट्टा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशु आए दिन लोगों पर जानलेवा हमला कर रहे हैं। फसलों को नष्ट कर किसानों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशु वाहन सवार लोगों के लिए हादसों का सबब बने हैं। सबसे ज्यादा हादसे बाइक सवार लोगों के साथ हो रहे हैं। पशुओं से टकराने के बाद बाइक सवारों की मौत तक हो जाती है।बीते दिनों गांव ख्यालीपुर में छुट्टा पशु के हमले में एक बुजुर्ग की मौत भी हो चुकी है। छुट्टा पशुओं की बढ़ रही संख्या से किसान परेशान हैं। पशुओं का झुंड जिस खेत में घुस जाता है, उसे नष्ट करने के बाद ही बाहर निकलता है। कड़ाके की सर्दी हो या भीषण बारिश, या गर्मी सभी मौसम में किसानों को खेतों पर ही रहना पड़ रहा है।

### पशुओं को पकड़ने को गंभीर नहीं अधिकारी

छुट्टा पशुओं के चलते हादसे भी हो रहे हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात नहीं दिलवा रहे हैं। किसानों के सभी संगठन अपनी मांगों में छुट्टा पशुओं से निजात दिलवाने की मांग को प्रमुखता से उठा रहे हैं इसके बाद भी नतीजा शून्य बना है। यही वजह है कि सड़कों व खेतों तक में छुट्टा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।



सड़क पर घूमते पशु। ● अमृत विचार

# कॉटन वेस्ट कारखाने में आग से लाखों का नुकसान

**अमरोहा,अमृत विचारः** कॉटन वेस्ट कारखाने में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

मोहल्ला इस्लामनगर में दानिश मंसूरी का कॉटन वेस्ट का कारखाना है। शुक्रवार की शाम को दानिश कारखाना बंद कर घर चले गए थे। देर रात अचानक कारखाने में आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और कारखाने में रखे भारी मात्रा में कॉटन वेस्ट को अपनी चपेट में ले लिया। आबादी के बीच कारखाने में आग लगने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। आग की लपटें आसमान छू रहीं थी। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद रात में ही आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। आग बुझने तक कारखाने में रखा सारा सामान जल चुका था, जिससे मालिक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। दानिश मंसूरी ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। घटना के समय वह अपने घर में सो रहे थे। करीब डेढ़ बजे धुएं से उनकी आंख खुली, तब तक आग भयंकर रूप ले चुकी थी।



# तेज रफ्तार बाइक ई-रिक्शा में घुसी दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचारः** तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक शुक्रवार की रात ई-रिक्शा में घुस गई। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए।

शहर की बस्ती निवासी रोहित व मुकेश बाइक से शुक्रवार की रात एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। शहर के खाद गुर्जर चौराहा पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा में घुस गई। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। आसपास के जमा हुए लोगों ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मुकेश की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# भाजपाइयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका, नारेबाजी



राहुल गांधी के विरोध में प्रदर्शन करते भाजपाई। ● अमृत विचार



राहुल गांधी का जलता पुतला। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **एआई सम्मिट में कांग्रेसियों के प्रदर्शन पर जताई नाराजगी**

**अमृत विचारः** भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कराने को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शुभम चौधरी के नेतृत्व में युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन और जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस द्वारा एआई समिट के माध्यम से भारत की छवि को कथित रूप से धूमिल करने का प्रयास किया गया है, जो देश के विरुद्ध है। कार्यकर्ताओं ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लोगों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस दौरान युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शुभम चौधरी ने बताया कुछ कांग्रेसियों ने भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करने का प्रयास किया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की गरिमा, एकता और वैश्विक प्रतिष्ठा सर्वोपरि है। यदि किसी भी मंच से देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले बयान या प्रदर्शन किए जाते हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने इस कृत्य की कड़ी निंदा कर कांग्रेसियों पर मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए

- **संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश**

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित आनंद ने ब्लॉक में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतों को सुना। राजस्व और ब्लॉक की शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित आनंद ने शिकायतों को सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 11, विद्युत विभाग की 1, पुलिस विभाग की 3, जल निगम की 1 और बैंक की 1 सहित कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 03 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता दर्शन, सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस पोर्टल, तहसील दिवस एवं अन्य दिवसों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापरक तरीके से त्वरित निस्तारण करें। यह भी कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत 22 फरवरी को सभी मतदान केंद्रों पर आयोजित होने वाले विशेष अभियान दिवस में सभी अधिकारियों से पूर्ण सक्रिय भागीदारी करें। ताकि कोई भी पात्र मतदाता नामांकन से वंचित न रहे। उपजिलाधिकारी शैलेश कुमार दुबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक अम्बरीष कुमार सहित जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनतीं डीएम निधि गुप्ता। ● अमृत विचार

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आयोजन

**हसनपुर, अमृत विचारः** महाविद्यालय चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन डगरोली में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिन का उद्घाटन महाविद्यालय निदेशक पुनीत अग्रवाल ने गांव बोनावाली डगरोली में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने स्वच्छता विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा की स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत स्वच्छता सामुदायिक भागीदारी और सतत जीवन शैली का उत्सव है। इस अवसर पर डॉ राकेश आर्य ,मनोज कुमार शर्मा, विनोद गुप्ता ,अतुल शर्मा ,लोकेश कुमार ,जूही त्यागी, कोशिंदर कुमार ,शिवानी ,नीरज, राखी,सरस्वती,मोनिका ,पूजा अनीता ,शीतल उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी



### किसानों की समस्याओं पर की गई चर्चा, निस्तारण की मांग

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ की बैठक करनपुर माफी स्थित तहसील के निकट कृषि कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा ने कहा कि सरकार के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने की घोषणा 2025 में की गई। परंतु अभी तक बैंक किसानों को उसका लाभ नहीं दे रहा है और लगभग पहले 2 वर्ष से 3 .1 अनुदान राशि वापस नहीं की। हर घर जल हर घर नल योजना के तहत हर गांव में पानी की टंकी बनाई गई है। परंतु वह केवल सफेद हाथी है। आपूर्ति विभाग द्वारा अनेकों पात्र राशन कार्ड धारकों के कार्ड समय-समय पर काट दिए जाते हैं और अवैध वसूली की जाती है। किसानों द्वारा भूमि जोत में कमी के चलते उप जिला अधिकारी कार्यालय में चकबंदी का मामला चलाया जाता है। फैसला अनुकूल होने के बाद भी किसानों को तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भदौरा का मार्ग अत्यंत जर्जर है। बिजली कटौती को तुरंत बंद कराया जाए। महिपाल सिंह, चौधरी कर्मेंद्र सिंह, जयप्रकाश शर्मा, धर्मेंद्र, शिवाजी ,जबर सिंह ,लल्लू सिंह, नरेश सिंह, सतीश कुमार, चंद्र प्रकाश शर्मा ,ओमवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### स्ट्रॉबेरी की खेती का सीडीओ ने किया निरीक्षण

**मंडी धनौरा,अमृत विचार :** क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुसल्लेपुर में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी मिश्रा ने महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा की जा रही स्ट्रॉबेरी की खेती का मुआयना किया। उन्होंने स्ट्रॉबेरी उगा रही दीदियों से बातचीत कर उनके कार्य की सराहना की। महिला समूह की दीदियों ने बताया कि गांव में करीब 90 बीघा भूमि पर समूह के माध्यम से स्ट्रॉबेरी की खेती की जा रही है। इससे गांव की महिलाओं को रोजगार मिला है और उनकी आमदनी भी बढ़ रही है। सीडीओ ने कहा कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अच्छा कदम है और अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा है। इस मौके पर एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, एडीओ पंचायत गजरौला सतेंद्र सिंह, पंचायत सचिव सुमित सैनी, बीएमसी सविता व कुसुम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने खेती के तरीके, सिंचाई व्यवस्था और देखरेख की जानकारी ली और समूह की महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### थाना अमरोहा देहात का डीएम ने किया निरीक्षण

- **भूमि संबंधी विवादों के राजस्व टीम के सहयोग से प्राथमिकता पर निस्तारण के निर्देश**

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने थाना अमरोहा देहात का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, मिशन शक्ति केंद्र, डाक कार्यालय, साइबर सेल, मुख्य कार्यालय, अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, चौकीदार उपस्थिति रजिस्टर, गुंडा रजिस्टर, पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन रजिस्टर की गहन समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने मिशन शक्ति केंद्र के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़े अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने, साइबर सेल द्वारा साइबर अपराधों के प्रति त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा संबंधित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। भूमि संबंधी विवादों को चिन्हित कर राजस्व टीम के सहयोग से प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही मिशन शक्ति केंद्र पर तैनात महिला आरक्षियों को निर्देश दिए कि वे ग्राम स्तर पर महिलाओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लाभान्वित कराएं। कहा कि कानून व्यवस्था का पालन किया जाए। प्रभारी निरीक्षक शौकेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सरकारी स्कूल के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से खतरा

**हसनपुर,अमृत विचार :** हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव आगापुर उर्फ याकूबपुर में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। गांव में स्थित सरकारी स्कूल परिसर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन और जर्जर हो चुके दो विद्युत पोल किसी बड़ी अनहोनी को दावत दे रहे हैं। गांव में एक ही परिसर में प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाई स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र संचालित होते हैं। स्कूल के ठीक ऊपर से हाई टेंशन विद्युत गुजर रही है और दो पोल पूरी तरह झुक चुके हैं, जो कभी भी धराशायी हो सकते हैं। इंचार्ज अध्यापक शराफत हुसैन ने बताया कि विभाग को कई बार लिखित रूप में सूचना दी जा चुकी है। लेकिन अभी तक पोल ठीक नहीं किए गए हैं। इससेहमेशा डर बना रहता है। ग्रामीण सतपाल सैनी ने बताया कि कई बार बिजली घर के चक्कर काटने के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ है। जर्जर पोल हादसे को दावत दे रहे हैं। जब इस बारे में बिजली एसडीओ मिथिलेश कुमार से बात की गई, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि मामला संज्ञान में है और जल्द ही पोल को दुरुस्त करा दिया जाएगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने सुनीं शिकायतें



शिकायतें सुनते एडीएम न्यायिक धीरेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

- **16 में दो शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण**

**अमृत विचारः** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एडीएम न्यायिक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उनके साथ उप जिलाधिकारी हिंमाशु उपाध्याय और पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज त्यागी भी मौजूद रहे। 16 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें 2 का निस्तारण कर दिया गया।

सर्वाधिक 6 शिकायतें राजस्व विभाग के थे, जबकि पुलिस विभाग से 4, विकास विभाग से 2, पूर्ति विभाग से 1 और अन्य विभागों से संबंधित 3 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार मनोज कुमार, वन रेंजर नरेश कुमार, ईओ विजयपाल सिंह, एसडीओ मिथिलेश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

# समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग

- **26 फरवरी तक कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन शंकर के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 26 फरवरी तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 27 फरवरी को आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और पैदल मार्च किया जाएगा।

संगठन ने आरोप लगाया कि रामलीला कमेटी धनौरा द्वारा 32 रेडी-पटरी व्यापारियों को जबरन हटाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही तिगरी धाम गंगा तट की बदहाल स्थिति पर प्रशासन की चुप्पी पर गहरा रोष जताया गया। संगठन का कहना है कि अंतिम संस्कार के बाद अधजली लकड़ियां, राख और अन्य अवशेष खुले में पड़े रहने से गंगा की पवित्रता प्रभावित हो रही है। तहसील कार्यालय में अंश निर्धारण, विरासत और किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े लंबित मामलों का निस्तारण तथा भ्रष्टाचार पर रोक की मांग की। बैंक, खाद केंद्र, धान क्रय केंद्र और अन्य संस्थानों में बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए बेहतर डिजिटल कनेक्टिविटी, बकाया गन्ना मूल्य का 15 दिन में भुगतान, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 5 लाख रुपये तक बढ़ाने और अतिरिक्त ब्याज वसूली पर रोक, फाजलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर फोर लेन ओवरब्रिज निर्माण, गजरौला में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना व रसूलपुर भंवर गांव की सुरक्षा के लिए रिंग बांध निर्माण की मांग की। राकेश रतनपुर, बलबीर सिंह, राधेश्याम, नरेश, रश्मि यादव, शीशपाल, पूनम, जितेन्द्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, जिले, पिंकेश यादव, सुनीता यादव, गुरपतवंत सिंह आदि मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन शंकर से जुड़े किसान। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास में दोषी को तीन वर्ष की सजा

**चंदौसी, अमृत विचार :** गुन्नौर थाना क्षेत्र के ग्राम लहरा नगला श्याम निवासी शीलू को नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने तीन वर्ष कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। घटना 11 अप्रैल 2019 की है, जब पीड़िता घर पर अकेली थी। आरोपी ने उसे पकड़कर गलत हरकत करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर वह भाग गया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को धारा 452 और पॉक्सो एक्ट में तीन-तीन वर्ष के कारावास व 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। वहीं साक्ष्य के अभाव में अन्य आरोपों से बरी कर दिया।

### रजपुरा में किराना दुकान से लिए सैंपल

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा रजपुरा स्थित शुक्रवार की देर शाम खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने परचून की दुकानों पर छापेमारी की। इस बीच टीम पहुंचने के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया और तमाम दुकानदार अपने शटर गिरा मौके से फरार हो गए। खाद्य विभाग की टीम को दो परचून की दुकानों पर पहुंच कर कार्रवाई की गई। जिसमें दयाशंकर किराना स्टोर पर पहुंच कर अरहर की पोलिश लगी दाल का सैंपल लिया गया। वहीं उस्मान किराना स्टोर से मिर्च पाउडर की थैली तथा पापे का सैंपल लिया गया।

### छात्र समेत तीन घायल देरी से पहुंची एंबुलेंस

**सौंधन, अमृत विचार :** देवरी गांव निवासी दो भाई रवि और यशपाल एक ही बाइक से संभल की ओर से आ रहे थे। सौंधन बस स्टैंड के पास स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौट रहे सौंधन निवासी कक्षा छह के छात्र आरव को उनकी बाइक ने टक्कर मार दी। आरव व दोनों बाइक सवार भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। परिजनों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद 108 एंबुलेंस करीब एक घंटे की देरी से पहुंची। आरव को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जबकि घायल बाइक सवारों को सौंधन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एनएसएस का विशेष शिविर आरंभ

**चंदौसी, अमृत विचार :** कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय, नरौली के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर मंदिर झंडे वाले परिसर में प्रारंभ हुआ। शिविर की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर की गई। सभासद रिंकी देवी ने युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सचेत रहने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. रुपेश कुमार मिश्रा ने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# नहीं थम रहा 'यादव जी की लव स्टोरी' का विरोध

## सड़कों पर उतरा यादव समाज, कलेक्ट्रेट के निकट प्रदर्शन कर फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की, पोस्टर लहराए

कार्यालय संवाददाता, संभल



पोस्टर लहराते यादव समाज के नेता। ● अमृत विचार


बड़ा मैदान पर फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के खिलाफ प्रदर्शन को जुटे लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के खिलाफ यादव समाज के हजारों लोगों ने सड़क पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बहजोई में कलेक्ट्रेट के निकट बड़ा मैदान पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में दो टूक कहा गया कि फिल्म पर पाबंदी नहीं लगी तो परिणाम अच्छा नहीं होगा। समाज अपने गौरव की रक्षा के लिए पूरी ताकत से विरोध पर उतरेगा। फिल्म पर पाबंदी की मांग को लेकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

यादव समाज की तरफ से चार दिन पहले 21 फरवरी को बहजोई बड़ा मैदान पर प्रदर्शन के कार्यक्रम का ऐलान किया गया था। शनिवार को सुबह से ही जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों से यादव समाज के लोग बड़ा मैदान पर पहुंचने शुरु हो गये। दोपहर 12 बजे तक बड़ा मैदान पर एक हजार से ज्यादा लोग इकट्ठा हो चुके थे। सभी लोग अपने हाथों में फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के खिलाफ नारे लिखे पोस्टर व बैनर उठाए हुए थे। इसके साथ ही फिल्म के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी हो रही थी।

भाजपा के पूर्व एमएलसी भारत सिंह यादव ने कहा कि किसी भी समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाली फिल्म स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि 27 फरवरी को रिलीज प्रस्तावित यह फिल्म समाज को नीचा दिखाने की कोशिश है। उन्होंने सवाल उठाया

**● समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाली फिल्म स्वीकार नहीं करेंगे : भारत सिंह**

कि जब फिल्म के किरदार, निर्माता या लेखक यादव समाज से नहीं हैं तो समाज का नाम क्यों जोड़ा गया है। उन्होंने सरकार से फिल्म पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि जाति विशेष को निशाना बनाकर फिल्म बनाना गलत परंपरा है। प्रधान राजीव यादव राजू ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल फिल्म को रुकवाना है और सरकार को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। सपा नेता सुनील यादव ने कहा कि समाज के अपमान की साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। फिल्म निर्माता गलत कर रहा है तो सरकार को चाहिए कि वह फिल्म पर सख्त पाबंदी लगाने का काम करे ताकि आगे से कोई फिल्म निर्माता किसी समाज या जाति को बदनाम करने का साहस न कर सके। नरेश पाल यादव एडवोकेट ने कहा कि फिल्म से समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। अशोक यादव ने बताया कि डीएम की अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर नीतू रानी को ज्ञापन सौंपकर 27 फरवरी को प्रस्तावित रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई है।

प्रदर्शन में पंवासा ब्लॉक प्रमुख पति ह्रदेश यादव, गुन्नौर ब्लॉक प्रमुख आशीष कुमार उर्फ हनी यादव, ब्लॉक प्रमुख गौरव यादव, भाकियू असली के जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, शंकर सिंह यादव, महेश यादव, सुरेंद्र यादव, रवि यादव, विकास यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव यादव, किसान नेता जयवीर सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

### स्टंटबाजी पर पुलिस ने युवक को पकड़ा समर्थकों ने छुड़ाया

**संभल।** फिल्म के विरोध में प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के बाद उस समय माहौल गरमा गया जब शरद यादव नाम के एक युवक ने बड़ा मैदान पर हजारों की भीड़ के बीच कार पर चढ़कर स्टंटबाजी शुरू कर दी। मौके पर मौजूद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए युवक को हिरासत में लेने का प्रयास किया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नोएडा निवासी शरद यादव विरोध कार्यक्रम के बाद वाहन से करतब दिखा रहा था। इसे देखते हुए पुलिसकर्मियों ने उसे गाड़ी से नीचे उतारकर हिरासत में लेने की कोशिश की। इसी दौरान कुछ युवक भड़क गए और पुलिस की कार्रवाई का विरोध करने लगे। बताया गया कि समर्थकों ने पुलिस की हिरासत में लिए गए युवक को छुड़ाकर वापस गाड़ी में बैठा दिया और उसे वहां से रवाना कर दिया।


कार से स्टंटबाजी के आरोप में युवक को पकड़कर ले जाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

**संभल।** बहजोई बड़ा मैदान पर यादव समाज के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्ट्रेट और बड़ा मैदान पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सीओ डॉ प्रदीप कुमार के नेतृत्व में इंस्पेक्टर संत कुमार, इंस्पेक्टर अजीत कुमार, थाना प्रभारी धनारी संजय कुमार, थाना प्रभारी बनियाठेर मनोज कुमार वर्मा के साथ ही भारी संख्या में पुलिस और आरआरएफ के जवान तैनात रहे।

## सड़क हादसों में युवती व दंपति गंभीर घायल

**बबराला, अमृत विचार:** शनिवार शाम अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में एक युवती और एक दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

पहली घटना गुन्नौर नगर के मोहल्ला नई बस्ती की है। सायमा (18) नगर स्थित हाईवे से होकर डेरी से दूध लेने जा रही थी। मेरठ-बदायूं हाईवे पर एचपी पेट्रोल पंप के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवती गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। आसपास मौजूद राहगीरों ने उसे तत्काल गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। दूसरी दुर्घटना में जिला अमरोहा के थाना रहा क्षेत्र के गांव पौरारा निवासी अरविंद अपनी पत्नी नेहा के साथ बाइक से बबराला थाना क्षेत्र के गांव कैल स्थित ससुराल जा रहे थे। गांव कैल से लगभग एक किलोमीटर पहले गंवा-बबराला मार्ग पर यारा फर्टिलाइजर प्लांट के समीप अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दंपति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के पैर फ्रैक्चर बताए जा रहे हैं। घायलों को एंबुलेंस से गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## कच्ची छत ढहने से आठ लोग दबे, दो गंभीर

**● शादी वाले घर में अचानक भरभराकर ढह गई कच्ची छत**

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी


करेला गांव में मकान की छत गिरने के बाद पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बनियाखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत गांव करेला में शादी वाले घर की कच्ची छत भरभराकर गिर गई। दो बच्चों सहित आठ लोग मलबे में दब गए। दो घंटे की मशक्कत के बाद सभी घायलों को बाहर निकाला गया। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई गई है। चार घायलों का इलाज जिला संयुक्त चिकित्सालयमें चल रहा है।

करेला गांव में टिंकू पुत्र देवीदास के मकान में राजकुमार पुत्र हरिद्वार लाल मौर्य की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। घर में मेहमान ठहरे हुए थे। पांच मेहमान टिंकू के मकान में सो रहे थे। शनिवार देर रात करीब दो बजे अचानक मकान की कच्ची छत भर भराकर गिर गई। हादसा हुआ तो मकान के अंदर सो रहे सभी लोग मलबे में दब गए। शोर सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गये। सभी लोग मलबे में दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के काम में जुट गये। दो घंटे की मशक्कत के बाद सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया। हादसे में टिंकू, उसकी मां सावित्री, रिश्तेदार रामवती, ताराचंद), आकाश, अंजू, राधा और मुनीश घायल हो गए।

एंबुलेंस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदौसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में चार लोगों को जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल रेफर किया गया है। मामूली रूप से घायल टिंकू सहित चार लोगों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घायल टिंकू ने बताया कि शादी के चलते घर में मेहमान रुके थे। देर रात सभी सो रहे थे, तभी अचानक छत गिर गई। धर्मपाल ने आशंका जताई कि गाटर में चटक आने के कारण यह हादसा हुआ। धर्मवीर ने बताया कि कच्ची छत गिरने से सात-आठ लोग दब गए थे, जिनमें दो की हालत ज्यादा गंभीर है।

## रूपजहां की हत्या का आरोपी भाई गिरफ्तार

**● हिंदू युवक से प्रेम प्रसंग से नाराज होकर की हत्या**

कार्यालय संवाददाता, संभल


असमोली पुलिस की गिरफ्त में बहन का हत्यारोपी भाई जाने आलम।

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के मतावली पट्टी गांव में प्रेम प्रसंग के चलते युवती की गला दबाकर हत्या के मामले में पुलिस ने हत्या आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से वह प्लास्टिक की रस्सी भी बरामद कर ली है जिससे उसने अपनी बहन की गला दबाकर हत्या की थी।

असमोली थाना इलाके के मतवाली पट्टी गांव में गुरुवार की रात नौशे की 20 साल की बेटी रूपजहां की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। रात 9 बजकर 57 मिनट पर रूपजहां के भाई जाने आलम ने डायल 112 को काल कर बताया था कि उसने अपनी बहन की हत्या कर दी है और लाश घर में ही पड़ी है। पुलिस गांव पहुंची तो रूपजहां की लाश पड़ी थी। पुलिस का कहना है कि सूचना देने के बाद जाने आलम फरार हो गया था जिसे शनिवार को मनोटा पुलिस के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार ने बताया कि जाने आलम के पास से वह प्लास्टिक की रस्सी भी बरामद की गई है जिससे उसने रूपजहां की हत्या की थी। जाने आलम को पुलिस ने अदालत के सामने पेश किया था। अदालत के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। बताया गया था कि जिस समय भाई जाने आलम ने बहन रूपजहां की हत्या की उस समय परिवार के बाकी लोग घर पर नहीं थे और दावत में कहीं गये थे। इस बात की सत्यता को भी पुलिस जांचने का काम कर रही है।

### जाने आलम को अपने किये पर नहीं कोई पछतावा

**संभल।** जाने आलम को अपने किये पर कोई पछतावा नहीं है। पुलिस द्वारा अदालत में पेश करने के समय भी जाने आलम के चेहरे पर पछतावे के भाव नहीं थे। कचहरी परिसर में उससे पूछा गया कि बहन को मार दिया तुमने, कोई पछतावा है। जाने आलम कुछ देर तक शांत खड़ा देखता रहा। जब यह सवाल कई बार पूछा गया तो उसने जवाब दिया कि किस बात का पछतावा, जो होना था वह हो गया।

### हिंदू युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी थी इसलिए कर दी हत्या

**संभल।** रूपजहां गांव के ही हिंदू युवक शिवम सैनी से प्यार करती थी और शादी करने की जिद पर अड़ी थी। रूपजहां का परिवार इस बात को लेकर परेशान था कि बेटी गांव में ही उनकी नजरों के सामने दूसरे समुदाय के युवक के साथ रहेगी तो कैसे इस हालात का सामना करेंगे। पूरा परिवार पिछले कई माह से रूपजहां पर दबाव बना रहा था कि वह शिवम सैनी को भूल जाये, लेकिन रूपजहां एक ही जवाब देती थी कि वह शादी भी शिवम से करेगी और रहेगी भी इसी गांव में। जब परिवार की समझ में आ गया कि रूपजहां अपने फैसले को नहीं बदलेगी, तो फिर उसकी हत्या का प्लान तैयार कर लिया गया।

## यात्री ट्रेनों को समय से चलाने की मांग

संवाददाता, चंदौसी


चंदौसी में स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने शनिवार को नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में चंदौसी रेलवे स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर यात्री ट्रेनों की लगातार देरी पर चिंता जताई।

पदाधिकारियों ने कहा कि रेलवे प्रशासन द्वारा मालगाड़ियों की शंटिंग को प्राथमिकता देने के कारण पैसेंजर, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें समय से नहीं चल पा रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता ने कहा कि पहले यात्री ट्रेनों को निकाला जाए उसके बाद ही मालगाड़ियों की शंटिंग की जाए। चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान शुभम अग्रवाल, तुषार, विक्की रस्तोगी, अभय, बबलू ठाकुर, रितिक वार्ष्णेय और शाहआलम मंसूरी मौजूद रहे।

## एसएम कॉलेज प्रबंधन ने दुकानदारों को दिए नोटिस

**चंदौसी, अमृत विचार:** एसएम कॉलेज प्रशासन ने महाविद्यालय की परिधि में स्थित सभी व्यवसायिक दुकान दारों को नोटिस जारी किया है।

नोटिस में कहा है कि महाविद्यालय की अंतिम सीमा तक तथा फील्ड विधि संस्थान के सामने बनी सभी दुकानें एसएम कॉलेज के स्वामित्व में हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने निर्देशित किया कि सभी दुकानों का किराया सीधे महाविद्यालय कार्यालय में ही जमा किया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि इन दुकानों के किराये से किसी अन्य संस्था, सोसाइटी या संस्थान का कोई संबंध या अधिकार नहीं है। किरायेदारों से कहा गया है कि वेकिराया महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर उसकी विधिवत रसीद प्राप्त करें। यदि कोई किरायेदार ऐसा नहीं करता है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं संबंधित किरायेदार की होगी। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी किरायेदारों से निर्देशों का पालन करने और किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए समय से किराया जमा करने की अपील की है।

## विवादित स्थल पर नमाज रोकने की मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल


कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन लेकर पहुंचे कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्रीहरिहर मंदिर बनाम शाही जामा मस्जिद प्रकरण को लेकर शनिवार को हिंदू शक्ति दल के पदाधिकारियों ने ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। विवादित स्थल पर नमाज पर रोक लगाने की मांग करते हुए नवरात्र में पूजा-अर्चना की चेतावनी दी।

शनिवार को हिंदू शक्ति दल के अध्यक्ष सिमरन गुप्ता समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और डिप्टी कलेक्टर नीतू रानी को राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए गए। संगठन की ओर से कहा गया कि विवादित स्थल जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने पर रोक लगाई जाए। संगठन ने नमाज के मामले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए संबंधित मौलवियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सिमरन गुप्ता ने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है, ऐसे में नमाज पर रोक लगाई जानी चाहिए। यदि प्रशासन नमाज पर रोक नहीं लगाता है तो नवरात्र में संगठन वहां पूजा-अर्चना शुरू करेगा।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने 250 किलो रसगुल्ला नष्ट कराए

कार्यालय संवाददाता, संभल

**● ग्राम भिरावटी में कारखाने पर मारा छापा, नमूने जांच को लिए**

**अमृत विचार :** होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। ग्राम भिरावटी में एक कारखाने में 250 किलोग्राम सफेद रसगुल्ला नष्ट कराए गए। कारखाना बंद करने के निर्देश दिए गए।

शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने ग्राम भिरावटी में प्रेमपाल के कारखाने का निरीक्षण किया। सफेद रसगुल्ला का भंडारण अस्वच्छ एवं अस्वस्थकर दशाओं में पाया गया। टीम ने मौके पर ही करीब 250 किलोग्राम सफेद रसगुल्ला नष्ट कराया। साथ ही खाद्य कारोबार को अग्रिम आदेशों तक बंद रखने के निर्देश दिए गए। संदिग्ध खाद्य पदार्थ का नमूना संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। कार्रवाई के दौरान टीम में मानवेन्द्र सिंह सहायक आयुक्त खाद्य, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह व सुधीर कुमार सिंह मौजूद रहे। सहायक आयुक्त खाद्य मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि होली के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए चलाए जा रहे खास अभियान के तहत कार्रवाई की गई है। विभाग की कई टीमें जनपद में लगातार कार्रवाई करने में लगी हैं। विक्रेताओं को साफ हिदायत दी गई है कि वह मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न करें। जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ का कोई भी मामला सामने आयेगा तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## अनुपस्थित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, संभल


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम राजेंद्र पैंसिया व अन्य अफसर।

**अमृत विचार:** जन सामान्य की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील संभल के सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने गैर हाजिर अफसरों का जवाब तलब किया है।

संभल तहसील सभागार में सुबह दस बजे से ही फरियादियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि शिकायतों को लंबित न रखा जाए। प्रत्येक प्रार्थना पत्र का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण यथासंभव निचले स्तर पर ही कर

**● डीएम ने दिए शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश**

दिया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार प्रजापति ने आरोप लगाया कि कानूनगो द्वारा उनकी आराजी की निशानदेही नहीं की जा रही है। जिलाधिकारी ने संबंधित कानूनगो पंकज गुप्ता को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी संभल रामानुज, क्षेत्राधिकारी संभल कुलदीप कुमार, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 55 शिकायतें दर्ज, 10 का निस्तारण

**चंदौसी, अमृत विचार :** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी और सीओ मनोज कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, आवास योजना और अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। नवाबपुरा कैथल के एक व्यक्ति ने दाखिल-खारिज लंबित होने की शिकायत की, जबकि अतरासी निवासी ने चकबंदी अभिलेख में संशोधन की मांग रखी। कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के किसानों ने चकरोड पर अवैध कब्जे का मुद्दा उठाया। एक प्रार्थनापत्र में मृत सफाई कर्मचारी के परिवार को पेंशन व अन्य लाभ न मिलने की समस्या भी सामने आई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। कुल 55 शिकायतों में से 10 का मौके पर निस्तारण किया गया।

## रीठ-बहोरनपुर मार्ग बदहाल मरम्मत की उठाई मांग


रीठ-बहोरनपुर मार्ग की जर्जर हालत। ● अमृत विचार

**चंदौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के रीठ से बहोरनपुर तक करीब दो किलोमीटर सड़क की हालत बेहद खराब है।

जगह-जगह गड्ढों और उखड़े हिस्सों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। यह मार्ग शाहबाद (रामपुर) को जोड़ता है और दोनों जिलों के ग्रामीणों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है। रीठ के साप्ताहिक पशु बाजार में रामपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क का जल्द निर्माण कराया जाए, ताकि आवागमन सुगम हो सके और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### अक्षरा को बीकॉम आनर्स में मिला गोल्ड मेडल



**रामपुर, अमृत विचार :** ज्वालानगर के कृष्णा विहार कालोनी निवासी नीरज कुमार शर्मा की बेटी अक्षरा शर्मा ने दिल्ली विवि में बीकॉम ऑनर्स में सर्वाधिक प्रतिशत अंक पाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। दिल्ली विवि में हुए समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, सूरीनाम गणराज्य की राजनयिक सुनैना मोहन, इंडिया हैबिटेट सेंटर के महानिदेशक केजी सुरेश, यूजीसी के संयुक्त सचिव डॉ. जीएस चौहान, महाविद्यालय के शासी निकाय के कोषाध्यक्ष प्रो. कुलवीर गोजरा आदि मौजूद रहे। अक्षरा ने इंटर तक की शिक्षा केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ से प्राप्त कही है। 10वीं और 12वीं में भी टॉप किया था और इन्हें मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया था।

### मोर को मारने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**मथुरा, एजेंसी :** जिले के जैंत थानाक्षेत्र में पुलिस ने वन विभाग की सूचना पर एक युवक को राष्ट्रीय पक्षी मोर को मारने के आरोप में गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ इस संबंध में एक मामला भी दर्ज किया गया है। जिला वन अधिकारी वेंकटा श्रीकर पटेल ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि हरियाणा के फरीदाबाद निवासी एक युवक विजेंद्र उर्फ बीरेंद्र (25) पुत्र ज्ञान सिंह मोर को मारकर थैले में बंदकर ले जाने की फिराक में है। उन्होंने बताया कि पुलिस के उसे पकड़ कर विधिक कार्रवाई की। युवक ने पेड़ पर बैठे एक मोर को डंडे से मार डाला और प्लास्टिक के थैले में डालकर ले जाने का प्रयास कर रहा था, तभी उसे पकड़ लिया गया।

### तालाब में डूबने से दो लड़कियों की मौत

**हरदोई, एजेंसी :** हरदोई के पिहानी थाना क्षेत्र के रामपुर दहेलिया गांव में तीन नाबालिग लड़कियां तालाब में डूबी गईं, जिनमें से दो की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर को तीनों लड़कियां सिंघाड़ा इकट्ठा करने के लिए तालाब में घुसी थीं। जब वे डूबने लगीं तो एक को ग्रामीणों ने बचा लिया, जबकि दो अन्य को बचा नहीं सके। एसडीआरएफ ने कमलेश की बेटियों – प्रियंका (12) और आरुषि (13) के शव बरामद किए।

### 10वीं की छात्रा ने की आत्महत्या

**इटावा, एजेंसी :** जिले की फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में 10वीं कक्षा की छात्रा ने अपने घर पर कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 15 वर्षीय अनुष्का गौतम के रूप में हुई है, जो 17 फरवरी को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की गणित की परीक्षा देने के बाद कथित तौर पर मानसिक तनाव में थी। थाना प्रभारी (एसएचओ) अमित कुमार मिश्रा के मुताबिक, घटना शुक्रवार शाम की है लड़की घर पर अकेली थी। उसकी मां और भाई घरेलू सामान खरीदने बाजार गए थे। परिवार शाम को लौटा, तो उन्होंने अनुष्का को फंदे से लटका हुआ पाया।

# लूट के विरोध पर सिपाही के बहनोई की गोली मारकर हत्या

बरेली कार्यालय

- बदमाश 68 हजार रुपये लूट ले गए, सुभाषनगर थाना क्षेत्र के प्रगति नगर में वारदात

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात लूट के इरादे से घर में घुसे बदमाशों ने बड़ी वारदात कर दी। बदमाशों ने लूट का विरोध करने पर सिपाही के बहनोई की गोली मारकर हत्या कर दी। 68 हजार रुपये की रकम वाले बैग को लूट गए। एसपी सिटी समेत अन्य पुलिस अफसरों ने घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन की। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। शनिवार सुबह पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के प्रगति नगर निवासी जोगेंद्र लोधी मूल रूप से ग्राम तिगरा खानपुर थाना आंवला के रहने वाले थे। वह शुक्रवार रात घर के बरामदे में सो रहे थे। पत्नी अनीता पास में सो रही थीं। अनीता ने बताया कि रात करीब 1 बजे अचानक मकान की छत पर कुछ आहट सुनाई दी। इससे वे दोनों जाग गए। जोगिंदर व उनकी पत्नी अनीता जीने से छत पर जाने लगे। उन्होंने डंडे से बदमाशों को ललकारा, लेकिन बदमाशों ने तमंचे से जोगेंद्र को गोली मार दी। गोली उनके सीने में लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस बैग में 68 हजार रुपये रखे थे, बदमाश उसे लेकर भाग गए। सूचना पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने मृतक के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी जुटाई। सुभाषनगर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश में कई टीमों को लगाया गया है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा। जोगेंद्र सब्जी विक्रेता थे।

## सिटी हीट एक्शन प्लान को कमेटी गठित, लू व भीषण गर्मी से बचाव को करेंगे जागरूक

# ठंड बीती अब हीट वेव से बचाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अगले सप्ताह होने वाली बैठक में डीएम लेंगे प्लान के अनुरूप तैयारियों का फीडबैक

**अमृत विचार :** ठंड के बाद अब हीट वेव (लू) और भीषण गर्मी से बचाव के लिए जिला प्रशासन तैयारी कर रहा है। सिटी एक्शन प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके लिए कमेटी भी गठित हो चुकी है। अगले सप्ताह होने वाली बैठक में जिलाधिकारी प्लान के अनुरुप तैयारियों का फीडबैक लेकर जरूरी निर्देश देंगे।

इस बार ठंड में लोगों को राहत व मदद के लिए जिला आपदा प्राधिकरण प्रबंधन की ओर से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में निकायों के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए गए। 10,000 से अधिक कंबल का वितरण भी किया गया। जन प्रतिनिधियों के हाथों से भी कंबल वितरण कराए गए। रैन बसेरों और शेल्टर होम में भी इंतजाम कराए गए थे। अब जिला प्रशासन आगामी ग्रीष्मकालीन समय में भीषण गर्मी के दौरान हीट वेव (लू) से बचाव की तैयारी में जुट गया है। इसमें तहसीलों के प्रशासन के अलावा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता में आपदा मित्र भी सहयोग देंगे।

### सिटी हीट एक्शन प्लान के लिए गठित समिति में यह हैं शामिल

जिलाधिकारी–अध्यक्ष व नगर आयुक्त नगर निगम–सदस्य संयोजक, अपर नगर आयुक्त, जिलाधिकारी द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण द्वारा नामित वरिष्ठ अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ द्वारा नामित जिला स्तरीय अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त निदेशक–प्रवर्तन अधिकारी श्रम विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला अग्निशमन अधिकारी, अधिशासी अभियंता बिजली विभाग, अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला सूचना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, नगर आयुक्त द्वारा नामित एनजीओ, कम्यूनिटी ग्रुप व संस्थाओं के नामित पदाधिकारी– यह सभी सदस्य रहेंगे।

# मां के साथ दुष्कर्म करने वाले पुत्र को आजीवन कठोर कारावास

## चार वर्ष पहले विधवा के साथ बेटे ने की थी दरिंदगी, 22 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

विधि संवाददाता, बरेली




**अमृत विचार :** चार वर्ष पहले विधवा मां से दुष्कर्म करने वाले भमोरा थाना क्षेत्र निवासी आरोपी बेटे (22) को परीक्षण में परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय अशोक कुमार यादव ने आजीवन कठोर कारावास और 22 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने से 20 हजार की रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जायेगी।

सरकारी वकील सुरेश बाबू साहू ने बताया कि पीड़िता ने थाना भमोरा में तहरीर देकर बताया था कि 10 अक्टूबर 2021 की देर रात 11 बजे वह घर में सो रही थी, तभी उसका पुत्र बाहर से आया और उसने कुंडी खटखटाई और बोला कि मुझे भूख लगी है। मैंने गेट खोला, तभी उसने एक हाथ से मेरा गला दबा दिया और दूसरे हाथ से मेरे कपड़े उतार दिये। उसने दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। मैंने घर से भागकर अपने अन्य बेटों को फोन किया। 12 अक्टूबर 2021 को दोनों लड़के बाहर से आए थे। वह बाहर मजदूरी करते हैं, उनकी सहायता से आरोपी बेटे को पकड़कर लाए। पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 40 दिन के भीतर विवेचना पूरी कर आरोप पत्र कोर्ट भेजा। आरोपी छह भाइयों में तीसरे नंबर का था। घटना के वक्त आरोपी शराब के नशे में था। अभियोजन ने मामले में 8 गवाह पेश किए थे।

### गवाही के दौरान मां व दोनों भाई मुकरे, डीएनए रिपोर्ट बनी सजा का आधार

गवाही के दौरान पीड़िता अपने बयान से मुकर गयी। बोली कि रात में कोई अंजान व्यक्ति घर के अंदर आया था, दुष्कर्म किया था। पुत्र ने दुष्कर्म नहीं किया। वहीं मुल्जिम के दोनों भाई भी अपने बयान से मुकर गये थे। विवेचना के दौरान पुलिस ने मौके से 21 बाल बरामद किये थे। डीएनए मैच में 20 बाल पीड़िता के पुत्र व 1 बाल पीड़िता का पाया गया। इसके अतिरिक्त पीड़िता व मुल्जिम के कपड़े भी सील किए थे। डीएनए जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी।

### इतना घोर कलयुग नहीं कि मां अपने ही बेटे को फंसा दे

अदालत ने 36 पेज के आदेश में मामले को विरल से विरलतम माना। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि कलयुग तो चल रहा है, मगर इतना घोर कलयुग नहीं है कि कोई मां अपने पुत्र को अपने ही दुष्कर्म के झूठे केस में फंसा दे।

> मेडिकल, डीएनए रिपोर्ट्स जुर्म साबित करने के लिए पर्याप्त हैं, यह सही है कि पीड़िता एक मां है और बेटे ने गलत किया है लेकिन मां–मां होती है, ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़िता इसी कारण जिरह में मुल्जिम द्वारा घटना कारित करने से इंकार किया है। यह प्रकरण स्वयं में एक अपवाद है। परिस्थितियां स्वयं बोल रही हैं कि अभियुक्त ने ही पीड़िता के साथ दुष्कर्म जैसा घृणित अपराध किया है। जब मुल्जिम अपनी मां के साथ ऐसी घटना कर सकता है, तब ऐसे व्यक्ति को छूट दिया जाना कहीं से न्यायोचित नहीं है।
>
> –**अशोक कुमार यादव**, अपर सत्र न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय

## पुराने से नए जमाने के सफर की प्रस्तुति से बटोरीं तालियां

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर के एसएनडी चिल्ड्रेन एकेडमी के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अतिथियों ने रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर इसका उद्घाटन किया।

शनिवार को वार्षिक आख्या प्रबंधक संजय यादव ने प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। बच्चों ने विभिन्न राज्यों के लोकगीतों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। महाभारत पर आधारित व मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाली हानियों पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। प्ले ग्रुप के बच्चों ने पैरोडी सॉन्ग और पुराने से नए जमाने तक का सफर शीर्षक से विशेष प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि वेदांता हेल्थकेयर हॉस्पिटल के डॉ. भास्कर डी. करैचिया ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अध्यक्षता कला भारती के संस्थापक संजीव आकांक्षी ने की। इस दौरान आराध्या शर्मा, अक्षा बंसल, विराज वार्ष्णेय, वेद सक्सेना, अनवी शर्मा, अभिनव पाठक, वृद्धि माथुर, अन्यषा सक्सेना, चर्विक माहेश्वरी के अलावा डॉ. बृजपाल सिंह यादव, आदि मौजूद रहे।

# पुलिया टूटी होने से ग्रामीणों को उठानी पड़ रही परेशानी



लोहारा इनायत गंज में टूटी पुलिया। • अमृत विचार

संवाददाता, मसवासी

- लोहारा इनायतगंज के ग्रामीणों ने निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर किया हंगामा

**अमृत विचार :** मसवासी क्षेत्र के लोहारा इनायतगंज में मजरा हसन नानकार रानी संपर्क मार्ग पर पुलिया टूटी होने से स्कूली वाहन भी नहीं निकल पा रहे हैं। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर हंगामा किया।

मजरा हसन नानकार रानी संपर्क मार्ग की पुलिया टूटी होने से वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही स्कूली वाहन भी नहीं निकल पा रहे हैं। स्कूली वाहन को चालक दूसरे रास्ते से घुमाकर गांव की ओर ला रहे हैं। जिससे स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया और उन्होंने पुलिया दुरुस्त न होने पर निर्माण विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी पुलिया को दुरुस्त नहीं किया गया। जिससे वाहन चालक परेशान है और दूषित पानी भी इधर-उधर फैल रहा है। ग्रामीणों की शिकायत है कि जनप्रतिनिधियों से भी शिकायत की गई है लेकिन उसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। प्रदर्शन करने वालों में नबी अहमद, इंतजार हुसैन, राशिद अली, फुरकान अहमद, नईम अहमद, सिराज अली, बाबू अली आदि शामिल रहे।

# पाक अधिकृत कश्मीर के विलय का दोहराया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 22 फरवरी हमें स्मरण कराती है जब संसद ने 22 फरवरी 1994 को एक मत होकर संकल्प पारित किया था कि जम्मू-कश्मीर राज्य भारत का अविभाज्य अंग है और रहेगा। शेष भारत से उसे पृथक करने के किसी भी प्रयास का सभी आवश्यक संसाधनों के साथ विरोध किया जाएगा। संकल्प दिवस के उपलक्ष्य में जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र की आनलाइन बैठक में वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

एसएसके इंटर कॉलेज के प्रवक्ता जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि अनेक बार विदेशी आक्रांताओं ने हमें पराधीन करने का प्रयास किया लेकिन भारत के वीरों ने विदेशी आक्रांताओं की पराधीनता कभी स्वीकार नहीं की और अपनी एकता अखंडता और अस्मिता को हमेशा बनाए रखने का यह संकल्प व संघर्ष निरंतर जारी रहा।

15 अगस्त 1947 को हमें खंडित करने का प्रयास किया गया। संसद ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर प्रदेश का पुनर्गठन करके दो नए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर व लद्दाख का निर्माण किया गया है। इसी क्रम में भारत सरकार ने अक्टूबर 2019 में एक नया मानचित्र जारी किया। जम्मू कश्मीर से 35 ए के निर्मूलन व धारा 370 के सामान्यीकरण के पश्चात राष्ट्रीय एकीकरण का एक चरण पूर्ण पूरा हुआ। अब जम्मू कश्मीर के अधिकांश क्षेत्रों तक अपना संवैधानिक व राजनीतिक एकीकरण सुनिश्चित हो इसके लिए संकल्प दोहराना होगा।

## कागजों में ही न हो शिकायतों का निस्तारण

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** तहसील सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी मिश्र की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने आम जन की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के सख्त निर्देश दिए।

कुल 18 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें राजस्व विभाग की 11, पुलिस विभाग की 4, आपूर्ति विभाग की 1, नगर पालिका की 1 तथा अन्य विभाग से संबंधित 1 शिकायत शामिल रही। हालांकि मौके पर केवल तीन मामलों का ही त्वरित निस्तारण हो सका, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिलाया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में होगा बड़ा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, संभल

- करणी सेना अध्यक्ष राज शेखावत बोले- 8 मार्च को होगा दिल्ली कूच
- यात्रा निकाल लोगों को आंदोलन के लिए किया जा रहा आमंत्रित

**अमृत विचार :** क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने यूजीसी रेगुलेशन एक्ट 2026 को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे असंवैधानिक बताते हुए 8 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महाआंदोलन करने की घोषणा की है।

राज शेखावत ने शनिवार रात संभल के हल्लू सराय चामुंडा मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह कानून सामान्य वर्ग के छात्रों और नागरिकों पर थोपा गया है। इसे वापस लेने के लिए स्वर्ण समाज समन्वय समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक यह कानून पूरी तरह निरस्त नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।



चामुंडा मंदिर में पूजा अर्चना करते क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत।

उन्होंने आरोप लगाया कि एक्ट में कई विसंगतियां हैं। उनके अनुसार कानून में आरोपी पर तत्काल कार्रवाई का प्रावधान है, जबकि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। साथ ही जांच समिति में सामान्य वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर फिलहाल स्टे दिया है, लेकिन संगठन की मांग पूर्ण निरस्तीकरण की है।

राज शेखावत ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश हमेशा से बड़े आंदोलनों का केंद्र रहा है और इस बार भी यहां से बड़ी संख्या में लोग दिल्ली पहुंचेंगे। हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 'आमंत्रण यात्रा' निकालकर लोगों को आंदोलन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। केंद्र सरकार को 10 सूत्रीय ज्ञापन भी भेजा जा रहा है। उन्होंने राजनीतिक समर्थन जुटाने की बात भी कही। कहा कि विभिन्न सांसदों से संपर्क किया जा रहा है। राज शेखावत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 समानता और सम्मानपूर्वक जीवन का अधिकार देते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कानून वापस नहीं लिया गया तो इसका असर आगामी चुनावों में दिखेगा।

# मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान की आधारशिला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, बंगाली, भोजपुरी, ब्रज आदि में भाषण दिया। लॉ के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने कहा कि मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान की आधारशिला है।

प्राचार्य प्रो. एसके सिंह ने कहा कि बहुभाषिक शिक्षा एनईपी की भावना को परिलक्षित करती है। प्रथम स्थान पर रहे इशू शुक्ला ने बंगाली भाषा में कहा कि भाषा सिर्फ बोलने का माध्यम नहीं, हमारी पहचान और संस्कृति की आत्मा है। मातृभाषा का सम्मान करना अपने अस्तित्व को सम्मान देने के समान है। दूसरे स्थान पर रहीं पायल मैत्री ने कहा कि मातृभाषा मेरे हृदय की पहली धुन है, इसी में मेरी आत्मा का नूर छिपा है। तीसरे स्थान पर रहे कुनाल बौद्ध ने कहा कि भाषा मनुष्य की अंतरात्मा का दर्पण है। मूल्यांकन डॉ. अमित वर्मा, डॉ. सुशीम शुक्ला और डॉ. कृष्णा मोहन मालवीय ने किया। कार्यक्रम संयोजन डॉ. नम्रता जैन ने किया।



भाषण प्रतियोगिता के विजेता को प्रमाण पत्र देते प्रो. हरबंस दीक्षित। • अमृत विचार

# होली प्रेम, एकता और सौहार्द की प्रतीक



इनर व्हील क्लब के कवि सम्मेलन में उपस्थित क्लब की सदस्य। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- इनर व्हील क्लब ईस्ट मुरादाबाद की ओर से 'होली के रंग, कवियों के संग' कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार :** रामगंगा विहार स्थित एक रेस्टोरेंट में शनिवार को इनर व्हील क्लब ईस्ट मुरादाबाद ने 'होली के रंग, कवियों के संग' कार्यक्रम आयोजित किया। कवि सम्मेलन में शहर और आसपास के जिलों से आए कवियों ने प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोहा। हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कविताओं की रसधार बही।

उत्तराखंड के बाजपुर के कवि काव्य जैन, रुद्रपुर के डॉ. जयंत शाह के अलावा मुरादाबाद के राहुल शर्मा, शुभम कश्यप, सरिता लाल, शालिनी भारद्वाज, मयंक भारद्वाज के अलावा इटावा की पूनम चौहान, नोएडा की निवेदिता सक्सेना आदि ने अपनी रचनाओं से समा बांधा। कार्यक्रम पूरी तरह होली के रंगों और उल्लास से सराबोर रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की प्रेसिडेंट वीना रस्तोगी ने की। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, एकता और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। कविताएं इसी प्रेम को शब्दों में पिरोने का कार्य करती हैं। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन शालिनी गुप्ता रहीं। जिले के अन्य इनरव्हील क्लबों की पीडीसी, क्लब प्रेसिडेंट्स और सेक्रेटरीज ने भी सहभागिता की। आखिर में शहरवासियों को होली की बधाई दी गई। इस दौरान ममता गर्ग, वंदना गुप्ता, रेणुका साहू, रेनू गुप्ता, अनीता गुप्ता, रेखा रस्तोगी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहीं।



कविता पढ़तीं शालिनी भारद्वाज।

## फायरिंग मामले में 12 पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव दिबदिबा में अंधाधुंध फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 12 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव निवासी अनीता के अनुसार फायरिंग की घटना से पहले गुरुवार को आशु ने बेटे रोहित से मारपीट की थी। रोहित ने आशु को उधार दिए 10 हजार मांगे थे, जिसके बाद आशु ने तमंचे से वार कर रोहित का सिर फोड़ दिया था। उस समय मोहल्ले के कुछ लोगों के कहने पर कार्रवाई नहीं की। गुरुवार रात में आशु ने साथियों के साथ मिलकर अंधाधुंध फायरिंग की। अनीता और परिजनों ने घर में घुसकर जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की गाड़ी आते देख सभी हमलावर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां देते हुए भाग गए। बाद में महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि दिबदिबा की परती कॉलोनी निवासी आशु, पंकज और प्रेम, सुभाषनगर कॉलोनी निवासी सनिया, बागवाड़ा रुद्रपुर उत्तराखंड निवासी प्रथम सिंह और रम्पुरा रुद्रपुर उत्तराखंड निवासी वंश के अलावा छह अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद सुंदरकांड का पाठ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बाबा नींव करोरी एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव

**अमृत विचार :** श्री राम बालाजी धाम बाबा नीब करोरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे बाबा नीब करोरी एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव के तीसरे दिन शनिवार को नवग्रह एवं देवी देवताओं का पूजन किया गया।

आचार्य डॉ. घनश्याम त्रिपाठी ने यज्ञ पूजन करने के बाद वीर हनुमान, राधा कृष्ण और शनिदेव की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान व विधि विधान ये कराई। पंच कुंडीय महायज्ञ में 41,000 आहुतियां दी गईं। संध्या काल में सुंदरकांड का पाठ किया गया। प्रसिद्ध गायक पंडित राजकुमार गोस्वामी व उनकी पार्टी ने सुंदरकांड के पाठ के भगवान राम, बजरंग बली के भजनों की प्रस्तुति से सभी को भाव विह्वल कर दिया। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा व विनय चालीसा का पाठ हुआ। इस दौरान ट्रस्ट के संस्थापक व महामंत्री राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनीत गुप्ता के अलावा राजेंद्र अग्रवाल, विनोद राय, शशि चतुर्वेदी, परीश सक्सेना, विकास गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



बाबा नींव करोरी एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव में मौजूद श्रद्धालु। • अमृत विचार



प्रेम अगम अनुपम अमित सागर सरिस बखान
जो आवत यहि ढिग बहुरि जात नहीं रसखान।

रसखान कहते हैं, प्रेम का ज्ञान नहीं होता। वह अनुभव आधारित होता है। वह अथाह और अनुपम होता है। उसकी उपमा नहीं दी जा सकती। वह रस से सराबोर किए रहता है। जो इस प्रेम रूपी समुद्र के किनारे आ जाता है, वह फिर लौटकर वापस नहीं जा पाता।



# मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति

प्रकृति में जैव विविधता है। पशुओं के प्रति लगाव का इतिहास पुराना है। मनुष्य और पशुओं के मध्य आत्मीयता का भाव वैदिक साहित्य से लेकर आज तक प्रत्यक्ष दिखाई पड़ता है। कुत्ते हमारे स्वाभाविक परिजन हैं। उनकी सूंघने व सुनने की क्षमता विलक्षण है। संप्रति आधुनिक सभ्यों का एक वर्ग कुत्तों से चिढ़ा हुआ है। कोर्ट-कचहरी तक कुत्तों पर बहस है। कुत्तों को संसार से शून्य करना चाहता है। यह बात सही है कि जब-तब कुत्ते आक्रामक भी हो जाते हैं, लेकिन वे स्वयं अपनी ओर से कभी आक्रामक नहीं होते। उनकी आंखों में स्वाभाविक आत्मीय लगाव देखा जा सकता है। वे अपने लिए कोई संपदा नहीं चाहते। वे इस विराट संसार में अपने लिए छोटी सी जगह चाहते हैं। दौड़ाने पर वे वह जगह छोड़कर दूसरी जगह बैठ जाते हैं। पालतू कुत्तों की बात अलग है। बाकी सब भूखे-प्यासे मरते हैं।

> वैदिक साहित्य में कहा गया है, 'मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।' उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है, 'ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है।

वैदिक साहित्य में कहा गया है, 'मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।' उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है, 'ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है। अग्नि ऋग्वेद में बड़े देवता हैं। ऋग्वेद के ऋषि के ध्यान में अग्नि की पशु जैसी चंचलता की ओर गया है। ऋग्वेद (1.65.5) में कहते हैं, 'अग्नि पशु जैसे चंचल हैं' कभी-कभी घरेलू पशु खो जाते हैं। खोजने पर मिल जाते हैं। पशु के खो जाने और बाद में उसके मिल जाने पर प्रसन्नता होती है। ऋग्वेद में कहते हैं, 'पूषन देव हमें वैसे ही मिलते हैं, जैसे खोए हुए पशु खोजने पर मिल जाते हैं।' अनेक पशु इधर-उधर घूमा करते हैं। ऋषि ऐसे पशुओं की तुलना अग्नि देवता से करते हैं, 'अग्नि वैसे ही फैल जाता है, जैसे रक्षक के बिना पशु इधर-उधर भागता है।'

पशुओं से अपने कुल या वंश का संबंध जोड़ना सर्वविदित है। सभी पशु प्रिय हैं, लेकिन कुत्ते प्राचीन भारतीय इतिहास से लेकर आधुनिक काल तक अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं। भारतीय अध्यात्म परंपरा में स्वर्ग प्राप्ति को महत्वपूर्ण बताया गया है। महाभारत के रचनाकाल में स्वर्ग अति प्रतिष्ठित धारणा थी। महाभारत की कथा के अनुसार युधिष्ठिर अपने भाई व द्रौपदी के साथ स्वर्ग की यात्रा पर निकले। कथा के अनुसार उनका कुत्ता भी साथ था। स्वर्ग की दुर्गम पहाड़ियों में एक-एक पांडव गिरते गए। मरते गए अंत में द्रौपदी के भी गिर जाने के बाद कुत्ता ही जीवित शेष रहा। महाभारत में सभी पांडवों के देहावसान के कारण बताए गए हैं। युधिष्ठिर के कुत्ते का बच जाना उसकी निष्ठा का पुरस्कार था। कुत्ते अपने पालक के प्रति निष्ठावान रहते हैं। निष्ठा भी साधारण नहीं। अपने पालक के साथ स्वर्ग तक जाने की पात्रता ध्यान देने योग्य है। स्वर्ग प्राप्ति की पात्रता आश्चर्यजनक है।

कुत्तों को मारने का फतवा ठीक नहीं। कुत्तों की आंखों में आंख डालकर झांकना चाहिए। यहां आत्मीयता है। वे निर्दोष हैं। आंखें आत्मरस से लबालब हैं। वे किसी को भी चोट नहीं पहुंचाना चाहते। अपने पालक के प्रति निष्ठा दुर्लभ है, उनमें। संसार में बड़े अनूठे जीव हैं। संसार जैव विविधता से भरा पूरा है। ऋग्वेद के एक प्रसंग में कुत्ते देवताओं की गाय चुरा लेते हैं। गायों की चोरी की घटना से देव व्यथित थे। ऋग्वेद की कथा के अनुसार देवों की कुतिया शर्मा ने चोरी गई गाय खोज निकालीं। गाय चोरी करने वालों ने शर्मा से कहा कि हम-तुम यह गोधन परस्पर बांट लें। शर्मा ने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। उसकी अपनी वंश परंपरा में निष्ठा बहुत महत्वपूर्ण है। उसने कहा कि इंद्र आ रहे हैं और अपनी गाय वापस ले जाएंगे। आचार्य सायण ने इस मंत्र सूक्त के आधार पर शर्मा को कुतिया होने के बावजूद देवता का सम्मान दिया है। शर्मा वैदिक देवता है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

गाय और घोड़े भी प्राचीन समाज में प्रतिष्ठित पशु रहे हैं, लेकिन तीनों की अलग-अलग प्रतिष्ठा है। गाय वैदिक समाज में माता है। घोड़ा उपयोगी है, लेकिन कुत्ते की बात ही अलग है। कुछ विद्वान बंदर को पूर्वज बताते हैं। बंदर में पूछ होती है। बाकी सब मनुष्य जैसा है। पूरी बात गले नहीं उतरती। मनुष्य में ईर्ष्या होती है। हिंसा होती है। बेईमानी होती है। पशु बेईमान नहीं होते। भारतीय समाज में जीवों को अतिरिक्त आदर दिया गया है।

गणेश गण देवता हैं। उनका वाहन एक छोटा सा पशु चूहा है। एक देवता कार्तिकेय हैं, उनका वाहन मोर है। रूद्र शिव का वाहन वृषभ है। नंदी प्रतीक की चर्चा पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के बड़े भूभाग में प्रचलित है। वैसे भी शंकर पशुपति हैं। बिल्ली भी अपनी ओर से काटने नहीं दौड़ती। गिर जाने पर हाथ-पैर चलाती है। समूचे पशु संसार को आदर के साथ मानना भारत में ही संभव है। ऐसे प्रतीक दुनिया की किसी अन्य संस्कृति में नहीं मिलते। सभी जीवों के प्रति आत्मीयता के सिद्धांत में सभी मनुष्यों के प्रति आत्मीयता का भाव अंतर्निहित है। प्रायः सभी जीव अपने आचरण से हिंसक नहीं होते। वे आत्मरक्षा में गलती कर सकते हैं।

पशु भारत की सम्मानित संपदा रहे हैं। इसके विपरीत पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति प्रेम भाव नहीं रहा है। संभवतः यूरोपीय देशों में मनुष्य और पशुओं के भीतर प्रवाहमान एक ही प्राण शक्ति का दार्शनिक भावबोध नहीं था। भारतीय दर्शन में मनुष्यों और पशुओं में तथा सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति का दर्शन हुआ है। भारत के आम जनों में सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति के दर्शन हुए हैं। हमारे परिचित देवाजी जायसवाल व अजय प्रताप सिंह कुत्तों, बंदरों व पक्षियों के प्रति संवेदनशील हैं। यह संवेदनशीलता प्रशंसनीय है।

गीता प्रबोधन में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से समूचे ब्रह्मांड में भिन्न-भिन्न प्रतिष्ठित प्रतीकों के उल्लेख किए हैं। कृष्ण ने अर्जुन को बताया है, 'शस्त्रधारियों में राम मैं हूं।' राम यहां भगवत्ता के प्रतीक हैं। ऐसे ही उन्होंने गाय के बारे में कहा है,' कामधेनु गाय मैं हूं। हाथियों में ऐरावत मैं हूं।' गाय सम्माननीय प्रतीक है। हाथी व सांप से लेकर सभी दिव्य प्रतीकों का उल्लेख गीता में हुआ है।

बंदर को मनुष्य का पूर्वज कहा जाता है। यह सिद्धांत चार्ल्स डार्विन के विचार से लिया गया है। जहां डार्विन बंदर को पूर्वज बताते हुए प्रकृति के विकास का संकेत देते हैं। भारतीय परंपरा में हनुमान ज्ञान और बुद्धि के देवता हैं। हनुमान बुद्धि, बल और ज्ञान के देवता हैं। वे भक्ति और समर्पण का शिखर हैं। पशु ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही सम्माननीय हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र (9.72.9) में ऋषि स्तुति करता है कि हमारा धन पशुओं से भरा पूरा हो और स्वर्ण से युक्त हो। यहां सोने की तरह पशुओं को भी धन के रूप में देखा गया है।

यूरोप के लोग मनुष्य को सोशल एनिमल मानते थे। मनुष्य उनकी दृष्टि में सामाजिक प्राणी हैं। भारत का मनुष्य अनेक संभावनाओं से भरा-पूरा है। यहां वनस्पतियां आराध्य हैं। पृथ्वी आराध्य हैं। अंतरिक्ष आराध्य हैं। शक्ति का कण-कण उपास्य है। पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति आदर भाव नहीं रहा। ऋग्वेद में पशु सहित सभी प्राणी सम्माननीय हैं। यूरोप पर भारत के दृष्टिकोण में यह आधारभूत अंतर है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# एआई इंपैक्ट समिट: वैश्विक सराहना और संभावनाएं

भारत में आयोजित हालिया एआई समिट केवल एक तकनीकी सम्मेलन नहीं था; यह 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाओं, आत्मविश्वास और वैश्विक नेतृत्व की घोषणा जैसा अवसर था। नई दिल्ली के मंच पर जब दुनिया के प्रमुख नेता, उद्योगपति और तकनीकी विशेषज्ञ एक साथ बैठे, तो संदेश साफ था- भारत अब तकनीक का उपभोक्ता भर नहीं, बल्कि नीति और नवाचार का निर्माता बनना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि भारत की एआई दृष्टि 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर आधारित है। उनका जोर इस बात पर था कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित शक्ति न बने, बल्कि स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शासन में आम नागरिक के जीवन को बेहतर बनाए। उन्होंने यह भी जिक्र किया कि भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर आधार, यूपीआई और ओपन नेटवर्क दुनिया के लिए एक मॉडल बन चुका है और एआई इसी आधार पर आगे बढ़ेगा।



शिवेंद्र सिंह बघेल
लेखक

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने मंच से भारत की डिजिटल क्रांति की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि एक दशक में भारत ने करोड़ों लोगों को डिजिटल पहचान और बैंकिंग से जोड़ा है और अब वही ढांचा एआई के लिए मजबूत आधार तैयार कर रहा है। मैक्रोन का यह कथन कि 'भारत ने पैमाने पर तकनीक को लोकतांत्रिक बनाया है', सिर्फ प्रशंसा नहीं, बल्कि वैश्विक मान्यता का संकेत था। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी कहा कि भारत एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार विकास में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। उनके शब्दों में, 'अगर नवाचार और सुरक्षा साथ चलें, तो भारत वैश्विक समाधान प्रस्तुत करने की क्षमता रखता है।' तकनीकी जगत के नेताओं ने भी भारत की भूमिका को रेखांकित किया। ओपनएआई के प्रमुख सैम आल्टमैन ने भारत की प्रतिभा और डेवलपर इकोसिस्टम की सराहना करते हुए कहा कि आने वाला दशक एआई नवाचार में भारत का दशक हो सकता है, बशर्ते नीति और नैतिकता पर संतुलित दृष्टि बनी रहे।

> भारत एआई के भविष्य का एक केंद्रीय स्तंभ बन रहा है। वैश्विक समुदाय भारत को संभावनाओं, प्रतिभा और नीति-निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में देख रहा है। यह वह क्षण था, जब राष्ट्रीय आत्मविश्वास को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिल रही थी।

इन तमाम बयानों में एक साझा भाव था, भारत एआई के भविष्य का एक केंद्रीय स्तंभ बन रहा है। वैश्विक समुदाय भारत को संभावनाओं, प्रतिभा और नीति-निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में देख रहा है। यह वह क्षण था, जब राष्ट्रीय आत्मविश्वास को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिल रही थी।

इसी मंच पर एक ऐसी घटना भी घटी, जिसने इस सकारात्मक विमर्श पर छाया डालने का काम किया। यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा मंच पर चढ़कर टी-शर्ट उतारकर विरोध दर्ज कराना निस्संदेह लोकतांत्रिक असहमति का एक रूप हो सकता है, परंतु उसके समय और स्थान पर गंभीर प्रश्न उठते हैं। जब देश-विदेश के नेता और विशेषज्ञ भारत की तकनीकी क्षमता पर चर्चा कर रहे हों, तब इस प्रकार का प्रदर्शन मुख्य मुद्दे से ध्यान हटाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# लड़कियों की शिक्षा में बाधा बनते रास्ते

यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में माध्यमिक स्तर पर पहुंचते-पहुंचते बड़ी संख्या में लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, खासकर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में। शिक्षा मंत्रालय के 2021–22 के आंकड़े बताते हैं कि दुर्गम क्षेत्रों में स्कूल छोड़ने की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। वहीं, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, किशोरियों के लिए स्वच्छ शौचालय और सुरक्षित परिवहन की कमी शिक्षा में निरंतरता की एक बड़ी बाधा है।

स्कूल प्रशासन भी इन समस्याओं से अनजान नहीं है। वह जानते हैं कि किस प्रकार लड़कियां रोजाना दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होकर हर खतरों से गुजरते हुए स्कूल आती हैं। बारिश के दिनों में तो अक्सर कई दिनों तक वह अनुपस्थित रहती हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पहाड़ के फिसलन भरे रास्तों का डर। कुछ किशोरियां तकनीकी या शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं, क्योंकि नियमित उपस्थिति संभव नहीं हो पाती। जब पढ़ाई में निरंतरता टूटती है, तो उनका मन भी धीरे-धीरे स्कूल से हटने लगता है।



सरिता अरमोली
एक्टिविस्ट

ग्रामीण इलाकों में यह स्थिति केवल भौगोलिक कठिनाइयों तक सीमित नहीं है। सामाजिक और आर्थिक कारण भी उतने ही प्रभावी हैं। कई परिवारों के लिए लड़कियों की पढ़ाई आज भी प्राथमिकता नहीं बन पाई है। गांव की कुछ महिलाएं चाहती हैं कि उनके बच्चों विशेषकर उनकी लड़कियों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिले। वे मानती हैं कि पढ़ाई ही भविष्य बदलने का रास्ता है, लेकिन संसाधनों की कमी और व्यवस्थागत बाधाएं उनके इरादों के सामने दीवार बनकर खड़ी हो जाती हैं। कई बार लड़कियों को घर के कामों में मदद के लिए स्कूल जाने से रोक लिया जाता है, क्योंकि परिवार की रोज़मर्रा की ज़रूरतें पहले आती हैं।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे समग्र शिक्षा अभियान, किशोरियों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, लेकिन इन योजनाओं का लाभ तब ही प्रभावी हो सकता है, जब लड़कियों के लिए स्कूल तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित की जाए। सड़क, परिवहन और आवासीय विद्यालय जैसी सुविधाएं पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा को सुलभ बना सकती हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात पर ज़ोर देती है कि दुर्गम इलाकों में शिक्षा के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश सबसे आवश्यक है।

इस पूरे परिदृश्य में यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा केवल किताबों और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह सम्मान, सुरक्षा और अवसर से जुड़ा प्रश्न है। जब तक किशोरियों को सुरक्षित वातावरण, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं और सामाजिक समर्थन नहीं मिलेगा, तब तक स्कूल उनके लिए अधूरा सपना बना रहेगा। यह आवश्यक है कि नीतियां जमीनी सच्चाइयों को समझते हुए बनाई जाएं और स्थानीय समुदाय को भी समाधान का हिस्सा बनाया जाए, लेकिन सवाल उठता है कि क्या आने वाले समय में इन लड़कियों की राह आसान होगी?

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# दांव पर बचपन: निर्णायक कदम की जरूरत

दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इंपैक्ट समिट का वह क्षण ऐतिहासिक बन गया। इमैनुएल मैक्रों मंच पर खड़े थे; आँखों में गहरी चिंता और स्वर में पिता-सी व्याकुलता। उन्होंने प्रधानमंत्री की ओर देखकर कहा, 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, क्या आप इस क्लब में शामिल होंगे?' यह केवल कूटनीतिक प्रश्न नहीं, एक पिता की पुकार और सभ्यता की चेतावनी थी। उन्होंने पूछा, 'जो चीजें वास्तविक जीवन में अपराध हैं, वे हमारे बच्चों के सामने क्यों परोसी जा रही हैं? फ्रांस पंद्रह वर्ष से कम आयु के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध की दिशा में बढ़ रहा है। स्पेन और ग्रीस भी आगे हैं। अब भारत को 'कोलिशन ऑफ विलिंग' में शामिल होने का आमंत्रण है, क्योंकि यह नियमों से बढ़कर हमारी सभ्यता का प्रश्न है।' उनके शब्द सभागार में गूंजे और असंख्य माता-पिताओं के हृदय तक पहुंचे। क्या हम अब भी मौन रहेंगे?

> इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री से कहा, 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, क्या आप इस क्लब में शामिल होंगे?' यह कूटनीतिक प्रश्न नहीं, एक पिता की पुकार और सभ्यता की चेतावनी थी। उन्होंने पूछा, 'जो चीजें वास्तविक जीवन में अपराध हैं, वे हमारे बच्चों को क्यों परोसी जा रही हैं?

यह विमर्श अब केवल तकनीक की प्रगति का नहीं, हमारे बच्चों के मन और मर्म की सुरक्षा का प्रश्न बन चुका है। वैज्ञानिक शोध निरंतर चेतावनी दे रहे हैं कि सामाजिक माध्यम किशोरों में अवसाद, चिंता और आत्महत्या जैसे विचारों की प्रवृत्ति को बढ़ा रहे हैं। अनवरत स्क्रीन पर उंगली चलाने की आदत ऐसी जकड़ बन चुकी है कि बच्चे नींद, अध्ययन और वास्तविक संबंधों से दूर होते जा रहे हैं। भारत में पचास करोड़ से अधिक युवा इंटरनेट से जुड़े हैं, जिनमें दस से चौदह वर्ष आयु के लाखों बच्चे इंस्टाग्राम, यूट्यूब और टिकटॉक जैसे मंचों पर घंटों डूबे रहते हैं। मैक्रों इसे स्पष्ट शब्दों में 'डिजिटल अब्यूज' कहते हैं। प्रश्न यह है- क्या हम इसे अब भी मात्र 'एक्सपोजर' का नाम देकर टालते रहेंगे, या फिर समय की पुकार सुनकर अपने बच्चों को इस विशैली स्क्रीन-जगत से बचाने का साहस करेंगे?



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

भारत में यह बहस पुरानी है, पर अब निर्णायक हो चली है। आर्थिक सर्वेक्षण ने सोशल मीडिया पर आयु-आधारित सीमा की अनुशंसा की है। एआई इंपैक्ट समिट में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार मंचों से डीपफेक और आयु-नियंत्रण पर चर्चा कर रही है। आंध्र प्रदेश सोलह वर्ष से कम आयु के लिए प्रतिबंध का प्रस्ताव रख चुका है। पर प्रश्न है- क्या केवल कानून पर्याप्त होगा? फेक आईडी और वीपीएन को कैसे रोका जाएगा? ऑस्ट्रेलिया ने सोलह वर्ष से कम आयु पर प्रतिबंध लगाया, फिर भी चुनौतियां बनी रहीं। भारत जैसे विशाल देश में यह और कठिन होगा। फिर भी इमैनुएल मैक्रों का प्रश्न स्पष्ट है, क्या बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि होगी?

विरोधी पक्ष का कहना है कि पूर्ण प्रतिबंध व्यावहारिक समाधान नहीं है। बच्चे शिक्षा, संवाद और सृजन के लिए इन मंचों का उपयोग करते हैं। कठोर प्रतिबंध उन्हें छिपे और अनियंत्रित उपयोग की ओर धकेल सकता है, इसलिए सख्त अभिभावकीय निगरानी, प्रभावी आयु-सत्यापन और सुदृढ़ सामग्री छनन को अधिक संतुलित विकल्प माना जा रहा है। डिजिटल व्यक्तिगत आंकड़ा संरक्षण अधिनियम अठारह वर्ष से कम आयु के लिए अभिभावकीय सहमति अनिवार्य करता है, किंतु प्रश्न शेष है, क्या यह पर्याप्त है? मैक्रों का स्पष्ट मत है, जब तक मंच स्वयं जवाबदेही नहीं स्वीकारेंगे, तब तक बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। फ्रांस में विधेयक आगे बढ़ चुका है। अब प्रश्न भारत के सामने है, क्या वह प्रतीक्षा करेगा?

यह प्रश्न केवल बच्चों तक सीमित नहीं, पूरे समाज का है। सोशल मीडिया ने सूचना को जनसुलभ बनाया, पर साथ ही घृणा, उत्पीड़न और मिथ्या समाचार का खुला बाजार भी खड़ा कर दिया। सबसे आसान लक्ष्य हमारे बच्चे बनते हैं। एआई के दौर में डीपफेक और एआई जेनरेटेड कंटेंट ने खतरा दोगुना कर दिया है। ग्रोक चैटबॉट से हजारों बच्चों की सेक्शुअलाइज्ड इमेज बनने की घटना ने दुनिया को झकझोर दिया। इमैनुएल मैक्रों ने स्पष्ट कहा, 'एआई सबके लिए होनी चाहिए, पर बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है।' प्रधानमंत्री मोदी ने भी उत्तर दिया कि एआई को 'फैमिली-गाइडेड' और 'चाइल्ड-सेफ' बनाना अनिवार्य है। अब निर्णय की घड़ी आ पहुंची है। भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है; हमारी डेमोग्राफी हमारी ताकत है, लेकिन अगर हम बच्चों को डिजिटल जहर से नहीं बचाएंगे, तो यह ताकत कमजोर पड़ सकती है। मैक्रों का प्रस्ताव एक सीधी चुनौती है। क्या हम यूरोप के साथ संतुलित और नियंत्रित मार्ग चुनेंगे, या अमेरिकी मॉडल (फ्रीडम फर्स्ट) को अपनाएंगे?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'हानि-लाभ जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ'

जीवन में अच्छे-बुरे दोनों अवसर आते हैं। कोई सोचे कि केवल अनुकूल और सकारात्मक ही अवसर आएंगे, तो यह एक तरह से गलत विचार ही माना जाएगा। वैसे भी गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में 'हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ' चौपाई के जरिए अवगत कराया है कि कभी भी एक जैसा समय नहीं रहेगा। अतः व्यक्ति को दोनों परिस्थितियों को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। लाभ हो गया तो उसे प्रभु की कृपा माननी चाहिए तथा हानि हो गई तब भी भगवान की ही कृपा माननी चाहिए। इसी प्रकार अच्छा खासा जीवन जीने वाले की असमय में मृत्यु हो जाती है। किसी का वश नहीं चलता कि मृत व्यक्ति को जीवित कर दे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

यश-अपयश भी ईश्वरीय देने है। जीवन में यश मिलता है तो अपयश भी मिलता है।

धर्म ग्रंथों में विसंगतियों को भगवान तक झेलने के लिए विवश हुए हैं। शिव जी के विवाह के समय उनकी अर्धांगिनी पार्वती जी की मां मैना ने विसंगतियां खड़ी कर दीं। शिव का स्वरूप देखकर वे विवाह का विरोध करने लगीं, लेकिन जब उन्हें समझाया गया कि शिव जी देवों के देव हैं तथा ईश्वर हैं, तब कहीं जाकर मैना विवाह के लिए तैयार हुईं। इसी तरह की विसंगति त्रेतायुग में भगवान श्रीराम के साथ हुई।

एक ओर उनके राज्यारोहण की तैयारी हो रही थी कि उसी समय विसंगतियां आ खड़ी हुईं। राजा दशरथ की दूसरी पत्नी कैकेई ने अपनी दासी मंथरा के उकसाने पर रंग में भंग डाल दिया और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की जगह उन्हें 14 वर्षों का वनवास दे दिया गया। भगवान श्रीराम वनवास से जरा भी विचलित नहीं हुए और बड़ी प्रसन्नता से वनवास स्वीकार किया और यहां तक कहा, 'पिता दीन्ह मोहिं कानन राजू, जहं अब होहिं मोर बड़ काजू।' ऐसा हुआ भी।

वनवास के दौरान उन्होंने ऋषियों-संतों की रक्षा की, जबकि राक्षसों का वध किया। 14 वर्षों के इन कार्यों की वजह से वे पूज्य हो गए। उनके शासन को कोई नहीं जानता, जबकि 14 वर्षों के वनवास को सभी जानते हैं। अतः मनुष्य को विसंगतियों से नहीं घबराना चाहिए। हो सकता है कि विसंगतियां जीवन को और निखार दें।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# दिल ढूंढता है फिर वही संयुक्त परिवार के सुकून भरे दिन

आधुनिक जीवन शैली ने पारिवारिक ढांचे को गहराई से प्रभावित किया है। संयुक्त परिवारों का टूटना, एकल परिवारों का बढ़ना और आपसी संवाद में कमी मानसिक तनाव को और गहरा कर रही है। रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में लोग अपने घरों से दूर हो रहे हैं, जिससे पारंपरिक भावनात्मक सहारा कमजोर पड़ रहा है। आर्थिक असुरक्षा, सीमित आय, परिवार की जिम्मेदारियों का दबाव और रिश्तों में बढ़ती दूरी मन को अस्थिर कर देती है। पति-पत्नी के बीच मतभेद, पारंपरिक और आधुनिक सोच का टकराव तथा रिश्तों में अनावश्यक हस्तक्षेप पारिवारिक तनाव को जन्म देते हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य की सबसे बड़ी चुनौती काम नहीं, बल्कि काम से जुड़ा दबाव और समाज में बनी इमेज है। परिवार की उम्मीदें, रिश्तेदारों की तुलना और लोग क्या कहेंगे का डर इंसान को भीतर से तोड़ देता है। हम मुस्कुराते हुए भी भीतर से टूटते रहते हैं। यही मानसिक दबाव धीरे-धीरे शरीर और व्यवहार दोनों को प्रभावित करता है।



इसके लक्षण समय रहते पहचानना बेहद जरूरी है। लगातार चिंता, चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी, नींद की समस्या, शारीरिक थकान, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक असंतुलन। ऐसे संकेत लंबे समय तक बने रहें, तो उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर परामर्श और उचित उपचार मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं। इसका सबसे गहरा असर बच्चों और युवाओं पर पड़ रहा है। पारिवारिक कलह, संवाद की कमी और माता-पिता की बढ़ती महत्वाकांक्षा उनके मन पर गहरा प्रभाव डालती है। बेहतर अंक और ऊंचे करियर की उम्मीदें कई बार बच्चों को अपनी भावनाएं दबाने पर मजबूर कर देती हैं।



देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

समाधान की शुरुआत परिवार से ही होती है। खुला संवाद, एक-दूसरे की भावनाओं को समझना और अपनापन ही मानसिक सुकून की पहली सीढ़ी है। बच्चों को तुलना नहीं, सहयोग की जरूरत होती है। युवाओं को आलोचना नहीं, विश्वास चाहिए और बुजुर्गों को उपेक्षा नहीं, सम्मान और साथ चाहिए। यदि तनाव अधिक बढ़ जाए तो विशेषज्ञों से सलाह लेने में झिझक नहीं होनी चाहिए। स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। प्रत्येक जिले में मेंटल हेल्थ क्लिनिक की स्थापना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण और उच्च तनाव वाले पेशों के लिए नियमित काउंसलिंग आज समय की मांग है।

परिवार का टूटना केवल सामाजिक ढांचे का बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरी मानसिक पीड़ा है। संवेदनशीलता, समझ और आपसी सहयोग से ही इस पीड़ा को कम किया जा सकता है। जब समाज सफलता से पहले इंसानियत को महत्व देना शुरू करेगा, जब उपलब्धियों से पहले खुशहाली को प्राथमिकता दी जाएगी और जब संवाद को चुप्पी पर तरजीह मिलेगी, तभी मानसिक स्वास्थ्य का वास्तविक संरक्षण संभव होगा। मानसिक सुकून कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत है। जब तक इंसान अपने मन को समझना नहीं सीखेगा, तब तक बाहरी सफलताएं भी उसे सच्ची शांति नहीं दे पाएंगी।

मानसिक तनाव आज केवल किसी एक व्यक्ति की निजी परेशानी नहीं रहा, बल्कि यह एक गंभीर और तेजी से बढ़ती वैश्विक चुनौती बन चुका है। बदलती जीवन शैली, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, डिजिटल निर्भरता और सामाजिक अपेक्षाओं ने इंसान के भीतर ऐसा दबाव पैदा कर दिया है, जिसे वह रोजमर्रा की मुस्कान के पीछे छिपाकर जी रहा है। बाहर से सब कुछ सामान्य दिखाई देता है, लेकिन भीतर ही भीतर मन थक चुका होता है। यही थकान धीरे-धीरे चिंता, बेचैनी और निराशा में बदल जाती है, जो जीवन की दिशा और आत्मविश्वास दोनों को प्रभावित करती है। डिजिटल युग ने जहां जीवन को सुविधाजनक बनाया है, वहीं मानसिक शांति को चुनौती भी दी है। मोबाइल और स्क्रीन की लगातार उपस्थिति नींद को प्रभावित कर रही है, एकाग्रता कम कर रही है और मन में अस्थिरता पैदा कर रही है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

न्यूज ब्रीफ

### मेरठ में पीएम का कार्यक्रम ऐतिहासिक बने : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन स्थल, रेलवे स्टेशन और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल के विस्तार और मेरठ मेट्रो सेवा की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोगों की सहभागिता संभावित है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं सुचारु और सुरक्षित रहें। उन्होंने पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रविवार को प्रधानमंत्री करीब 12,930 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री शताब्दी नगर स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

### बिना कारण बताए हमारी एनएसजी सुरक्षा हटाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सुरक्षा से खिलवाड़ करती



है। मुझे एनएसजी सिक्योरिटी और राहुल गांधी को एसपीजी सुरक्षा मिली थी। भाजपा सरकार ने उनकी एसपीजी सुरक्षा हटायी, उनका घर खाली कराया। बिना कारण बताए हमारे पास से एनएसजी सुरक्षा हटा ली। सरकार हमारे ड्राइवर और गेट खोलने वालों की भी गिनती कर बता रही कि इतनी सुरक्षा दे दी है। सुरक्षा का जो प्रोटोकॉल है, वह तो मिलेगा ही। सपा प्रमुख ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब बुलडोजर से किसी का घर गिरता है तो मुख्यमंत्री आवास में बैठकर खुश होते हैं और कहते हैं, देखिए आज मैंने घर गिरवा दिया। मुख्यमंत्री दूसरों को उपद्रवी और माफिया कहते हैं।

### 'लखनऊ दर्शन' बस में फिर शामिल हुई विधानसभा की सैर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश का बजट सत्र समाप्त हो चुका है, अब 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा के जरिए पर्यटक एक बार फिर से भव्य और ऐतिहासिक उप्र. विधानसभा भवन का भ्रमण कर सकेंगे। बजट सत्र के दौरान सुरक्षा कारणों से विधानसभा भ्रमण अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, लेकिन अब लोकतंत्र का यह दरबार आम लोगों के स्वागत के लिए फिर से तैयार है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को दी।

## मतदाता बनाने को आज चलेगा प्रदेशभर में विशेष अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक बूथों पर बैठेंगे बीएलओ, डीएम करेंगे निगरानी

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत रविवार को प्रदेश के सभी पोलिंग बूथों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसका मकसद अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना और उसे त्रुटिरहित बनाना है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व निभा रहे सभी डीएम कड़ी निगरानी रखेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि वर्ष 2026 का यह चौथा विशेष अभियान दिवस होगा। इससे पहले 11 जनवरी, 18 जनवरी और 31 जनवरी को भी प्रदेशभर में ऐसे अभियान आयोजित किए जा चुके हैं। 22 फरवरी (आज) को प्रत्येक बूथ पर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहेंगे। उनके पास 6 जनवरी-26 को प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति तथा फॉर्म 6, 6 ए, 7 और 8 उपलब्ध रहेंगे।

हर मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी की जाएगी, जहां लोगों को फॉर्म भरने में सहायता दी जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना और अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। जिन युवाओं की आयु 1 जनवरी-26 को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है और जिनका नाम सूची में दर्ज नहीं है। वह फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को जमा कर सकते हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग के मोबाइल एप और voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

## एआई इम्पैक्ट समिट में यूपी मॉडल की गूंज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट' में शामिल हुए यूपी से जुड़े स्टार्टअप
- सरकारी स्कूलों में तकनीक आधारित लर्निंग मॉडल की हुई सराहना

**अमृत विचार :** दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में उत्तर प्रदेश की एआई आधारित शिक्षा पहल को राष्ट्रीय पहचान मिली है। समिट में जारी 'इंडियाज एआई इम्पैक्ट स्टार्टअप्स रिपोर्ट' में देशभर के 110 स्टार्टअप और गैर-लाभकारी संगठनों को शामिल किया गया है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जरिए सामाजिक और आर्थिक बदलाव की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

रिपोर्ट को इंडिया एआई और कल्पा इंपैक्ट द्वारा प्रकाशित किया गया है। इसमें प्रमुख क्षेत्रों में नवाचारों को रेखांकित किया गया है। उत्तर प्रदेश का उल्लेख एआई आधारित शिक्षा मॉडल




के उदाहरण के रूप में किया गया है। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में एआई संचालित प्लेटफॉर्म लागू किया गया है। इसके जरिए छात्रों के सीखने के स्तर का आकलन कर उन्हें व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लर्निंग गैप की पहचान कर समय पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में एआई टूल्स के उपयोग को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया गया है।

राज्य सरकार का मानना है कि एआई जैसे उभरते तकनीकी उपकरणों का लाभ केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहकर ग्रामीण अंचलों तक पहुंचना चाहिए। यही वजह है, बजट 2026-27 में भी डिजिटल और एआई आधारित पहलों पर विशेष जोर दिया गया है।

### डिजिटल शिक्षा नीति को मिली मान्यता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लंबे समय से शिक्षा में डिजिटल हस्तक्षेप को प्राथमिकता दे रही है। बड़ी संख्या में सरकारी विद्यालयों और छात्रों वाले प्रदेश में तकनीक आधारित समाधान को व्यापक स्तर पर लागू करना चुनौतीपूर्ण रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय रिपोर्ट में यूपी मॉडल का जिक्र डिजिटल शिक्षा नीति की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है।

### पीपीपी मॉडल बना उदाहरण

रिपोर्ट में सरकार और स्टार्टअप के बीच सहयोग को प्रभावी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। 110 चयनित स्टार्टअप्स में शिक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन के उदाहरण के तौर पर उत्तर प्रदेश का उल्लेख प्रदेश की बढ़ती तकनीकी क्षमता को दर्शाता है।

# जेवर से उठी चिप क्रांति : योगी

## 3700 करोड़ की पहली सेमीकंडक्टर परियोजना का शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एचसीएल-फॉक्सकॉन के संयुक्त निवेश से 2028 तक शुरू होगा उत्पादन
- 3500 रोजगार और 45 हजार करोड़ जीडीपी योगदान का अनुमान
- 'फियरलेस बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' मॉडल की चर्चा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने 'स्केल और स्पीड' के साथ विकास का नया मॉडल स्थापित किया है और जेवर में सेमीकंडक्टर परियोजना का शिलान्यास इसी परिवर्तन का प्रतीक है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में 3700 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर परियोजना की आधारशिला रखे जाने को उन्होंने प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया।

मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप भारत वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम का कथन भी दोहराया "ऑयल वॉज ब्लैक गोल्ड, बट चिप इज डिजिटल डायमंड।" इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2017 से पहले जेवर क्षेत्र अराजकता और असुरक्षा के लिए जाना जाता था, लेकिन आज यह देश का 'जेवर' बनकर उभर रहा है।

सीएम ने कहा, उत्तर प्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, डी-रेगुलेशन और डी-क्रिमिनलाइजेशन के माध्यम से निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। 'फियरलेस बिजनेस' और 'ट्रस्ट ऑफ डूइंग बिजनेस' का इकोसिस्टम स्थापित हुआ है, जिससे प्रदेश निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बना है। यह परियोजना विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की आधारशिला है।




यीडा क्षेत्र में सेमीकंडक्टर परियोजना की आधारशिला रखते मुख्यमंत्री योगी, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व अन्य। अमृत विचार

### देश की सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षा का नया केंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र का जेवर अब देश की सेमीकंडक्टर महत्वाकांक्षा का नया केंद्र बनने जा रहा है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड की डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) ओसैट यूनिट के शिलान्यास के साथ उत्तर प्रदेश में 'चिप क्रांति' की नई लहर उठी है। करीब 3,700 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होने वाली यह अत्याधुनिक इकाई वर्ष 2028 तक परिचालन में आने की उम्मीद है। इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड, एचसीएल टेक्नोलॉजिस और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप का 60 :40 संयुक्त उद्यम है। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) ओसैट सुविधा होगी, जहां स्मार्टफोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल सिस्टम और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स में उपयोग होने वाले डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का उत्पादन किया जाएगा। संयंत्र की प्रति माह 20,000 वेफर्स प्रोसेसिंग क्षमता होगी, जिससे देश में सेमीकंडक्टर कंपोनेंट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस इकाई से भारत की आयात निर्भरता घटेगी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में देश की भूमिका मजबूत होगी। मोबाइल, टीवी और ऑटोमोबाइल डिस्प्ले में उपयोग होने वाले डीडीआईसी चिप्स के घरेलू उत्पादन से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र को नई गति मिलेगी।

परियोजना से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। साथ ही स्थानीय सप्लाई चेन विकसित होगी और वैश्विक साझेदारों का निवेश आकर्षित होगा। परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ रुपये के जीडीपी योगदान की संभावना जताई गई है।

## कौशल प्रशिक्षण में सुधार को परफॉर्मेंस बेस्ड ग्रेडिंग नीति लागू

### गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रदेश सरकार का बड़ा कदम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्रेडिंग सिस्टम से तय होगी संस्थानों की रैंकिंग, बेहतर प्रदर्शन पर मिलेंगे ज्यादा लक्ष्य

**अमृत विचार :** प्रदेश में कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। उप्र. कौशल विकास मिशन द्वारा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए नई परफॉर्मेंस-बेस्ड ग्रेडिंग नीति लागू कर दी है।

नई नीति का उद्देश्य प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और युवाओं की रोजगार क्षमता को सशक्त बनाना है। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार कौशल विकास को सीधे रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। गुणवत्ता आधारित प्रतिस्पर्धा से युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा इस व्यवस्था से बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को अधिक अवसर मिलेंगे, जबकि कमजोर संस्थानों में सुधार की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। नई व्यवस्था के तहत प्रशिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन हर वर्ष फरवरी के अंतिम दिन तक पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा। मार्च में ग्रेडिंग को अंतिम रूप दिया जाएगा और अप्रैल में प्रशिक्षण केंद्रों को नए लक्ष्य आवंटित होंगे। जैसे, वर्ष 2026-27 की ग्रेडिंग वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के औसत प्रदर्शन के आधार पर तय की जाएगी।

#### 1712 संस्थान होंगे शामिल

नई नीति के दायरे में निजी प्रशिक्षण केंद्रों, राजकीय संस्थानों, दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्रों, स्टार्टअप्स और डीडीयू-जीकेवाई सहित कुल 1712 प्रशिक्षण प्रदाता शामिल किए गए हैं।

#### 'ए' से 'डी' तक चार श्रेणियां

मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार, केवल वे संस्थान ग्रेडिंग प्रक्रिया में शामिल होंगे, जो फरवरी तक संबद्ध हों और डिबार या ब्लैकलिस्ट न हों। उन्होंने बताया कि 40 अंकों के मानक तय किए गए हैं, इनमें 36-40 अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षण संस्थानों को 'ए' ग्रेड में रखा जाएगा, इसी प्रकार 30-36 अंक पर 'बी' ग्रेड, 25-30 अंक होने पर 'सी' ग्रेड और 25 से कम अंक मिलने पर 'डी' ग्रेड में स्थान मिलेगा। ग्रेडिंग नामांकन, प्रशिक्षण पूर्णता और परिणाम आधारित प्रदर्शन पर केंद्रित होगी।

### वाराणसी जा रहे सपाई किए गए हाउस अरेस्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख के निर्देश पर दालमंडी वाराणसी जा रहे प्रतिनिधिमंडल को लखनऊ में ही प्रशासन ने रोक लिया। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव तथा कुछ अन्य नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। नेता विरोधी दल ने कहा है कि जब हक और इंसाफ की आवाज बुलंद होती है तो सत्ता के गलियारों में बैठे लोग बेचैन हो जाते हैं।

### कांग्रेस के प्रदर्शन को बताया अशोभनीय

**अमृत विचार, लखनऊ :** नई दिल्ली के भारत मंडपम में हुई एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा



अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने को बसपा प्रमुख मायावती ने अभोभनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह विदेशी प्रतिनिधियों के सामने इस तरह से प्रदर्शन करके देश की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेट फार्म एक्स पर लिखा कि नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट हुई। इसमें देश व विदेश के काफी प्रमुख लोग आमंत्रित किए गए। यह इंवेट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में था। इस दौरान जिन कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर अपना विरोध प्रदर्शन किया, अत्यंत अशोभनीय और निंदनीय हैं।



लखनऊ : राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### राहुल गांधी के खिलाफ भाजयुमो का प्रदर्शन, किया पुतला दहन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता वीवीआईपी गेस्ट हाउस के सामने एकत्र हुए और वहां से कांग्रेस कार्यालय की ओर कूच किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी, जिससे मार्ग पूरी तरह जाम हो गया। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी होश में आओ और मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए तथा कांग्रेस नेता का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का कारण इंटरनेशनल एआई समिट में कथित रूप से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए विरोध को बताया गया। भाजयुमो उपाध्यक्ष संजय शुक्ला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि धूमिल कर रहे हैं।

## शिक्षामित्र और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि से 1.68 लाख परिवारों को राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अप्रैल से शिक्षामित्रों को प्रतिमाह मिलेंगे 18,000 और अंशकालिक अनुदेशकों को 17,000 रुपये

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने शिक्षामित्र और अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में उल्लेखनीय वृद्धि करके लगभग 1.68 लाख कर्मियों और उनके परिवारों को राहत दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि आगामी 1 अप्रैल 2026 से प्रदेश में कार्यरत शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये और अंशकालिक अनुदेशकों को 17,000 रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। इस फैसले से दोनों वर्गों पर अनुमानित 1,480 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

प्रदेश में वर्तमान में 1,43,450 शिक्षामित्र कार्यरत हैं, जिन्हें अब तक 10 हजार रुपये प्रतिमाह मिलते हैं। नई नीति के अनुसार यह राशि बढ़ाकर 18,000 रुपये की गई है, जिससे प्रति शिक्षामित्र वार्षिक अतिरिक्त व्यय 88 हजार रुपये होगा। वहीं, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 24,781 अंशकालिक अनुदेशकों को 17हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा, जिससे इनके लिए वार्षिक अतिरिक्त व्यय लगभग 218 करोड़ रुपये होगा।

मानदेय वृद्धि से न केवल शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के जीवन स्तर में सुधार होगा, बल्कि विद्यालयों में उनकी कार्यक्षमता और मनोबल भी बढ़ेगा। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि की उम्मीद है।

विभिन्न जिलों के शिक्षामित्रों और अनुदेशकों ने इस फैसले का स्वागत किया। मुरादाबाद की एक शिक्षामित्र ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में 10 हजार रुपये में गुजारा करना कठिन था, अब आर्थिक स्थिति में सुधार की उम्मीद जगी है। अयोध्या के सुखजीत सिंह ने इसे लंबी समय से चली आ रही समस्याओं पर गंभीरता से लिया गया निर्णय बताया।



उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री एंड्रेज प्लेनकोविक का शनिवार को आगरा आगमन पर स्वागत किया। मंत्री उपाध्याय ने प्रधानमंत्री को ताजमहल और आगरा किले का भ्रमण कराया और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन क्षमता से अवगत कराया। अमृत विचार

तैयारी | तीन महीने में दो बार विधान सभा घेरने के आंदोलन से पार्टी में ऊर्जा लाने की हो रही कवायद

# प्रदेश में सियासी जमीन तैयार करने में जुटी कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मनरेगा बचाओ अभियान से अंतिम पायदान पर खड़े लोगों से जुड़ने की हो रही कोशिश
- बीते 36 साल से प्रदेश की सत्ता से बाहर रहने से बढ़ रही अकुलाहट

**अमृत विचार:** विधान सभा चुनावों में महज एक वर्ष रह गया है तो कांग्रेस ने भी सत्ता का 36 साल से सूखा खत्म करने के लिए सियासी जमीन तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है। पिछले तीन महीने के अंतराल में ही विधान सभा घेरने के इरादे से दो बड़े प्रदर्शन करके कार्यकताओं में जहां जोश भरने का प्रयास है, वहीं मनरेगा बचाओ अभियान और एसआईआर पर मुखर रुख अपनाकर प्रदेश के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को जोड़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि कांग्रेस के यह आंदोलन सियासी जमीन को कितना लहलहा पाते हैं, यह अभी भविष्य के गर्त में छिपा है।

देश आजाद होने के बाद उत्तर प्रदेश में गोविंद बल्लभ पंत के नेतृत्व में पहली सरकार बनी थी। इसके बाद कांग्रेस की सूबे में 11 बार सरकार बनी। इससे एक बारगी को माना जाने लगा कि कांग्रेस की सत्ता का सूरज उत्तर प्रदेश में शायद ही अस्त हो। वर्ष 1985



को हुए विधान सभा के चुनावों में कांग्रेस ने 269 सीटें जीत कर सरकार बनाई थी। लेकिन 1989 में हुए चुनाव में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई। उस समय कांग्रेस को महज 94 सीटें पाकर ही संतोष करना पड़ा था। उसके बाद कांग्रेस का प्रदेश में जो ग्राफ गिरने का सिलसिला शुरू हुआ, वह आज तक जारी है। हैरत की बात तो यह है कि वर्ष 2007 के बाद तो कांग्रेस की सीटें दहाई में भी नहीं आ पाई हैं। मौजूदा समय में कांग्रेस के बाद विधान सभा में दो सीटें हैं। एक विधायक अराधना मिश्रा हैं। वह प्रतापगढ़ की रामपुर खास चुन कर आईं हैं, जबकि दूसरे विधायक वीरेन्द्र चौधरी हैं। वह महाराजगंज के फरेंदा से विधायक हैं।

> कांग्रेस ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के विरोध में प्रदर्शन और विधान सभा घेराव के कार्यक्रम किए हैं। इससे कार्यकर्ताओं में जोश पैदा होता है। वर्ष 2027 के चुनाव कांग्रेस पूरी दमदारी के साथ बेहतर परिणाम देगी।
>
> -अंशु अवस्थी, कांग्रेस प्रवक्ता

अब विधान सभा के 2027 के आम चुनावों की आहट शुरू हो गई है तो अब कांग्रेस ने जनता से जुड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। 18 दिसंबर -25 में कांग्रेस ने जहां संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की रक्षा के मुद्दे पर प्रदर्शन किया था। अब पांच दिन पहले 17 फरवरी को एक बार कांग्रेस मैदान में उतर गई। इस बार मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर विधान सभा घेरने की कोशिश की गई, वहीं प्रदेश के सभी जिलों में बड़े सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इन सम्मेलनों में राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय खुद शामिल हो रहे हैं।

## होली से पहले मिलावटी खाद्य पदार्थों पर की जा रही कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए एफएसडीए ने किया निरीक्षण और प्रवर्तन
- कई जिलों में हजारों किलोग्राम सामग्री जब्त व नष्ट

**अमृत विचार :** आगामी होली पर्व के अवसर पर आम जनता को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य-पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने व्यापक अभियान चलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार बाजारों, इकाइयों, कोल्ड स्टोरेज, अस्थायी भट्ठियों और मंडियों में खाद्य पदार्थों की सतत निगरानी की गई।

यह जानकारी एफएसडीए की आयुक्त डॉ.रोशन जैकब ने दी, उन्होंने शनिवार को बताया कि अभियान के दौरान पूरे प्रदेश में 1,260 निरीक्षण किए गए, 432 छापों के माध्यम से 473 नमूने संग्रहीत किए गए और 80,552 किग्रा सामग्री जब्त की गई, जिसका मूल्य लगभग 1.56 करोड़ रुपये आंका गया। मानव उपभोग योग्य न होने पर 7,715 किग्रा सामग्री नष्ट कर दी गई। एफएसडीए ने जनता से अपील की है कि मिठाई या खाद्य सामग्री खरीदते समय बिल जरूर लें और संदिग्ध रंग, गंध या खुली मिठाई का उपयोग न करें। किसी भी मिलावट या संदिग्ध सामग्री की सूचना हेल्पलाइन 1800-180-5533, व्हाट्सअप नंबर 9793429747 या स्थानीय कार्यालय में दी जा सकती है।

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अभियान में छोटे या खुदरा कारोबारी उत्पीड़न का शिकार न हों और त्यौहार से दो दिन पूर्व सभी निरीक्षण कार्य पूरे कर दिए जाएं। अभियान का उद्देश्य होली के अवसर पर जनमानस को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

## नवी मुंबई हवाई अड्डे ने डिजियात्रा सुविधा शुरू की

**मुंबई, एजेंसी :** नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) ने वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के लगभग दो महीने बाद डिजियात्रा सेवा शुरू करने की घोषणा की है। निजी हवाईअड्डा संचालक ने एक बयान में शुक्रवार को कहा कि नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा देश के पांच अन्य हवाईअड्डों के साथ नागर विमानन मंत्रालय के राष्ट्रव्यापी डिजी यात्रा कार्यक्रम में डिजिटल रूप से शामिल हो गया है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, रविवार, 22 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2565, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2390, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13kg 2110, जय जवान 2080, सचिन 2090, सूरज 2080, अवसर 1940, उजाला 2060, गृहणी 13 kg 1945, क्लासिक (kg) 2280, मोर 2275, चक्र टिन 2330, ब्लू 2185, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2520

**किराना**– महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100

**चावल**– (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली, 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी**– पीलीभीत 4430, बहेड़ी 4270

**बरेली सर्राफा** – (प्रति 10 ग्राम) गोल्ड (पक्के जेवर) 157500, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 153500, सिल्वर (पक्की) 2560 (अनुमानित)

## इंडियन ओवरसीज बैंक के अधिकारी 2 मार्च को करेंगे हड़ताल

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज बैंक अधिकारी संघ ने बैंक प्रबंधन के कथित तौर पर दमनकारी निगरानी उपायों और कार्यस्थल नियमों के विरोध में दो मार्च को एक-दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल की घोषणा की है। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) की कार्यसंस्कृति में गंभीर और चिंताजनक बदलाव आए हैं।

# आधुनिक उपकरणों को दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म-निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति शृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था।

प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं। इस दशक में भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो भी कर रहा है, वह 21वीं सदी में हमारी क्षमता की नींव बनेगा।" उन्होंने कहा कि भारत में चिप का निर्माण होने से हमारे आधुनिक उपकरणों के उत्पादन के लिए देश को अब दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान चिप की आपूर्ति बाधित हुई, तो कारखाने ठप पड़ गए और वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं। भारत ने उस संकट से सबक लिया और उसे एक अवसर में बदल दिया। हमने चिप विनिर्माण के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया और इसके लिए हम देश में एक संपूर्ण सेमीकंडक्टर परिवेश तैयार कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रेटर नोएडा में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर पार्क के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए। ● एजेंसी

एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' ग्रेटर नोएडा के जेवर में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत एक आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओसैट) संयंत्र स्थापित करेगा। एचसीएल और फॉक्सकॉन की यह संयंत्र प्रौद्योगिकी के लिए एक 'शक्ति के केंद्र' के रूप में उत्तर प्रदेश की पहचान को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश से सांसद के रूप में अपनी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का सांसद होने के नाते, यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। यह सेमीकंडक्टर संयंत्र उत्तर प्रदेश और पूरे भारत के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

प्रधानमंत्री ने इस बात को स्वीकार किया कि भले ही भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी यात्रा थोड़ी देरी से शुरू की है, लेकिन अब यह अत्यंत तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने तेल और प्रौद्योगिकी के बीच के ऐतिहासिक बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि 20वीं सदी में जिन देशों के पास तेल था, उनके पास समृद्धि और शक्ति थी। लेकिन 21वीं सदी में यह शक्ति एक छोटी सी 'चिप' में समाहित है। अब शक्ति का केंद्र वे कौशल और सामग्रियां हैं, जो इस चिप से जुड़ी हुई हैं।

इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड 60:40 हिस्सेदारी वाला एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। इस उन्नत ओसैट संयंत्र का परिचालन वर्ष 2028 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने अगले कुछ वर्षों में इस परियोजना पर 3,700 करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है। इस निवेश से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। इसके साथ ही स्थानीय आपूर्ति शृंखला के विकास और सेमीकंडक्टर मूल्य शृंखला में पारिस्थितिकी भागीदारों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस संयंत्र में प्रति माह 20,000 वेफर यानी सिलिकॉन प्लेट के प्रसंस्करण की क्षमता होगी।

इस इकाई का भारत की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने और आत्मनिर्भर, सुदृढ़ सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने का इरादा है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के एक 'शक्ति-केंद्र' के रूप में स्थापित किया है। भारत अब इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात करने वाले दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो गया है। इस संयंत्र से हर महीने 3.6 करोड़ चिप का उत्पादन होगा।

## उद्योग जगत में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अनिवार्य

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (आइमा) के अध्यक्ष टी. वी. नरेंद्रन ने शनिवार को कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में कृत्रिम मेधा (एआई) और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती अहमियत के बीच भारत की समृद्धि बनाए रखने के लिए उद्योग जगत की हस्तियों के पास प्रौद्योगिकी को समझने और उसे लागू करने की क्षमता होनी जरूरी है। नरेंद्रन ने आइमा के 70वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय व्यवसाय और उनके नेतृत्वकर्ता राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।

टाटा स्टील के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नरेंद्रन ने कहा कि घरेलू कंपनियां आज दुनिया भर में व्यवसायों का अधिग्रहण कर रही हैं और भारतीय प्रबंधक विश्व के कुछ सबसे जटिल संगठनों का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने एआई के संदर्भ में कहा कि कृत्रिम मेधा अब केवल चर्चा का एक छोटा हिस्सा नहीं रह गया है।

## अकाली दल वाघा, फाजिल्का बॉर्डर खोलने को वचनबद्ध

**अटारी, एजेंसी**

● **सीमाएं बंद होने से सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार प्रभावित: बादल**

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को घोषणा की कि 2027 में अकाली दल की सरकार बनने पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के लिए वाघा और फाजिल्का बॉर्डर खोले जायें और सीमावर्ती क्षेत्र में एक विशेष औद्योगिक ज़ोन बनाया जाये।

पंजाब बचाओ मुहिम के तहत वरिष्ठ नेता गुलजार सिंह रणीके की ओर से यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए श्री बादल ने कहा कि सीमाएं बंद होने से सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि एक बार हम चुने गये तो हम वाघा और फाजिल्का बॉर्डर को फल, सब्जियों और अन्य वस्तुओं के मध्य एशियाई देशों को निर्यात को खोलेंगे। इस निर्यात से अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बन जाएगा और पूरे क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा। बादल ने जोर देकर कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में उद्योग स्थापित करना भी बहुत जरूरी है, खासकर तब जब उद्योग पहाड़ी राज्यों में मिल रही रियायतों के कारण वहां चले गए हैं।

## क्लीनमैक्स ने एंकर निवेशकों से 921 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता क्लीनमैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुलने से पहले एंकर (प्रमुख) निवेशकों से 921 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एंकर निवेश दौर में टेमासेक होल्डिंग्स, नोमुरा एसेट मैनेजमेंट, एसबीआई लाइफ, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्प, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एडीआईए, एसबीआई जनरल, प्रेमजी इन्वेस्ट और फ्रैंकलिन टेम्पलटन सहित विदेशी और घरेलू संस्थान शामिल हुए।

## इंडिया सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो में उमड़े उद्यमी

**संवाददाता, मेरठ**

● **व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया उद्घाटन**

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन मेरठ चैप्टर द्वारा आयोजित इंडिया सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो 2026 का शनिवार को आईआईए भवन, मोहकमपुर में भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय (21 से 23 फरवरी) इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि आईबी सोलर कंपनी के फाउन्डर डायरेक्टर अभिनव महाजन ने आभार जताया।

एक्सपो में उद्यमियों, छात्र-छात्राओं और आमजन में भारी उत्साह देखा गया। युवाओं ने कैरियर की संभावनाएं तलाशीं। एक्सपो में सोलर और इलेक्ट्रिक व्हीकल के 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। सोलर सेल, मॉड्यूल, हाइब्रिड वाहन, ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन और अत्याधुनिक बैटरी तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आईआईए पदाधिकारियों ने बताया कि इस 10वें सोलर एक्सपो और 4 ई-व्हीकल एक्सपो का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों को हरित ऊर्जा और टिकाऊ परिवहन समाधानों से जोड़ना है। आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने मेरठ को क्रांति की धरती बताते हुए पुनः हरित क्रान्ति के लिए संकल्पित बताया। विशेष आकर्षण वियतनाम की विनफास्ट ई-वी कार रही। सोलर कम्पनियों माइक्रोकटेक ल्यूमिनस के एवीपी, आईबी सोलर के तकनीकी हेड रिगनेन्ट के चेरयमैन के सेल्सनिड, लूनो के स्टेट हैड, वी एस सोलर के हैड, आईडीएफसी के सोलर लोन एक्सपर्ट ने सोलर बिजनेस अवसर पर गहन चर्चा की। संचालन सोलर कमेटी चेयरमैन तारिक हसन नकवी ने किया। अजय गुप्ता, पंकज गुप्ता, अशोक अग्रवाल को सम्मानित किया गया। संजीव मित्तल और संजीव गुप्ता भी मौजूद रहे।



मेरठ में एक्सपो का उद्घाटन करते व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल।



# दिल्ली में लश्कर-ए-तैयबा के हमले की चेतावनी, चांदनी चौक में सुरक्षा सख्त

## एक मंदिर और लालकिले के आसपास सुरक्षा क्षेत्रों में हमले की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● प000000000000

दिल्ली में भीड़भाड़ वाले धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को निशाना बनाने की पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की साजिश की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। खुफिया सूचनाओं के अनुसार, विशेष रूप से चांदनी चौक स्थित एक मंदिर और लाल किले के आसपास के उच्च-सुरक्षा क्षेत्रों में आईईडी के माध्यम से हमले की आशंका जताई गई है।

ऐसी आशंका जताई जा रही है कि आतंकी लाल किले के निकटवर्ती क्षेत्रों सहित अन्य उच्च-सुरक्षा वाले इलाकों में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के इस्तेमाल की योजना बना रहे हैं। इस अलर्ट के मद्देनजर चांदनी चौक के मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी कर दी गई है और निरंतर निगरानी व सतर्कता सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों (पैरामिलिट्री फोर्स) की तैनाती की गई है। सुरक्षा के ये कड़े इंतजाम पिछले साल नवंबर में लाल किले के पास हुए भीषण कार बम धमाके के मद्देनजर किए गए हैं। उस समय लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोटकों से भरी एक कार में हुए ब्लास्ट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी थी और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। जांच में सामने आया था कि उस धमाके में अमोनियम नाइट्रेट आधारित विस्फोटकों का प्रयोग किया गया था। अधिकारियों ने बाद में उस वाहन के चालक की पहचान उमर मोहम्मद उर्फ उमर उन नबी के रूप में की थी।

नबी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़ा एक डॉक्टर था। जांच एजेंसियां इस पहलू पर भी गौर कर रही हैं कि क्या लश्कर-ए-तैयबा का यह संभावित कदम इस महीने की शुरुआत में इस्लामाबाद की एक मस्जिद पर किए गए आतंकी हमले को दोहराने की मंशा से प्रेरित है। ज्ञात हो कि गत छह फरवरी को इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित इमाम बारगाह क़सर-ए-खदीजतुल कुबरा मस्जिद में हुए आत्मघाती विस्फोट में 32 लोग मारे गए थे और 160 से अधिक घायल हुए थे। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली थी।

भारत के विदेश मंत्रालय ने उस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा था कि इस्लामाबाद की मस्जिद में हुआ बम धमाका निंदनीय है और भारत इसमें हुई जनहानि पर संवेदना व्यक्त करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान अपने सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुँचाने वाली आंतरिक समस्याओं के समाधान के बजाय अपनी घरेलू बुराइयों के लिए दूसरों पर दोष मढ़कर स्वयं को भ्रम में रख रहा है। भारत ऐसे सभी आरोपों को खारिज करता है, जो पूरी तरह निराधार और अर्थहीन हैं।

## राहुल भिवंडी की अदालत में पेश हुए सपकाल को नया जमानतदार बनाया

**ठाणे/मुंबई, एजेंसी**

● **मानहानि मामले की अगली सुनवाई 4 अप्रैल को**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता की ओर से उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में नया जमानतदार पेश करने के लिए शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत में पेश हुए। उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को अपना नया जमानतदार नामित किया। राहुल के महाराष्ट्र के ठाणे जिले की ओर जाते समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने मुलुंड टोल प्लाजा पर उन्हें काले झंडे दिखाए, नारे लगाए और कांग्रेस पर दिल्ली में एआई इंपैक्ट समिट में युवा कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन के माध्यम से भारत की छवि खराब करने का आरोप लगाया।



संयुक्त दीवानी न्यायाधीश और प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) पीएम कोलसे की अदालत ने राहुल के नये जमानतदार से संबंधित प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद मानहानि मामले की अगली सुनवाई चार अप्रैल के लिए तय की। आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंते की ओर से दायर मामले में कांग्रेस नेता को पहले ही व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी जा चुकी है। कुंते ने अदालत में शिकायत दायर कर आरोप लगाया है कि राहुल ने 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान सोनाले गांव में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि महात्मा गांधी की हत्या के पीछे संघ का हाथ था। अदालत ने राहुल से इस मामले में एक नया जमानतदार पेश करने के लिए कहा था, क्योंकि पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का 12 दिसंबर 2025 को निधन हो गया था, जो उनके जमानतदार थे।

जब राहुल 2016 में अदालत के समक्ष पेश हुए थे, तब पाटिल उनके जमानतदार बने थे, जिसके बाद अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। शनिवार को नया जमानतदार बनाने की कार्यवाही को त्वरित प्रक्रिया के तहत लगभग 15 मिनट में पूरा कर लिया गया। अदालत ने महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के जमानत पत्र औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिए हैं।

## भिंड में बस और वैन की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड-ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 719 पर बस और वैन की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं 7 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात लगभग तीन बजे हुई ये टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन पूरी तरह पिचक गई। उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसा गोहद चौराहा थाना अंतर्गत छींमका गांव के पास हुआ।

गोहद चौराहा थाना प्रभारी मनीष धाकड़ के अनुसार, ईको वैन ग्वालियर से सवारियों को लेकर भिंड की ओर आ रहा था, जबकि बस ग्वालियर की ओर जा रही थी। अभी दो मृतकों की पहचान हुई है। दोनों भिंड जिले के है। इनके नाम अतुल शिवहरे निवासी फूप और जगदीश भदौरिया निवासी स्योड़ा गांव अकोड़ा है। बाकी के शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

## द्रमुक ने सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए टी आर बालू के नेतृत्व में समिति गठित की

### तमिलनाडु चुनाव

**चेन्नई, एजेंसी**

● **चुनाव के लिए कांग्रेस को अधिक सीट देने की संभावना**

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने आगामी विधानसभा चुनावों में सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता टी आर बालू की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

डीएमडीके को गठबंधन में शामिल करने के इस कदम ने उसकी प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक को झटका दिया है, जो आगामी विधानसभा चुनाव में द्रमुक का सामूहिक रूप से मुकाबला करने के लिए विजयकांत द्वारा स्थापित पार्टी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल करने का प्रयास कर रही थी।

द्रमुक के एक सूत्र ने बताया कि पार्टी 22 फरवरी से अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत शुरू कर सकती है। डीएमडीके को समायोजित करने के अलावा पार्टी के इस चुनाव के लिए कांग्रेस को अधिक सीट आवंटित करने की संभावना है। तमिलनाडु में गठबंधन सरकार की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए द्रमुक के सहयोगी एमडीएमके प्रमुख वाइको ने कहा कि द्रविड़ पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। वाइको ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि द्रमुक अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन 2026 के विधानसभा चुनाव जीतकर फिर से सरकार बनाएंगे।

वाइको ने शनिवार को दक्षिणी जिले तिरुनेलवेली में पत्रकारों से कहा कि आगामी चुनाव शक्ति प्रदर्शन की बड़ी परीक्षा नहीं होंगे। द्रमुक ज्यादातर सीट पर जीत हासिल करेगी। द्रमुक के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हमारे नेता (स्टालिन) ने सहयोगी दलों को चुनावी माहौल के लिए तैयार कर दिया है।

## अगरतला-कोलकाता बस सेवा बहाल करने के प्रयास

**अगरतला, एजेंसी**

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मणिक साहा ने कोलकाता को ढाका के रास्ते अगरतला से जोड़ने वाली भारत-बांग्लादेश बस सेवा को फिर से शुरू करने की पहल का शनिवार को स्वागत किया। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण रॉयल-मैत्री अंतर्राष्ट्रीय बस सेवा पिछले एक साल से निलंबित है, जिससे वीजा संबंधी समस्याएं उत्पन्न हुईं और यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। स्थिति में सुधार होने के साथ, बस संचालक अब सेवा को पुनः शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं और इसके लिये परीक्षण शुरू किया है।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि मैं कोलकाता को ढाका के रास्ते अगरतला से जोड़ने वाली भारत-बांग्लादेश बस सेवा को फिर से शुरू करने के कदम का स्वागत करता हूं। बांग्लादेश में निर्वाचित सरकार के गठन के साथ अनिश्चितता समाप्त हो गई है। भारत-बांग्लादेश बस सेवा के निलंबन के एक साल बाद संचालक ने सेवा को फिर से शुरू करने के लिए ढाका से पश्चिम त्रिपुरा के कृष्णानगर डिपो में एक बस मंगवाई। बस सेवा के प्रबंधक मनोरंजन देवनाथ ने बताया कि पड़ोसी देश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण भारत-बांग्लादेश बस सेवा को एक वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## गोलपाड़ा से विस्थापितों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें: कोर्ट

**गुवाहाटी, एजेंसी**

● **कोर्ट में 60 लोगों ने दायर की थी रिट याचिका**

गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने असम सरकार को निर्देश दिया है कि वह यह सुनिश्चित करे कि पिछले साल जून में गोलपाड़ा जिले में बेदखली अभियान से प्रभावित परिवारों को पीने योग्य पानी, बुनियादी चिकित्सा और स्वच्छता सुविधाएं तथा उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने कहा कि जीवन के अधिकार में गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार, पीने योग्य पानी का अधिकार, स्वच्छता का अधिकार, साथ ही बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अधिकार शामिल है। यह आदेश न्यायमूर्ति देवाशीष बरुआ के नेतृत्व वाली पीठ ने 16, 17 और 18 जून, 2025 को हाशिला बील (आर्द्रभूमि) क्षेत्र में की गई बेदखली से प्रभावित 60 याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर एक रिट याचिका पर दिया।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि बच्चों सहित 566 परिवारों को कुछ अन्य व्यक्तियों से संबंधित पट्टा भूमि के एक छोटे से भूखंड में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि याचिकाकर्ताओं सहित प्रभावित परिवार आठ महीने से अधिक समय से घोर अभाव की स्थिति में रह रहे हैं, जहां पीने योग्य पानी, स्वच्छता, भोजन या उचित चिकित्सा देखभाल की कोई उपलब्धता नहीं है। न्यायमूर्ति बरुआ ने याचिकाकर्ता और प्रतिवादियों के अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत तर्कों को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि इस न्यायालय की राय है कि जीवन के अधिकार में गरिमा के साथ जीने का अधिकार, पीने योग्य पानी का अधिकार, स्वच्छता का अधिकार और साथ ही बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अधिकार शामिल है। इस न्यायालय की यह भी राय है कि 2013 के अधिनियम के तहत पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किए जाने हैं। यहां '2013 के अधिनियम' से तात्पर्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 से है।

# निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल में करेगा 480 कंपनी केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती

● विस चुनाव की घोषणा से पहले दो चरणों में किए जाएंगे तैनात

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही निर्वाचन आयोग राज्य में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती शुरू कर देगी। गृह मंत्रालय से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह तैनाती दो चरणों में होगी। शुरुआत में राज्य में कुल 480 कंपनियां तैनात की जाएंगी।

पहले चरण में एक मार्च तक 240 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। इनमें सीआरपीएफ की 110 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल की 55 कंपनियां, आईटीबीपी की 27 कंपनियां, एसएसबी की 27 कंपनियां और सीआईएसएफ की 21 कंपनियां शामिल हैं। दूसरे चरण में 10 मार्च तक अतिरिक्त 240 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। इस जत्थे में सीआरपीएफ की 120 कंपनियां, बीएसएफ की 65, आईटीबीपी की 20, एसएसबी की 19 और अन्य केंद्रीय बलों की 16 कंपनियां शामिल होंगी। गृह मंत्रालय ने औपचारिक रूप से राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को तैनाती योजना की जानकारी दे दी है और राज्य प्रशासन को आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।


## शांतमनु बने जम्मू कश्मीर के ईसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राज्य चुनाव आयुक्त (ईसी) के रूप में शपथ लेने वाले पूर्व नौकरशाह शांतमनु ने इस केंद्र शासित प्रदेश में लंबे समय से लंबित पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने के महत्व पर जोर दिया। यहां लोक भवन में आयोजित एक समारोह में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को पद की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल जवाबदेही भी हुई सुनिश्चित

डिजिटल युग में तकनीक ने हमारे जीवन को सुगम बनाया है, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उदय ने एक नई और जटिल चुनौती पेश कर दी है। आज एआई के माध्यम से ऐसी सामग्री बनाना संभव है जो हूबहू वास्तविक लगती है। यह तकनीक न केवल किसी व्यक्ति की छवि को धूमिल कर सकती है, बल्कि सामाजिक शांति और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी प्रभावित कर सकती है। इसी खतरे को भांपते हुए, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 के तहत सख्त दिशा-निर्देश और परामर्श जारी किए हैं जो 20 फरवरी से लागू भी हो गए हैं। इन नियमों का प्राथमिक उद्देश्य डिजिटल विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स केवल कैरियर नहीं रह सकते, उन्हें प्लेटफॉर्म पर मौजूद सामग्री की शुद्धता के लिए जिम्मेदार बनाया गया है।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस




### सिंथेटिक सामग्री की पहचान

● कानूनी परिभाषा : नए आईटी नियमों के तहत पहली बार 'सिंथेटिक रूप से उत्पन्न जानकारी' (एसजीआई) को औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया है। इसमें ऐसी ऑडियो, विजुअल या ऑडियो-विजुअल सामग्री शामिल है जो एल्गोरिदम या एआई के जरिए बनाई या बदली गई हों, और जो वास्तविक व्यक्तियों या घटनाओं के जैसी दिखाई देती हों। यानी डीपफेक एडिटेड या डिजिटली एडिटेड तस्वीरें या वीडियो। हालांकि, सामान्य संपादन (रूटिन एडिटिंग), सुलभता उपकरण (जैसे नेत्रहीनों के लिए टेक्स्ट-टू-स्पीच), शैक्षणिक सामग्री और सद्भावपूर्ण तकनीकी सुधारों को इन नियमों से बाहर रखा गया है, शर्त ये है कि वे सामग्री के अर्थ को न बदलें।

### यूजर्स की नई जिम्मेदारियां

● अनिवार्य घोषणा : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए अब यह जरूरी है कि वे यूजर्स से यह घोषणा लें कि उनके द्वारा अपलोड की गई सामग्री एआई से तैयार की गई है या नहीं।

● ईमानदारी की जरूरत : नई नियमावली के अनुसार, कंटेंट की प्रकृति के बारे में सच बोलने की जिम्मेदारी अब सीधे यूजर पर है। हालांकि प्लेटफॉर्म्स भी जांच करेंगे।

● लेबल और मेटाडाटा के साथ छेड़छाड़ पर रोक : यूजर्स को उन लेबल या स्थायी मेटाडाटा को हटाने, दबाने या उनके साथ छेड़छाड़ करने से स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है, जो प्लेटफॉर्म की तरफ से एआई की पहचान के लिए लगाए जाते हैं।

● कानूनी कार्रवाई को लेकर जागरूकता : प्लेटफॉर्म्स को अब हर तीन महीने में कम से कम एक बार यूजर्स को यह चेतावनी देनी होगी कि नियमों का उल्लंघन करने या एआई का गलत इस्तेमाल करने पर उन्हें सजा भुगतनी पड़ सकती है।

### प्लेटफॉर्म्स के लिए जिम्मेदारियां

● उपयोगकर्ता घोषणा : लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने उपयोगकर्ताओं से यह घोषणा लेनी होगी कि अपलोड की गई सामग्री सिंथेटिक है या नहीं।

● सत्यापन : प्लेटफॉर्म्स को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से इन घोषणाओं की सटीकता की जांच करनी होगी।

● सुरक्षा उपाय : बाल यौन शोषण सामग्री, गैर-सहमति वाली अंतरंग तस्वीरें, धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले डीपफेक को रोकने को ऑटोमैटिक एआई फिल्टर लगाने होंगे।

● तीन घंटे में निष्कासन : सरकार या अदालत के आदेश के बाद, प्लेटफॉर्म्स को अवैध एआई सिंथेटिक सामग्री को 3 घंटे के अंदर हटाना होगा। पहले 36 घंटे दिया जाता था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पुणे में 19 झुग्गियां जलकर खाक

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे के हडपसर इलाके में बने राम मनोहर लोहिया उद्यान के पास एक श्रमिक बस्ती में कल देर रात भीषण आग लगने से 19 झुग्गियां और तीन दोपहिया वाहन जलकर राख हो गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह घटना पुणे-सोलापुर रोड पर उद्यान के पीछे स्थित अस्थायी बस्ती में तड़के करीब 2 :30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि आग एक झुग्गी से शुरू हुई और तेजी से आसपास की झोपड़ियों में फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां और पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे।

### हमलों में मारे गए तीन हिजबुल्लाह कमांडर

**बेरूत।** इज़राइल की ओर से लेबनान के पूर्व में किए गए हवाई हमलों में हिज़्बुल्लाह समूह के तीन कमांडर और आठ सैनिक मारे गए, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज़ एजेंसी ने शुक्रवार को शुरुआती आंकड़ों की रिपोर्ट दी, जिसमें कहा गया कि पूर्वी लेबनान के रियाक में एक बिल्डिंग पर हुए हवाई हमलों में 10 से ज़्यादा लोग मारे गए और 30 से ज़्यादा घायल हो गए। लेबनान नागरिक रक्षा के एक सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है।

### यूनान में प्रवासियों की नाव पलटने से 5 मरे

**एथेंस।** यूनान के सबसे बड़े द्वीप क्रीट के दक्षिण में शनिवार तड़के दर्जनों लोगों को ले जा रही एक लकड़ी की नाव के पलट जाने से पांच प्रवासियों की मौत की पुष्टि हो गई है और 20 अन्य अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब प्रवासी समुद्र के रास्ते यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। यूनानी तटरक्षक बल द्वारा बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है ताकि लापता लोगों का पता लगाया जा सके। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नाव पर कुल कितने लोग सवार थे।

### शिमला के होटल में मृत मिला ब्रिटिश नागरिक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में लोअर कैथू क्षेत्र स्थित एक होटल में 86 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक मृत पाए गए। मृतक की पहचान इंग्लैंड के 46 रटलैंड रोड निवासी बैरी एल्विन मॉस के रूप में हुई है। दोपहर करीब 12 बजे कैथू स्थित चितकारा पार्क के पास रहने वाले स्थानीय निवासी सूर्यवंशी ने सूचना दी कि उनके होटल के कमरा संख्या 103 में ठहरे एक विदेशी अतिथि अचेत पड़े हैं।

# राष्ट्रपति ट्रंप बोले-ईरान पर सीमित सैन्य हमला करने पर कर रहे विचार

## ईरानी विदेश मंत्री ने कहा- कुछ ही दिनों में तैयार कर लेंगे परमाणु समझौते का मसौदा

● ईरान ने कहा-क्षेत्र में अमेरिकी सेना की अधिक तैनाती गैरजरूरी

तेहरान/ वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते का मसौदा दो-तीन दिन में तैयार कर लेगा, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान पर सीमित सैन्य हमले करने पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने एमएसएनबीसी चैनल को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि मेरा अगला कदम एक संभावित समझौते का मसौदा अपने अमेरिकी समकक्षों को सौंपना है।

यह मसौदा अगले दो से तीन दिनों में तैयार हो जाएगा। मसौदा पश्चिमी एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ़ को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक अच्छे निष्कर्ष की ओर काम करने से पहले एक और चर्चा के दौर की जरूरत होगी। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने मंगलवार को हुए अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर में कहा था कि ईरान ने अपने देश में यूरेनियम संवर्धन खत्म करने का प्रस्ताव नहीं रखा है, न ही अमेरिका ने ऐसी कोई मांग की है। अराघची ने कहा कि एक न्यायपूर्ण और बराबरी वाला समझौता हो सकता है, लेकिन पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सेना की बढ़ती उपस्थिति बिल्कुल अनावश्यक है। दूसरी ओर, ट्रंप ने कहा कि वह ईरान पर समझौता करने के लिए दबाव बनाने की खातिर सीमित हमला करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में कहा, ऐसा कह सकते हैं कि मैं इसपर विचार कर रहा हूं। अराघची ने ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के बारे में नवीनतम जानकारी देने के लिए अपने मिस्र और रूसी समकक्षों के साथ फ़ोन पर बातचीत की।



### रूस-मिस्र ने किया कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत

मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने ईरान और अमेरिका के बीच चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत किया। उन्होंने आग्रह किया कि शामिल पार्टियों के लिए एक स्वीकार्य खाका हासिल करने के लिए बातचीत जारी रहें। एक अलग फ़ोन कॉल में, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि वह ऐसी बातचीत का समर्थन करते हैं, जिसका मकसद अप्रसार संधि के सिद्धांतों के तहत ईरान के वैध अधिकारों के सम्मान के आधार पर बराबर राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान ढूंढना है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संरा ईरान के हालात को लेकर बहुत चिंतित है।

### जापान ने जारी की 50 से अधिक देशों के लिए यात्रा चेतावनी

टोक्यो। जापान ने शनिवार को पश्चिम एशिया में हाल के तनाव के मद्देनजर 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों के लिए यात्रा पर सतर्कता चेतावनी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हालात में अचानक बदलाव होने की संभावना बनी हुई है और इससे अप्रत्याशित घटनाएं हो सकती हैं, न केवल पश्चिम एशिया बल्कि अमेरिका और यूरोप सहित अन्य भागों में भी। पश्चिम एशिया से बाहर, संयुक्त राज्य अमेरिका के क्षेत्र सहित अप्रत्याशित घटनाएं हो सकती हैं। यदि तनाव और बढ़ता है तो इससे हवाई मार्गों के बंद होने और हवाई अड्डों के अस्थायी रूप से बंद हो जाने की संभावना है।

# सर्वसम्मति पर आधारित होगा हिंद महासागर में संयुक्त समुद्री तंत्र

● गोवा समुद्री सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बोले नौसेना प्रमुख

पणजी, एजेंसी

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने शनिवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में प्रस्तावित कोई भी संयुक्त समुद्री तंत्र भागीदार देशों के बीच आम सहमति पर आधारित होगा। एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने इसके साथ ही क्षमता निर्माण प्रयासों में भागीदार देशों के लिए भारत के समर्थन का आश्वासन दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने गोवा समुद्री सम्मेलन (जीएमसी) 2026 के दौरान एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन के पहले सत्र में हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के संबंध में चर्चा हुई, जिसमें संयुक्त कार्य बल जैसी व्यवस्था की संभावना भी शामिल है।

उन्होंने कहा, जीएमसी आम सहमति पर आधारित है। सभी देशों के बीच आम सहमति होनी चाहिए। सभी देशों के बीच सहमति होना जरूरी है। हम सबकी क्षमताएं अलग-अलग हैं, इसलिए हर देश जो योगदान दे सकता है, उसे ध्यान में रखना होगा। नौसेना प्रमुख ने कहा कि नजदीकी परिचालन सहयोग का विचार सर्वमान्य है और संयुक्त कार्य बल के तौर तरीके पर सामूहिक रूप से काम करना होगा। उन्होंने एक पिछली पहल का उल्लेख करते हुए इंडियन ओशन शिप (आईओएस) एसएजीएआर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) का उल्लेख किया, जिसके तहत पिछले साल हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के 10 देशों के कर्मी एक भारतीय नौसैना के प्लेटफार्म पर सवार हुए और 41 दिनों तक एकसाथ सफर करते हुए पूरे क्षेत्र के बंदरगाहों का दौरा किया।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि विभिन्न देशों के समुद्री और राजनीतिक नेतृत्व सहित हमें जो अनुभव और प्रतिक्रिया मिली, वह बहुत सकारात्मक थी। इसी के आधार पर हमने इस वर्ष आईओएस एसएजीएआर 2.0 आयोजित करने का निर्णय लिया है। हम तिथि तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल, जिसमें हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) देशों के अधिकारी और नाविक एक साथ नौकायन और काम करते हैं, समुद्री वातावरण की एक साझा समझ विकसित करने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि जब वे एकसाथ नौकायन करते हैं और मिलकर काम करते हैं, तो वे जिस समुद्री वातावरण को देखते हैं चाहे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से या अपनी आंखों से वह एक समान होता है। इसलिए, उनके बीच एक साझा समझ होती है, जिससे स्वाभाविक रूप से एक-दूसरे के विचारों की अधिक स्वीकृति होगी और सहभागी देशों के बीच अंतर-संचालनीयता बढ़ेगी।



### मादक पदार्थ ट्रेड बड़ी समुद्री चुनौती

क्षेत्र में उभरती चुनौतियों पर, एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हिंद महासागर का विशाल विस्तार जो विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है, लगातार निगरानी को एक बड़ी चुनौती बनाता है। उन्होंने विशेष रूप से मादक पदार्थ के व्यापार, मानव तस्करी और समुद्री आतंकवाद जैसे मुद्दों से निपटने के लिए वास्तविक समय में सूचनाओं के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया।

## महाराष्ट्र में परीक्षा से पहले ही 12वीं का पेपर आउट

**नागपुर।** महाराष्ट्र बोर्ड द्वारा नागपुर में आयोजित 12वीं के रसायन विज्ञान की परीक्षा होने से पहले प्रश्नपत्र के कथित तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस पेपर लीक के एक संदिग्ध मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि परीक्षा में कदाचार का यह मामला बुधवार को एक माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में सामने आया। उनके मुताबिक, एक छात्रा के बार-बार शौचालय जाने से संदेह उत्पन्न हुआ। परीक्षकों ने छात्रा के फोन की जांच की तो पता चला कि परीक्षा शुरू होने से पहले ही एक व्हाट्सएप समूह पर प्रश्नपत्र साझा किया गया था। उसी समूह में संभावित उत्तरों को भी साझा किया गया था।

## नहर में गिरा सीआरपीएफ का वाहन, 7 जवान घायल

● जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास हुआ हादसा

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वाहन के नहर में गिर जाने से सात जवान घायल हो गए। यह हादसा सुबह डागपोरा-उमरहेयर रोड पर अहमदनगर क्षेत्र में हुआ। बताया गया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण गाड़ी सड़क से फिसलकर नहर में जा गिरी। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया और सभी घायल जवानों को तुरंत श्रीनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी घायलों की हालत स्थिर है। घटना के बाद नहर से सीआरपीएफ वाहन को बाहर निकालने के लिए भी अभियान चलाया गया।

### गांदरबल में सुरक्षा बलों ने निष्क्रिय किया आईईडी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आईईडी को एक बैग में रखकर जिले के सफापोरा इलाके में कोहेस्तान कॉलोनी के पास गुलाब शेख मोहल्ले में सड़क किनारे रखा गया था।

## दक्षिणी नेपाल के रौतहट जिले में कर्फ्यू लागू

**काठमांडू।** दक्षिणी नेपाल में मधेस प्रांत के रौतहट जिले में दो गुटों के बीच हुई झड़पों के बाद तनाव बढ़ने पर कुछ हिस्सों में शनिवार को कर्फ्यू लगा दिया गया। गुरुवार शाम को एक विवाद के बाद दो समुदायों के बीच झड़पें शुरू हुईं, जिसके बाद शुक्रवार और शनिवार सुबह तक जारी रही हिंसा में आठ लोग घायल हो गए। मुख्य जिला अधिकारी दिनेश सागर भुसाल के अनुसार, शनिवार दोपहर एक बजे से जिला मुख्यालय गौर और अन्य हिस्सों में अगले आदेश तक कर्फ्यू लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि यह निर्णय रौतहट जिला सुरक्षा समिति द्वारा लिया गया है। जिला प्रशासन ने कर्फ्यू क्षेत्र में लोगों की आवाजाही, सभाओं, रैलियों और प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है।

## अजित पवार विमान दुर्घटना मामले में साजिश की जांच हो

● विधायक रोहित पवार ने पीएम मोदी और गृहमंत्री को भेजा पत्र

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार ने शनिवार को आरोप लगाया कि बड़े व्यवसायी और नेता 28 जनवरी को पुणे के बारामती में हुए विमान दुर्घटना की जांच में विलंब और उसे नियंत्रित करने की साजिश कर रहे हैं जिसमें उनके चाचा एवं महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत हो गई थी।

दो बार के विधायक पवार ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा है, जिसमें उनसे तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू को हटाने की अपील की गई है, जो सत्ताधारी भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रवादी जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की साझेदार है।

रोहित पवार ने मीडिया से कहा, मैं मोदी जी से आग्रह करता हूं कि नागिरक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के मामले में तुरंत कार्रवाई करें। वीएसआर कंपनी और उनकी पार्टी के बीच रिश्तों पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इन रिश्तों की जांच एक स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से होनी चाहिए। अगर ज़रूरी हो तो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को भी शामिल किया जाना चाहिए। जांच होने तक राम मोहन नायडू को मंत्री पद से इस्तीफा देने को कहा जाए।

## विमान खरीदने पर मरियम नवाज पर साधा निशाना


**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज अपने निजी इस्तेमाल के लिए 11.7 अरब पाकिस्तानी रुपये का एक आलीशान विमान खरीदने के मामले में कड़ी आलोचनाओं का सामना कर रही हैं। स्ट्रैटकॉम ब्यूरो के अनुसार, पंजाब सरकार ने वीआईपी परिवहन के लिए 2019 में निर्मित एक नया गल्फस्ट्रीम जी500 विमान खरीदा है। विमान की अनुमानित कीमत लगभग 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि मरियम नवाज प्रशासन ने प्रस्तावित एयर पंजाब बेड़े के हिस्से के रूप में 19 सीट वाला वीआईपी विमान हासिल किया है। विपक्षी दलों ने मरियम नवाज की विलासितापूर्ण जीवन शैली की कड़ी आलोचना की है।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 11.09 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्विनी 17 .54 तक तत्पश्चात भरणी।


मेष
आज एकाग्र होकर अपनी परेशानियों के विषय में विचार करें। किंतु समस्याओं को किसी बाहरी व्यक्ति से शेयर न करें। आपका मन कुछ नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकता है। परिवार में आपको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।


वृष
आज आपके ऊपर काम का दबाव अचानक से बढ़ सकता है। उधार दिए हुए धन की वापसी को लेकर समस्या हो सकती है। व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार धन लाभ नहीं होगा। पेटदर्द की समस्या हो सकती है। प्रेम संबंधों में टकराव देखने को मिल सकता है।


मिथुन
आज अपनी सेहत को लेकर अत्यधिक सजग रहेंगे। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। मित्रों की सलाह से लाभ होगा। आवश्यक कार्यों को कल पर न टालें। व्यवहार में विनम्रता के कारण लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।


कर्क
आज महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लें। ऑनलाइन व्यवसाय से अत्यधिक लाभ मिल सकता है। राजनीति में आपका रुझान बढ़ सकता है। घर में मेहमान आ सकते हैं। निजी रिश्तों में दूरियां बढ़ने की संभावना है।


सिंह
आज निजी समस्याओं को लेकर आपको शुभचिंतकों से उत्तम सलाह मिल सकती है। व्यापार से आपको अपेक्षित लाभ मिल सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अत्यधिक सक्रिय हो सकते हैं। मन में दूसरे कार्यों के कारण भटकाव हो सकता है।


कन्या
आज उच्च अधिकारियों से आपको प्रशंसा मिलेगी। आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी अच्छी रहने वाली है। दिखावे के चक्कर में आपको नुकसान हो सकता है। वित्तीय मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे।


तुला
आज आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्साहित रहेंगे। कोई विरोधी आपकी प्रशंसा कर सकता है। मन का भय दूर होगा। आप किसी पुराने केस को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है।


वृश्चिक
आज आपको योजनाओं से हटकर काम करना पड़ सकता है। आपके नए मित्र बन सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग अत्यधिक आकर्षित होंगे। पारिवारिक कामों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। अपने शत्रुओं को नजरअंदाज न करें।


धनु
आज अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। अपने ज्ञान के दायरे को बढ़ाने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में अनुशासन कम हो सकता है। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। संतान के व्यवहार से आपका मन आनंदित रहेगा।


मकर
आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक होने की संभावना है। संतान के व्यवहार से मन आनंदित रहेगा। कार्यशैली में बड़ा सुधार कर सकते हैं। उच्च शिक्षा की परेशानियां दूर होंगी। माता-पिता से सलाह लेकर नया काम शुरू करें।


कुंभ
आज आप दूसरों की परेशानियों को समझकर उनकी सहायता करेंगे। कारोबार में आयवृद्धि होगी। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।


मीन
आज आपको धैर्य रखना होगा। कार्यक्षेत्र के वातावरण से असहज हो सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान झेलना पड़ सकता है। व्यवसाय में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।

## सुडोकू -69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |



> यह एक जबरदस्त मैच होने वाला है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका कोई आसान टीम नहीं है, वे पक्का मुकाबला करेंगे। और यह 2024 के वर्ल्ड कप फाइनल का रिपीट है, इसलिए हर कोई इसका इंतजार कर रहा है।
> – रवि शास्त्री


# स्टेडियम

मुरादाबाद, रविवार, 22 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| इंग्लैंड-श्रीलंका | दोपहर 3 बजे |
| भारत-दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### वीनस विलियम्स को इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड मिला

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को अगले महीने दक्षिणी कैलिफोर्निया में होने वाले बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। यह 45 वर्षीय खिलाड़ी 2024 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। उस समय भी उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था लेकिन वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। वीनस तीन बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। उन्होंने 2001 की एक विवादित घटना के बाद 2002 से लेकर 2016 तक इस प्रतियोगिता का बहिष्कार किया था।

### संन्यास के नौ साल बाद वापसी करेंगे मेवेदर

**लॉस एंजिलिस।** दिग्गज मुक्केबाज फ्लॉयड मेवेदर ने कहा है कि वह नौ साल के अपने संन्यास को समाप्त करके इस साल गर्मियों में प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी में वापसी करेंगे। मंगलवार को 49 वर्ष के होने वाले मेवेदर ने 2017 के बाद से कोई पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबला नहीं लड़ा है। तब उन्होंने कॉनर मैकग्रेगर को हराया था। इस मुकाबले के बाद मेवेदर (50-0, 27 नॉकआउट) ने अपने करियर में तीसरी बार संन्यास की घोषणा की थी। पांच बार के पूर्व विश्व चैंपियन मेवेदर का रिंग में कोई सानी नहीं है। उन्होंने अब तक हर पेशेवर मुकाबला जीता है। संन्यास लेने के बाद भी वह प्रदर्शनी मुकाबलों में हिस्सा लेते रहे हैं।

### बांठिया-डोंस्की ने युगल का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सिद्धांत बांठिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी ने दिल्ली ओपन युगल खिताब जीत लिया। एकल ड्रॉ में पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के ओलिवर क्रॉफोर्ड का सामना यूनान के गैर वरीय स्टेफानोस साकेलारिडिस से होगा। बांठिया और डोंस्की ने दूसरी वरीयता प्राप्त भारत के निकी पूनाचा और इंडोनेशिया के प्रूच्या इसारो को 4-6, 6-4, 12-10 से हराया। यह बांठिया के कैरियर का दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब है। उन्होंने दोनों खिताब डोंस्की के साथ ही जीते हैं।

### अर्जेंटीना के एचेवेरी सेमीफाइनल में

**रियो डी जेनेरियो।** अर्जेंटीना के आठवें सीडेड टॉमस मार्टिन एचेवेरी शुक्रवार को पुर्तगाल के जैमे फारिया को 7-6 (7-4), 6-4 से हराकर रियो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। एचेवेरी ने अपने पहले सर्व पर 80% पॉइंट जीते और नौ एस लगाकर जॉकी क्लब ब्रासीलीरो की आउटडोर क्ले कोर्ट पर दो घंटे और चार मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। वर्ल्ड नंबर 147 फारिया अपने पांच ब्रेक पॉइंट मौकों में से किसी को भी भुना नहीं पाए और 21 अनफोर्स्ड गलतियां कीं। एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में एचेवेरी का मुकाबला 87वीं रैंक के विट कोप्रिवा से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल को 6-4, 6-4 से हराया।

# तिलक और सूर्यकुमार को संभालनी होगी जिम्मेदारी

## टी-20 विश्व कप : द. अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 का मैच आज



एडेन मार्करम (कप्तान)

**अहमदाबाद, एजेंसी**

ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीतकर खिताब बचाने की अपनी दावेदारी को मजबूत करने वाली भारतीय टीम को टी20 विश्व कप के सुपर आठ में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की बड़े शॉट खेलने के बजाय स्थिर बल्लेबाजी करने की बदली हुई रणनीति की परीक्षा होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के पास कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, केशव महाराज और एडन मार्करम के रूप में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है जो मौजूदा चैंपियन भारत की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार है।

दोनों टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी और यह देखना बाकी है कि रविवार को कौन सी टीम परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाएगी। भारतीय टीम को ग्रुप चरण में खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन वह इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि उसकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (दो अर्धशतक और 202 का स्ट्राइक रेट) को छोड़कर शीर्ष चार में शामिल अन्य तीन बल्लेबाजों ने अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। अभिषेक शर्मा लगातार तीन मैच में शून्य पर आउट हो चुके हैं और उन्हें टूर्नामेंट में अपने पहले रन का इंतजार है। सूर्यकुमार और तिलक ने हालांकि सूत्रधार की भूमिका निभाई है लेकिन इन दोनों ने ऐसी पिचों पर सहज प्रदर्शन नहीं किया है जहां गेंद रुककर आ रही हो। भारत रन बनाने के लिए हार्दिक पंड्या (स्ट्राइक रेट 155) और शिवम दुबे (स्ट्राइक रेट 178) पर भी काफी हद तक निर्भर रहा है। टीम को इन दोनों ऑलराउंडर से फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अभिषेक के लगातार दो बार ऑफ स्पिनरों के हाथों आउट हुए हैं और इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्क्रम पावरप्ले में ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने का फैसला करते हैं या नहीं। भारतीय टीम के लिए भले ही अभिषेक की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन पहले चरण में तिलक की लचर बल्लेबाजी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

### टीम मैनेजमेंट अभिषेक के लगातार कम स्कोर से परेशान नहीं : कप्तान

**अहमदाबाद।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ओपनर अभिषेक शर्मा का साथ दिया है, जो अभी चल रहे टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, क्योंकि टीम रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पहले सुपर 8 मैच की तैयारी कर रही है। सूर्यकुमार ने साफ किया कि टीम मैनेजमेंट अभिषेक के लगातार कम स्कोर से परेशान नहीं है। भारतीय कप्तान ने बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की काबिलियत पर अपना भरोसा दोहराया और उम्मीद जताई कि टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ ही टॉप रैंक वाला टी20 बल्लेबाज जल्द ही अपनी फॉर्म में वापस आ जाएगा। सूर्या ने कहा मुझे उन लोगों की चिंता है जो अभिषेक के फॉर्म को लेकर परेशान हैं; मुझे उनकी चिंता है। वे अभिषेक के फॉर्म को लेकर इतने परेशान क्यों हैं? लेकिन मैं उन टीमों के बारे में सोचता हूं जो उसके खिलाफ खेलने वाली हैं।

- **दक्षिण अफ्रीका के पास है मजबूत गेंदबाजी आक्रमण, जो लेगा भारत की कठिन परीक्षा**

#### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकलटन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, केशव महाराज, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नार्किया, क्वेना मफाका, जॉर्ज लिंडे, जेसन स्मिथ।

### काली मिट्टी की पिच पर होगा मैच, स्पिन की उम्मीद कम

**अहमदाबाद।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को सुपर आठ चरण का मैच नियमित काली मिट्टी पर खेला जाएगा, जिससे स्पिनरों को शायद मदद नहीं मिले और इससे टीम प्रबंधन के सामने दुविधा हो गई है कि अतिरिक्त स्पिनर को चुने या तेज गेंदबाज का। अक्षर पटेल टीम में वॉशिंगटन सुंदर की जगह ले सकते हैं। डैथ ओवरों में अर्शदीप सिंह की उपयोगिता को देखते हुए भारतीय टीम तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को शामिल करने से पहले काफी सोच विचार करेगी। मोटेरा मैदान पर सभी तीन तरह की पिचें हैं, लाल मिट्टी, काली मिट्टी और मिश्रित मिट्टी की। इस मैच के लिये काली मिट्टी की पिच तैयार की गई है जिससे अच्छा उछाल मिलेगा। इससे घास पूरी तरह से छांट दी गई है। मोटेरा में क्रिकेट खेलते आये गुजरात के एक पूर्व कप्तान ने कहा कि इससे स्पिनरों को टर्न नहीं मिलेगी।



सूर्यकुमार यादव (कप्तान)


# सुपर-8 का पहला मुकाबला बारिश से रद्द

**पल्लेकल, एजेंसी**

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप दो का मैच शनिवार को बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। इससे दोनों टीमों को एक एक अंक बांटना पड़ा। हल्की बूंदाबांदी के बीच पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया था। लेकिन अचानक तेज बारिश होने लगी जिससे मैच रद्द करने का फैसला लेना पड़ा।

पाकिस्तान ने टीम में ख्वाजा नफे की जगह फखर जमां को शामिल किया था। वहीं न्यूजीलैंड टीम में तीन बदलाव किये गए थे। कप्तान मिचेल सेंटनेर पेट के संक्रमण से उबरकर टीम में लौटे जबकि लॉकी फर्ग्यूसन और ईश सोढी को भी अंतिम एकादश में शामिल किया गया। अब पाकिस्तान को 24 फरवरी को इंग्लैंड से खेलना है। न्यूजीलैंड टीम 25 फरवरी को श्रीलंका से खेलेगी।

मैच रद्द होने से न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के लिए राह कठिन हो सकती है जिन्हें सुपर आठ में दो दो मैच और खेलने हैं। श्रीलंका के मौसम को देखते हुए अगर आगे कोई मैच रद्द होता है या हार का सामना करना पड़ता है तो सेमीफाइनल के रास्ते बंद हो सकते हैं।



टॉस के बाद बारिश शुरू होने के कारण मैदान को ढक दिया गया।

- **पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को मिला 1-1 अंक**

### एक हार पड़ सकती है दोनों टीमों के लिए भारी

अगर पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड की टीम अपने अगले दो मैच जीत जाती है तो वह सेमीफ़ाइनल में पहुंच जाएंगे लेकिन एक हार उन्हें तीन अंकों तक सीमित कर सकती है, जिससे उनपर बाहर होने का खतरा बढ़ जाएगा।

# श्रीलंका के खिलाफ पिछली शृंखला के प्रदर्शन से प्रेरणा लेगा इंग्लैंड

**पल्लेकल (श्रीलंका), एजेंसी**

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट से पहले शृंखला में क्लीन स्वीप करने के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने इसी महीने की शुरुआत में श्रीलंका को टी20 शृंखला में 3-0 से हराया था और वह सुपर आठ के मैच में अपने इस प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेगा।

इंग्लैंड का टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन अभी तक प्रभावशाली नहीं रहा है। उसे एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार मिली थी। सह-मेजबान श्रीलंका ने आयरलैंड और ओमान पर जीत के साथ शुरुआत की। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उसे आठ विकेट से हराया। लेकिन गुरुवार को कोलंबो में अपने आखिरी ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे से हारने के बाद श्रीलंकाई टीम की लय बिगड़ गई। दोनों टीमों के लिए यह एक नई शुरुआत होगी, जिसमें श्रीलंका घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। दूसरी तरफ इंग्लैंड उस स्थान पर अपनी लय वापस हासिल करने की कोशिश करेगा जहां उसने कुछ दिन पहले अच्छा प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड ने लीग चरण के अपने सभी मैच भारत में खेले हैं और श्रीलंका लौटकर खुश होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़ने वाले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। वह इस टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले तीन खिलाड़ियों में से एक हैं।





श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका और इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक।

#### टीम

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रुक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, ल्यूक वुड।

**श्रीलंका :** दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, पथुम निसांका, कुसल परेरा, पवन रत्नायके, चैरिथ असालंका, दुशान हेमंथा, जेनिथ लियानगे, कामिंदु मेंडिस, दुशमंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, प्रमोद मदुशन, महीश तीक्षाना, डुनिथ वेललागे।

# टी-20 शृंखला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक जीत

**एडिलेड, एजेंसी**

भारत ने उप कप्तान स्मृति मंधाना (82 रन) और करिश्माई बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स (59 रन) के बीच शतकीय साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को यहां निर्णायक तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 17 रनों से शिकस्त देकर इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक दशक में पहली द्विपक्षीय टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला अपने नाम की।

मंधाना (55 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के) और रोड्रिग्स (46 गेंद में चार चौके) ने मिलकर 121 रन की साझेदारी निभाकर भारत को छह विकेट पर 176 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। फिर भारतीय गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की जिसमें युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल (22 रन देकर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाली रेणुका सिंह (29 रन देकर एक विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए स्कोर तीन विकेट पर 32 रन कर दिया।

इन शुरुआती झटकों ने भारत के दबदबे भरे प्रदर्शन की शुरुआत की और अंत में उसने मेजबान टीम को 20 आवेर में नौ विकेट पर 159 रन पर रोककर टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में 2-1 से यादगार जीत दर्ज की। इस तरह भारत ने 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला जीती। बाएं हाथ की युवा स्पिनर श्री चरणी (तीन विकेट) ने भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाते हुए तीन विकेट प्राप्त किए।



जीत का जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

### जेमिमा के रवैये से लय हासिल करने में मिली मदद: मंधाना

**एडीलेड।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि जेमिमा रौड्रिग्स के साहसी रवैये से उन्हें धीमी शुरूआत के बाद लय हासिल करने में मदद मिली जिसके दम पर भारत ने आस्ट्रेलिया को तीसरे टी20 मैच में शनिवार को 17 रन से हराया। मंधाना ने 82 रन बनाये जबकि जेमिमा ने 59 रन की पारी खेली और दोनों ने 121 रन की साझेदारी करके भारत को छह विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने आस्ट्रेलिया को नौ विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। मंधाना ने मैच के बाद कहा जब वह आई तब मैं 16 गेंद पर 15 रन बनाकर खेल रही थी। उसने आकर तीन चार चौके लगाये और मुझे लय हासिल करने के लिये समय मिल गया। उन्होंने कहा ये छोटी छोटी चीजें हैं जिन पर ध्यान नहीं जाता।

**कलह**

**विश्व कप न खेलने का मलाल, बोले-तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया गया**

# पूर्व खेल सलाहकार पर भड़के बांग्लादेश के सहायक कोच

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने पूर्व खेल सलाहकार आसिफ नजरुल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और मौजूदा टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी के संबंध में अपना रुख बदल दिया। सलाहुद्दीन ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के फैसले को स्वीकार करना बेहद मुश्किल था। उन्होंने दावा किया कि टीम के दो सदस्य मानसिक रूप से बुरी तरह टूट गए थे।

नजरुल ने शुरू में यह दावा किया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत की यात्रा न करने का फैसला सरकार ने लिया था। लेकिन अपने पद से इस्तीफा देने के बाद वह इससे मुकर गए और उन्होंने कहा था कि यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और खिलाड़ियों ने लिया था।



सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन।

सलाहुद्दीन ने पत्रकारों से कहा उन्होंने सरासर झूठ बोला। मैं भी एक शिक्षक हूं और शिक्षक आम तौर पर कम झूठ बोलते हैं। वह इस तरह खुलेआम झूठ बोलेंगे। मैं सचमुच इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। मैं खिलाड़ियों को अपना चेहरा कैसे दिखाऊंगा। उन्होंने तो एकदम यू-टर्न ले लिया। सलाहुद्दीन ने कहा कि फैसला लेने में खिलाड़ियों की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा, वह ढाका विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं। मेरे देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान का कोई व्यक्ति इस तरह का झूठ बोल रहा है। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। हम इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं। उन्होंने पहले कुछ कहा और बाद में अपने बयान से पलट गए। बांग्लादेश ने अपने मैच खेलने के लिए भारत आने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में उसकी जगह शामिल किया गया था। सलाहुद्दीन ने कहा कि टी20 विश्व कप से बाहर किए जाने के बाद खिलाड़ी बेहद निराश थे। उन्होंने कहा विश्व कप में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है और उनका सपना एक पल में चकनाचूर हो गया। मैं जानता हूं कि हमारे दो खिलाड़ी पांच दिन तक सदमे में रहे। वे पूरी तरह से टूट चुके थे।

### आईसीसी का राजस्व मॉडल है प्रतिकूल : नीदरलैंड्स

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड के सदस्य राशिद शाह का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मौजूदा वाणिज्यिक मॉडल एसोसिएट देशों के प्रतिकूल है क्योंकि इसमें अधिकांश हिस्सा टेस्ट खेलने वाले देशों को दिया जाता है। वर्ष 2024 से 2027 तक के चक्र में आईसीसी के राजस्व का लगभग 40 प्रतिशत यानी अनुमानित 231 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष भारत को मिलेगा। आईसीसी अपने राजस्व का सबसे बड़ा हिस्सा भारत से हासिल करता है जिसमें मीडिया अधिकार प्रमुख हैं। शाह ने हालांकि बीसीसीआई की उपलब्धियों और योगदान की प्रशंसा की।